राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

RNI.No. UPHIN/2019/79073

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करे 9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | 9511151254 | epaper.swatantraprabhat.com | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, सोमवार , 31 मार्च 2025

वर्ष 06, अंक 181, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

दिखा ईद का चांद, खुशियों एवं भाई चारे का प्रतीक त्यौहार ईद आज ..03

लखनऊ नगर निगम की राजस्व वसूली में बड़ा उछाल....12

# जमशेदपुर एनकाउंटर में मुख्तार अंसारी का मोस्ट वांटेड शूटर ढेर

## फरार के बाद से झारखंड में बना रखा था ठिकाना



**ब्यूरो प्रयागराज।** यूपी एसटीएफ और झारखंड पुलिस की संयुक्त टीम ने जमशेदपुर में हुए एक एनकाउंटर में मुख्तार अंसारी गिरोह के कुख्यात अपराधी अनुज कनौजिया को मार गिराया है. अनुज कनौजिया उत्तर प्रदेश से फरार होकर झारखंड के जमशेदपुर में छिपकर रह रहा था. अनुज पर हत्या, लूट, रंगदारी और गैंगस्टर सहित दो दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज थे मुठभेड़ में मारा गया बदमाश कुख्यात अपराधी था. उस पर हत्या, लूट, रंगदारी और गैंगस्टर जैसे 23 संगीन मुकदमे मऊ-गाजीपुर समेत कई जिलों में दर्ज थे. यूपी के अलावा बिहार-झारखंड समेत कई राज्यों में उसने आपराधिक घटनाओं को अंजाम दिया था. वह कई साल से फरार चल रहा था। यूपी पुलिस को यह जानकारी मिली थी कि अनुज कनौजिया फिलहाल झारखंड के जमशेदपुर में रह रहा है. यूपी एटीएस के अधिकारियों ने बताया कि लोकेशन मिलने के बाद झारखंड एटीएस की सहायता से अनुज को गिरफ्तार करने के लिए टीम शनिवार की देर रात जमशेदपुर के गोविंदपुर के पास स्थित जनता मार्केट पहुंची थी। यूपी पुलिस और झारखंड पुलिस ने घेराबंदी की तो अनुज ने फायरिंग शुरू कर दी. पुलिस ने उसे बाहर निकलने के लिए चेतावनी दी लेकिन वह लगातार पुलिस पर गोलियां चलाता रहा. इसके बाद यूपी पुलिस ने पहले अनाउंसमेंट कर उसे सरेंडर करने को कहा, इस पर उसने एक बार फिर से अपने घर की खिड़की से फायरिंग शुरू कर दी. फायरिंग में उत्तर प्रदेश पुलिस के डीएसपी धर्मेंद्र कुमार शाही को गोली लग गई. इसके बाद पुलिस ने जवाबी फायरिंग की, जिसमें शूटर अनुज मारा गया। अनुज कन्नौजिया मुख्तार अंसारी गैंग का सक्रिय सदस्य था. वह गैंग के लिए शूटरों की भर्ती करने के साथ हत्याओं की साजिश भी रचता था। हथियारों का शौकीन भी था. वह दोनों हाथ में पिस्टल लेकर एक साथ फायर करता था। अपने ठिकाने बदलने की वजह से वह अब तक बचता चला आ रहा था. अनुज कद में छोटा था, लेकिन जरायम की दुनिया में उसका खौफ काफी बड़ा था। मुख्तार अंसारी के अच्छे दिनों में अनुज के भी मजे थे. वह मुख्तार का काफी भरोसेमंद था. वर्ष 2012 में अनुज गोरखपुर जिला कारागार में बंद था. मुख्तार के बुरे दौर की शुरुआत होने के बाद से ही अनुज की भी मुसीबत बढ़ गई। वह STF से बचने की पूरी कोशिश करता रहा। ठिकाने बदलकर लगातार चकमा देता रहा। अनुज की पत्नी रीना राय मऊ जेल में बंद है। उसके साथ उसके 2 बच्चे भी हैं। अनुज से उसकी शादी के पीछे की कहानी थोड़ी फिल्मी है। दरअसल रीना को कोई युवक परेशान करता था। उसने अनुज से इसकी शिकायत की. इसके बाद अनुज ने उस युवक को गोली मार दी. इससे रीना अनुज को पसंद करने लगी. इसके बाद परिवार के खिलाफ जाकर उससे शादी भी कर ली. शादी के दौरान अनुज जेल में ही था. पुलिस कस्टडी में ही उसकी शादी कराई गई थी.शादी के बाद पति के जेल में होने के कारण रीना ही उसके अवैध धंधों को संभालने लगी. साल 2023 में रंगदारी के मामले में पुलिस ने रीना को झारखंड के रांची से गिरफ्तार किया था. अनुज कनौजिया पर पहले एक लाख रुपये का इनाम था. बीते गुरुवार को ही डीजीपी कार्यालय ने इनाम की राशि बढ़ाकर ढाई लाख रुपये कर दी थी.। अनुज कनौजिया का आपराधिक इतिहास बहुत लंबा है. पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, उस पर मऊ जिले के कोतवाली थाने में सबसे ज्यादा 6 मुकदमे दर्ज हैं. इसके अलावा रानीपुर में 5, दक्षिण टोला में 2 और चिरैयाकोट में 3 मुकदमे दर्ज हैं. गाजीपुर और आजमगढ़ में भी उसके खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। ठेके के विवाद में इंजीनियर को भी मार डाला था ~ 28 मार्च 2024 में मुख्तार अंसारी की मौत हो गई थी. अब एक साल बाद एसटीएफ ने मुख्तार के दाहिने हाथ रहे अनुज को ढेर कर दिया. इसके बाद एक बार फिर से अनुज के अपराधों को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। एक दौर में अनुज का मऊ में काफी खौफ था। वर्ष 2009-10 के दौरान उसने ठेके को लेकर एक इंजीनियर की भी हत्या कर दी थी। अनुज कनौजिया साल 2016 तक गोरखपुर जेल में बंद रहा. इसके बाद मेरठ भेज दिया गया. यहां उसकी जमानत हो गई. साल 2019 में मऊ में ही एक और हत्या में अनुज आरोपी था. इस मामले मुख्यार अंसारी पर भी मुकदमा दर्ज किया गया था. इसके बाद से अनुज फरार चल रह था. कोर्ट के आदेश पर साल 2021 में बहलोलपुर नवापुरा में मौजूद उसकी संपत्ति को भी कुर्क कर लिया गया था। एसटीएफ चीफ अमिताभ यश ने बताया कि उत्तर प्रदेश स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने झारखंड पुलिस के साथ मिलकर जमशेदपुर में शूटर अनुज को मार गिराया. वह मऊ जिले के चिरैयाकोट थाना क्षेत्र के बहलोलपुर गांव का रहने वाला था। एनकाउंटर की अगुवाई एसटीएफ के डिप्टी एसपी डीके शाही ने की. मुठभेड़ में उन्हें भी गोली लगी है। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। 5 साल से अनुज की तलाश की जा रही थी।

# रिटायर्ड जस्टिस निर्मल यादव 17 साल बाद सीबीआई कोर्ट ने किया बरी





स्वतंत्र प्रभात

पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट की पूर्व जज निर्मल यादव को भ्रष्टाचार के मामले में बरी कर दिया गया है। चंडीगढ़ की स्पेशल सीबीआई कोर्ट ने 17 साल पुराने मामले में फैसला सुनाया। 2008 में सीबीआई ने मामला दर्ज किया था। 2010 में जस्टिस यादव का ट्रांसफर उत्तराखंड हाई कोर्ट में किया गया था। चंडीगढ़ की एक विशेष सीबीआई अदालत ने शनिवार को पूर्व जस्टिस निर्मल यादव को 17 साल पुराने भ्रष्टाचार के मामले में बरी कर दिया। पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट की पूर्व जस्टिस के अलावा सीबीआई अदालत ने मामले में 3 अन्य आरोपियों रविंदर सिंह भसीन, राजीव गुप्ता और निर्मल सिंह को भी बरी करने के आदेश दिए। मामला अगस्त 2008 में सामने आया था। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (CBI) द्वारा गुरुवार को फैसला सुरक्षित रख लिया गया था। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अलका मलिक की विशेष अदालत ने आरोपियों और अभियोजन पक्ष के अंतिम तर्कों को सुना। इसके बाद कोर्ट ने फैसला सुनाने के लिए 29 मार्च की तिथि मुकर्रर की थी। जस्टिस निर्मलजीत कौर उस समय पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट की जज थीं। उनके घर में 15 लाख रुपये भेजे गए थे। यह बैग उनके कर्मचारी ने चंडीगढ़ पुलिस के हवाले किया था। बाद में मामले की जांच सीबीआई को सौंपी गई थी। अभियोजन पक्ष के अनुसार यह राशि हरियाणा के पूर्व अतिरिक्त महाधिवक्ता संजीव बंसल के क्लर्क द्वारा निर्मल यादव के लिए भेजी गई थी। दोनों जजों के नामों में समानता के कारण कैश गलती से जस्टिस निर्मलजीत कौर के घर पहुंच गया था। 2010 में जस्टिस यादव को उत्तराखंड हाई कोर्ट में ट्रांसफर किया गया था। यहां से सेवानिवृत्त होने से एक साल पहले उनके और दूसरे आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया गया था। 2014 में मामले में स्पेशल कोर्ट ने 5 आरोपियों के खिलाफ आरोप तय किए थे। 2016 में मोहाली में संजीव बंसल की मौत हो गई थी। इसके चलते जनवरी 2017 में उनके खिलाफ केस बंद कर दिया गया था। जस्टिस कौर ने 2016 में गवाही के दौरान कहा था कि उनके चपरासी अमरीक ने आकर कहा था कि मैडम दिल्ली से कुछ दस्तावेज आए हैं। मैंने जैसे ही पैकेट को फाड़ा, उसमें कैश निकला था। बिना देर किए मैंने कहा था कि पकड़ो, इसको कौन लाया है

**मामले में 69 लोगों ने दी गवाही**

इसी दौरान संजीव बंसल ने कॉल करके कहा कि यह कैश उनके घर गलती से पहुंचा था। यह जस्टिस निर्मल यादव के लिए था, तब तक चंडीगढ़ पुलिस को सूचना दी जा चुकी थी। अभियोजन पक्ष ने मामले में 84 गवाह तय किए थे, जिनमें से 69 लोगों ने गवाही दी। इस साल फरवरी में 12 गवाहों की हाई कोर्ट ने सीबीआई से दोबारा जांच करने को कहा था। जस्टिस यादव को 1975 में पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय की बार काउंसिल के सदस्य के रूप में नामांकित किया गया था। 1986 में वे अतिरिक्त जिला और सत्र न्यायाधीश के रूप में चयनित हुई थीं। 2000 से जनवरी 2002 वे हाई कोर्ट की रजिस्ट्रार रहीं। 5 नवंबर 2004 को उन्होंने उच्च न्यायालय में जज के तौर पर शपथ ली थी।

## संक्षिप्त ख़बरें

### प्रयागराज में दिखा ईद का चांद,आज मनेगी ईद।

**ब्यूरो प्रयागराज।** चांद दिखने के बाद अब देश के तमाम दूसरे हिस्सों की तरह



प्रयागराज में भी कल सोमवार को मनाया जाएगा ईद उल फितर का त्यौहार। चांद दिखने के बाद लोगों ने पटाखे फोड़े और आतिशबाजी की है। गले मिलकर एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी है।

### आग लगने से 130बीघा गेहूं की फसल जल कर राख

**सिद्धार्थनगर ।** इटवा तहसील क्षेत्र के सुहेलवा चरखवा गांव में शनिवार रात जर्जर विद्युत तार के चिंगारी से गेहूं की फसल में आग लग गई।ग्रामीण जब तक आग पर काबू पाते तब तक लगभग तीस बीघा गेहूं जल कर राख हो चुका था ।ग्राम प्रधान इरशाद अहमद और युवा नेता मनीष सिंह क्रांतिकारी ने



दमकल विभाग को सूचना दी।दमकल के पहुंचने से पहले ग्रामीणों के कड़ी मेहनत के कारण आग बुझाई जा चुकी थी।इस बीच अचल,विंदेश्वरी,कपिल और वाजिद के फसल जल कर राख हो गए।ग्रामीणों का कहना है कि लोकल लाइनमैन के चलते आग जानी की घटना हुई है।हल्का लेखपाल सच्चिदानंद मिश्र ने बताया कि सर्वे किया जा रहा है,इसकी रिपोर्ट प्रशासन को सौंपी जाएगी। उधर शोहरतगढ़ तहसील क्षेत्र के पिकौरा और मदरहिया के सीवान में अज्ञात कारणों से गेहूं की खड़ी फसल में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे करीब डेढ़ दर्जन से अधिक किसानों की सौ बीघे से अधिक फसल जलकर राख हो गई।

# जिला पंचायत सदस्य अकालबुन व प्रतिनिधि बब्बू चौधरी पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज

## साजिश एवं धोखाधड़ी, जालसाजी, जान से मारने की धमकी का मुकदमा थाना गैड़ास बुजुर्ग में दर्ज हुआ है।

स्वतंत्र प्रभात

**उतरौला (बलरामपुर)।** गैड़ास बुजुर्ग थाना क्षेत्र के ग्राम चिचूड़ी सहंगिया निवासी वसीउद्दीन उर्फ बब्बू चौधरी, निजामुद्दीन, फसीहुद्दीन, वजीउद्दीन, रहीमुद्दीन, अकालबुन, शोएब अहमद, अबू कलाम, लल्लूराम समेत नौ लोगों पर साजिश एवं धोखाधड़ी, जालसाजी, जान से मारने की धमकी का मुकदमा थाना गैड़ास बुजुर्ग में दर्ज हुआ है। क्षेत्र के ही ग्राम टेढ़वा तप्पा बांक महुआ बाजार निवासी नवाब खान ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर बताया था कि इन लोगों ने पीड़ित के हिस्से की जमीन से अपने अंश की जमीन से अधिक जमीन का फर्जी बैनामा कर दिया है। और अब यह लोग मिलकर पीड़ित की जमीन पर जबरन कब्जा करके पीड़ित को ही बेदखल करने पर आमादा हैं। नवाब खान ने कहा कि विपक्षीगण भूमाफिया एवं अराजक प्रवृत्ति के लोग हैं। पीड़ित को गाली गुप्ता देने के साथ जान से मारने की धमकी भी दे रहे हैं। वसीऊद्दीन चौधरी उर्फ बब्बू पुत्र अलीहसन के विरुद्ध वर्ष 2019 तथा 2020 में अपराधिक घटनाओं को अंजाम सम्बंधी विविधि धाराओं में अभियोग पंजीकृत किए गए थे। आज भी अपराध को अंजाम देता रहता है। भारतीय दंड विधान के अध्याय 16, 17 व 22 में वर्णित अपराध का अभ्यस्त अपराधी है इसकी सामान्य ख्याति दुस्साहसिक और जन समुदाय के लिए खतरनाक व्यक्ति होने की है। इसकी आपराधिक गतिविधियों के चलते कोई भी व्यक्ति इसके विरुद्ध साक्ष्य देने एवं अभियोग पंजीकृत करने का साहस नहीं करता है।




# आई एफ एफ डी सी द्वारा संचालित बीज विधायन संयंत्र मैगलगंज का प्रबंध निदेशक ने लिया जायजा



स्वतंत्र प्रभात

**ब्यूरो प्रयागराज।** आई एफ एफ डी सी द्वारा संचालित बीज विधायन संयंत्र मैगलगंज का प्रबंध निदेशक डॉ उदय शंकर अवस्थी ने लिया जायजा। परियोजना प्रबंधक आर के द्विवेदी द्वारा प्रगति की जानकारी दी गई। प्रबंध निदेशक द्वारा बीज उत्पादन हेतु आई एफ एफ डी सी के कार्यो की प्रशंसा की तथा संस्था के कर्मियों को बधाई दिया।इस दौरान बीज उत्पादन से जुड़े 70 से अधिक किसानों ने स्वागत किया।प्रबंध निदेशक ने नैनो उर्वरक प्रयोग कर रहे किसानों से वार्ता किया और खुशी जाहिर करते हुए किसानों को फूलपुर प्लांट का भ्रमण करने हेतु निर्देशित किया।

## बड़ा घोटाला

### भीटी ब्लॉक के नरहरपुर गांव में बनाए जा रहे सरकारी नलकूप संख्या 252 एजी में बड़े पैमाने पर घटिया निर्माण हो रहा है

# सरकारी नलकूप निर्माण में बड़ा घोटाला घटिया सामग्री से हो रहा काम

स्वतंत्र प्रभात

**अंबेडकर नगर।** सरकार किसानों की भलाई के लिए सिंचाई योजनाओं पर करोड़ों रुपए खर्च कर रही है, लेकिन भ्रष्टाचारियों ने इस पर भी सेंध लगा दी है। भीटी ब्लॉक के नरहरपुर गांव में बनाए जा रहे सरकारी नलकूप संख्या 252 एजी में बड़े पैमाने पर घटिया निर्माण हो रहा है। ग्रामीणों की शिकायत के बावजूद अधिकारी और ठेकेदार मिलकर सरकार की योजनाओं को पलीता लगा रहे हैं।



**पीली ईट और सफेद बालू से दीवारें खड़ी**

नलकूप निर्माण में सरकारी मानकों को दरकिनार कर दिया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि दीवारों में मजबूत लाल ईंट की बजाय कमजोर पीली ईंटों का इस्तेमाल किया जा रहा है। इतना ही नहीं, निर्माण में मोरंग की जगह सफेद बालू मिलाकर दीवारों को तैयार किया जा रहा है, जिससे पूरी संरचना कमजोर हो जाएगी। ग्रामीणों का कहना है कि यह निर्माण महज दिखावे के लिए किया जा रहा है, जो कुछ ही महीनों में धराशायी हो सकता है।

**कम कर दी गई कमरे की लंबाई-चौड़ाई**

नलकूप के लिए बनाए जा रहे कमरे का आकार भी तय मानकों से छोटा कर दिया गया है। सवाल उठता है कि जब सरकार ने नलकूप निर्माण के लिए पर्याप्त बजट जारी किया है, तो फिर निर्माण में कटौती क्यों की जा रही है? ग्रामीणों का आरोप है कि यह सब अधिकारियों और ठेकेदारों की मिलीभगत से किया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक पैसा बचाकर हड़पा जा सके।

**शिकायतों पर भी नहीं हो रही कार्रवाई**

ग्रामीणों ने जब इस घोटाले की शिकायत जूनियर इंजीनियर (छ्व्श्व) से की, तो उन्होंने कोई संज्ञान नहीं लिया। यही नहीं, जब मीडिया ने इस मामले में छ्व्श्व से संपर्क करने की कोशिश की, तो उन्होंने फोन तक नहीं उठाया। इससे साफ जाहिर होता है कि पूरा सिस्टम इस भ्रष्टाचार में लिप्त है और जिम्मेदार अधिकारी सवालों से बच रहे हैं।

**सरकार की सख्ती के बावजूद क्यों हो रहा भ्रष्टाचार?**

योगी आदित्यनाथ की सरकार भ्रष्टाचार पर ज़ीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर अधिकारी और ठेकेदार बेखौफ हैं। नरहरपुर गांव में सरकारी नलकूप का यह घटिया निर्माण सरकार की छवि खराब करने की साजिश भी हो सकता है। अगर समय रहते इस पर कार्रवाई नहीं हुई तो सरकारी धन की बर्बादी के साथ ही किसानों की उम्मीदों पर भी पानी फिर जाएगा।

**ग्रामीणों की मांग – हो उच्च स्तरीय जांच**

ग्रामीणों ने इस मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। उनका कहना है कि घटिया सामग्री से बने इस नलकूप की गुणवत्ता की तुरंत जांच कराई जाए और जो भी अधिकारी या ठेकेदार दोषी पाए जाएं, उन पर कड़ी कार्रवाई की जाए। अगर जल्द ही इस पर कोई कदम नहीं उठाया गया तो ग्रामीण विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस घोटाले पर क्या कार्रवाई करता है, या फिर भ्रष्टाचारियों को खुली छूट मिलती रहेगी।

### प्रयागराज में हॉस्टल के चौथी मंजिल से कूदकर बीटेक के छात्र ने दी जान!

**प्रयागराज।** शहर के झलवा स्थित ट्रिपलआईटी के छात्रावास की चौथी मंजिल से बीटेक के छात्र ने कूदकर जान दे दी। बीस वर्षीय यह छात्र राहुल मडला तेलंगाना का रहने



वाला था और बीटेक इन्फार्मेशन टेक्नालॉजी प्रथम वर्ष का छात्र था। राहुल मूक और बधिर था। उसने रात करीब डेढ़ बजे छात्रावास की चौथी मंजिल से छलांग लगा दी। इसके बाद छात्रावास में हड़कंप मच गया। संस्थान के तमाम शिक्षक और अधिकारी मौके पर पहुंच गए। घटना के बाद छात्रों ने काफी हंगामा किया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने पहुंचकर छात्रों को समझाया। छात्र के कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। छात्र ने किन परिस्थितियों में यह कदम उठाया इसका पता नहीं चल सका है।

# संक्षिप्त ख़बरें

## तीन माइनरों को राप्ती नहर से जोड़ने की मांग

**बलरामपुर।** पचपेड़वा विकासखण्ड के अन्तर्गत चित्तौडगढ़ जलाशय से जुड़ा पचपेड़वा रजडेरवा तथा विशुन पुर टनटनवा माइनरों को राप्ती नहर से जोड़ने की मांग ग्रामीणों ने की है क्षेत्र वासी रामगुलाम यादव भल्लू चौधरी, कल्लू अमरीका, ग्रीष चंद्र पाण्डेय, उमेश कुमार ओमपाल, रामकिशुन, रामसनेही, सकील सहित दर्जनो लोगों ने बताया कि नहरों में टेल से सिंचाई की शुरुआत हो ऐसा नियम है।परंतु चित्तौड़गढ़ जलाशय से पचपेड़वा विशुनपुर टनटनवा तथा रजडेरवा माइनरों के लगभग एक सैकड़ा से अधिक गावों की दूरी अधिक होने के कारण सिंचाई ही नही होती है। रजडेरवा माइनर से जुड़े रजडेरवा मनकापुर। लालपुर शिवपुर भगवानपुर औरहवा मानपुर तथा विशुन?पुर टनटनवा माइनर से जुडे गांव मदरहवा भग्गौर सिसहानिया तिलकहनी तथा पचपेड़वा मुख्य नहर से जुड़े गांव बरगदवा सैफ मोतीनगर वङ्?गौ नरायनापुर जुड़वनियां मनोहरा पुर सहित एक सैकडा) से अधिक गांव ऐसे है जहाँ की खेती वर्षा पर ही आधारित है और शेष समयमें किसान पानी के लिए तरस जाते हैं वहीं चित्तौड़गढ़ जलाशय से ही जुड़े हेड के गांवों की सिंचाई होने से किसान समृद्ध है जब कि राप्ती नहर में प्राय~पानी चला करता है और आगे जाकर नदी नालों में गिरकर बेकार हो जाता है। किसानों ने दो वर्ष पूर्व यह मांग शुरु किया था परन्तु शासन प्रशासन ने एक नही सुना। दो वर्ष पूर्व जल शक्ती मंत्री स्वतन्त्र देव सिंह विलोहा वनकसिया में आये थे किसानों ने उनके हाथ में मांग पत्र दिया था। बाद में मांग पत्र को सम्बन्धित विभाग को न भेजकर पुलिस विभाग को भेज दिया। जिसमें पुलिस विभाग ने रिपोर्ट लगा दिया कि यह विषय सिंचाई विभाग का है इसका पुलिस से। कोई सम्बन्ध नही है

## महिलाओं ने कलश यात्रा निकालकर पहाड़ी धोबहा नाले में भरा जल



**जरवा(बलरामपुर)।** जरवा क्षेत्र के मुक्तेश्वर नाथ महादेव मंदिर जनकपुर में नौ दिवसीय संगीतमई श्रीराम कथा तथा नवरात्रि प्रारंभ पर भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। देवीपाटन पीठाधीश्वर महंत मिथलेश नाथ योगी ने हरी झंडी दिखाकर कलश यात्रा को रवाना किया। कलश शोभायात्रा जनकपुर से लगभग 3 किलोमीटर की दूरी तय कर धोबाहा नाला पर पहुंची, जहां विद्वान पंडितों के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश में जल धारण किया गया। शोभायात्रा में गाजे के साथ महिलाओं और बच्चों के नृत्य भी शोभा बढ़ा रहे थे। कलश यात्रा वापसी के दौरान भीड़ और बढ़ गई। शोभायात्रा जुलुस गांव के चारों तरफ परिक्रमा करते हुए जनकपुर मंदिर के यज्ञ स्थल पर पहुंचा, कलश में गंगाजल भरकर स्थापित कर दिया गया। पीर रत्न नाथ सेवा समित के अध्यक्ष सुनील कनौजिया ने बताया कि श्रीराम कथा 30 मार्च से 7 अप्रैल तक चलेगा। इस दौरान शाम 7~00 बजे से 10 बजे तक मशहूर कथावाचक सर्वेश महाराज की श्रीराम कथा होगी। बताया कि कथा में शामिल श्रद्धालुओं के लिए लंगर की भी व्यवस्था की गई है। कलश शोभायात्रा में सावित्री देवी,तारा देवी,सीमा देवी,सुनील कनौजिया,लाले यादव,संतोष गुप्ता,लड्डू जायसवाल, इंद्रजीत साहू समेत सैकड़ों श्रद्धालु शामिल थे। सुरक्षा की दृष्टि में स्थानीय कोतवाली प्रभारी निरीक्षक गोविंद कुमार उप निरीक्षक जीउत यादव, उप निरीक्षक महेंद्र नाथ सिंह, विजय विश्वकर्मा, अरविंद कुमार, नीलम यादव, अंजलि लक्ष्मी मौके पर मौजूद रहे।

## एक बार फिर बस्ती में बीआरपी चयन प्रक्रिया पर उठे सवाल, जिलाधिकारी से ही शिकायत



**बस्ती।** बस्ती जनपद में बीआरपी पद हेतु चयन प्रक्रिया का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। पिछली बार चयन प्रक्रिया में हुई धाधली को लेकर शिकायतो की जांच करने पर 16 लोग दोषी पाए गए थे। उसके बाद भी नई चयन प्रक्रिया में पुनः उन्हीं गलतियों को दोहराते हुए दोषियों का चयन करने का आरोप चयन समिति के सचिव पर लगाया गया है। शिकायत कर्ता रामनिवास गिरी पुत्र संतराज, रामबहोर पुत्र पुत्र बृजलाल, ध्रुवचंद्र उपाध्याय पुत्र रामसोहरत उपाध्याय, राजेंद्र प्रताप वर्मा पुत्र राम तेज वर्मा के द्वारा जिलाधिकारी बस्ती दी गई शिकायत में आरोप लगाया है कि चयन समिति द्वारा सही जवाब देने वाले आवेदकों का चयन न करके अपने मन माफिक लोगो का चयन कर लिया गया है।जिसमें पिछली बार जांच में दोषी पाए गए लोगों का चयन दुबारा से कर लिया गया। इस विषय की शिकायत करते हुए शिकायत कर्ताओं ने जिलाधिकारी से जिलाविकास अधिकारी की भूमिका का भी जांच करवाने की मांग की है।

# किसानो का गेहूं काटना बना जी का जंजाल

**● पचपेड़वा में फायर स्टेशन स्थापित करने की मांग**

स्वतंत्र प्रभात



**बलरामपुर।** पचपेड़वा थाना क्षेत्र में गेहुं का फसल काटना और युद्ध लड़?ना बराबर सिद्ध हो रहा है। फायर स्टेशन न होना किसानो के लिये विकट स्थिति उत्पन्न कर रहा है। प्राप्त स?माचार के अनुसार बीते गुरुवार को पचपेड़वा थाना क्षेत्र के रेहरा गांव में गेहू के फसल में अज्ञात कारणों से आग लग गई। कई गावों के ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। इसी प्रकार शुक्रवार को मल्दा गांव में गेहूँ काटते समय कांम्बाइन में आग लग गई और उसके चारो टायर में आग पकड़ लिया टॉयर व गेंहू के खेत धू धू कर जलने लगे गांव वालों ने बोरिंग व गांव में मौजूद फायर सिस्टम तथा स्वयं को कुंआ पोखरा से पानी लाकर आग पर काबू पाया। इसी प्रकार गनवरिया गांव के पूरब शुक्रवार की सायं गेहूँ के खेत में आग लग गई। कई गांव के लोगों ने काफी पारिश्रम कर आग पर काबू पाया। इसी दिन थाना क्षेत्र पचपेड़वा रमवापुर गांव गेहू के खेत में आग लगने से पूर्व प्रधान धनीराम का एक एकड़ से अधिक फसल जलकर राख हो गयी इसी दिन चन्दनपुर के जंगल में आग लग गई सूचना मिलने पर तुलसीपुर से फायर ब्रिगेड ने आकर आग बुझाया। फायर ब्रिगेड के वापस जाते ही कुकुर भुकवा गांव के पूरब जंगल में आग पकड़ लिया। वन विभाग के प्रयास से शनिवार की सुबह तक बुझ पाया। इसी दिन शुक्रवार को सोनपुर गांव के करीब गिरगिटीया नाले के पास जंगल में आग लग गई। वन विभाग व ग्रामीणों ने प्रयास कर आग पर काबू पाया। फायर स्टेशन तुलसीपुर होने के कारण लम्बी दूरी से फायर ब्रिगेड के आने समय लगता है। तब तक आग पर काबू पाने के लिए ग्रामीणों के परिश्रम व बुध्दिमानी का ही सहारा होता है। क्षेत्र वासी विजयपाल प्रजापति सतीश मिश्रा प्रधान गड़ रोहित गुप्ता, गुड्डू चौधरी, सन्तोष सिंह कोटे, सहित सैकड़ों लोगों ने पचपेड़वा में फायर स्टेशन स्थापित करने की मांग की है।

## बसंत लाल स्मारक इंटर कॉलेज में अंक पत्र वितरण समारोह सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात





**जरवा बलरामपुर** बसंत लाल स्मारक इंटर कॉलेज, बालापुर में अंक पत्र वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर 105 वर्षीय वीरू यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह में छात्र-छात्राओं के साथ उनके अभिभावक व विद्यालय के शिक्षकगण भी मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्य शब्बीर हसन, मुख्य अतिथि वीरू यादव और शैक्षणिक व्यवस्थापक वैभव गोयल द्वारा बाबा बसंत लाल एवं मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। इसके बाद मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। विद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सिल्वर, गोल्ड, ब्रांज मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

प्राइमरी वर्ग में प्रथम स्थान नीतू, नितेश, जीशान, अबू हमजा और आईसा ने प्राप्त किया, जबकि द्वितीय स्थान आयांश, फरहान, फैजान, मरियम और अलीशबा ने हासिल किया। तृतीय स्थान पर गणेश, सैफ, हनजलह, दिलीप और अमन रहे। जूनियर वर्ग में मैरी, सालीहा और विद्याभारती ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि द्वितीय स्थान पर आरफा, नूरसबा और फाइक रहे। तृतीय स्थान शिफा, एहतेशाम और नायला ने प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में आसाराम प्रथम, फरहान द्वितीय और सुशील तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 11 में शमा परवीन ने प्रथम, रुचि ने द्वितीय और फाजला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।प्रधानाचार्य शब्बीर हसन ने अपने संबोधन में कहा कि यह कॉलेज सीमावर्ती क्षेत्र में शिक्षा का प्रमुख केंद्र है और बच्चों को सही दिशा देने का कार्य कर रहा है। उन्होंने अभिभावकों से अनुरोध किया कि किसी भी संस्थान में प्रवेश से पूर्व उसकी मान्यता की जानकारी अवश्य लें और दलालों से बचें।

संस्थापक प्रबंधक विवेक ने बताया कि यह विद्यालय 1955 में स्थापित बसंत लाल इंटर कॉलेज, तुलसीपुर के संस्थापक बाबा बसंत लाल की प्रेरणा से सीमावर्ती क्षेत्र में शिक्षा का प्रसार कर रहा है। उन्होंने कहा कि बसंत लाल परिवार का मुख्य उद्देश्य शिक्षा और संस्कार का विस्तार करना है। इस समारोह में विद्यालय के सभी शिक्षकगण, थारू जनजाति क्षेत्र से आए अभिभावक एवं अन्य गणमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## मृतक के विरूद्ध मुकदमा हास्यास्पद, दोषी पुलिस कर्मियों पर दर्ज हो हत्या का मुकदमा- महेन्द्रनाथ यादव

स्वतंत्र प्रभात




**बस्ती।** बस्ती जिले में रविवार को समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधि मण्डल पार्टी जिलाध्यक्ष एवं बस्ती सदर विधायक महेन्द्रनाथ यादव के संयोजन में दुबौलिया थाना क्षेत्र के उभाई गांव पहुंचकर नाबालिग आदर्श उपाध्याय के पिता ओम प्रकाश उपाध्याय और परिजनों से मिलकर ढाढस बधाया .पार्टी फण्ड से राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर एक लाख का चेक और सपा जिला इकाई बस्ती की ओर से एक लाख कुल दो लाख रूपये की सहयोग राशि परिजनों को सौंपा गया।दुःखी परिवार को हर स्तर पर सहयोग का आश्वासन देते हुये सांसद राम प्रसाद चौधरी ने कहा कि नाबालिग आदर्श उपाध्याय की पुलिसिया पिटाइ से मौत मामले में अभी तक दोषियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज न किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है.पार्टी न्याय दिलाने की दिशा में निरन्तर सहयोग करेगी.पार्टी जिलाध्यक्ष एवं बस्ती सदर विधायक महेन्द्रनाथ यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने हमेशा न्याय और मानवीय मूल्यों को महत्व दिया है.यह हैरान करने वाली हास्यास्पद स्थिति है कि पुलिस ने मृतक आदर्श उपाध्याय के खिलाफ ही एफआईआर दर्ज कर दिया और दोषी पुलिस कर्मियों के विरूद्ध कोई उचित कार्रवाई नहीं की गई.कहा कि यह अन्यायपूर्ण एवं असंवेदनशील कृत्य समाजवादी पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगी।

दुःखी परिवार को न्याय दिलाने के लिये हर स्तर पर संघर्ष किया जायेगा.मांग किया कि दोषी पुलिस कर्मियों के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कर हत्या के मामले में उन्हें गिरफ्तार किया जाय.पार्टी इस मामले में आर-पार का संघर्ष करेगी। दुबौलिया थाना क्षेत्र के उभाई गांव पहुंचकर नाबालिग आदर्श उपाध्याय के पिता ओम प्रकाश उपाध्याय और परिजनों से मिलकर ढाढस बधाने वालों में सपा विधायक राजेन्द्र चौधरी, कविन्द्र चौधरी 'अतुल', हर्रैया नगर पंचायत अध्यक्ष राजू सिंह, कक्कू शुक्ल के साथ ही पार्टी के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल रहे।

## सामाजिक सेवा संस्था चित्रांश क्लब महिला विंग ने लिया देवी गीतों का आनंद



**बस्ती।** बस्ती जिले में नवरात्रि के अवसर पर सामाजिक सेवा संस्था चित्रांश क्लब महिला विंग की ओर से नेहरू तिराहा स्थित एक मैरेज हाल में चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन माता की चौकी स्थापित कर देवी गीतों का आंनद लिया। कार्यक्रम कार्यक्रम की अध्यक्षता आभा सिंह ने की। जिलाध्यक्ष प्रतिमा सिंह ने कहा नवरात्रि के प्रथम दिन सभी सनातन परिवारों में मां दुर्गा का आगमन होता है। विधि विधान से देवी की पूजा कर लोग उनका आवाह्न करते हैं और जिनके ऊपर देवी की कृपा हो जाती है उसका जीवन धन्य हो जाता है। क्लब की संरक्षिका डेजी सिंह ने कहा चैत्र माह पवित्र माह है। इसमे नवरात्रि की चारों ओर धूम रहती है और हिन्दू नव वर्ष का शुभारम्भ होता है। उन्होने कहा हमें अपने सनातन धर्म का सम्मान करते हुये उसी के अनुकूल आचरण करना चाहिये। अनुपमा पांडे, मुन्नी सिंह,अनीता पाल, रेनू मिश्रा, सुनीता श्रीवास्तव, गुड्डन पांडे ने बस्ती वासियों को हिन्दी नर्व वर्ष एवं चैत्र नवरात्रि की शुभकामनायें दी। क्लब के संस्थापक अश्वनी कुमार श्रीवास्तव ने जनपदवासियों को नवरात्रि पर्व की शुभकामनायें दिया।

## पत्रकार प्रेस एसोसिएशन की बैठक मंडल कार्यालय महरी खावां गांधीनगर में की गई




**बस्ती।** बस्ती जिले मेंआज पत्रकार प्रेस एसोसिएशन प्रदेश कार्यालय लखनऊ के बैनर तले जनपद पत्रकार प्रेस एसोसिएशन की बैठक मंडल कार्यालय महरी खावां गांधीनगर में की गई। जिसमें सर्वसम्मत से संगठन की मजबूती के लिए संगठन का विस्तारी कारण करते हुए मंडल एवं जिला कार्यालय की गठन की गई।मंडल अध्यक्ष आशुतोष नारायण मिश्रा,मंडल प्रभारी रामविलास कसौधन, मंडल उपाध्यक्ष शीतल प्रसाद शुक्ला, जिला अध्यक्ष रोहित उपाध्याय, जिला महामंत्री इंद्र भूषण चौबे,जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री प्रकाश गुप्ता बने। जिनका माल्यार्पण करते हुए स्वागत किया गया। बैठक में काफी लोगों ने सदस्यता ग्रहण की। बैठक में लखीमपुर खीरी में हुए पत्रकार के ऊपर उत्पीड़न की गंभीरता से चर्चा करते हुए पत्रकारों ने एक जुट रहने के लिए आवाहन किया। एवं पत्रकारों ने एक स्वर से दोषियों की निंदा की। पत्रकार उत्पीड़न पर प्रकाश डालते हुए मंडल प्रभारी एवं जिला अध्यक्ष ने विस्तार से चर्चा किया और कहा आने वाले समय में पत्रकारों के ऊपर ऊपर हो रहे हमले को सरकार रोकेगी नहीं तो बहुत बड़ा आंदोलन होगा बैठक में मनोज श्रीवास्तव, हेमंत कुमार, सुशील प्रताप सिंह, शिवम गुप्ता, हिमांशु वैश्य,वी के आजाद, बाबूराम भारती, अनूप पांडे सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## नवरात्रि के प्रथम दिन लालगंज थाना क्षेत्र मेंनील गाय काटने से गांव में रोश, तीन गिरफ्तार

**● पुलिस कार्रवाई करने से कतरा रही है आरोपियों को बचाने में जुटी है पुलिस**



**बस्ती।** बस्ती जिले केलालगंज थानाक्षेत्र के पिपरपाती मुस्तहकम गांव की बाग़ में आधा दर्जन लोगों ने एक नीलगाय को जाल में फसा लिया और उसे धारदार हथियार कटाने लाग, मामलेकि जानकारी जैसे ही ग्रामीणों को हुई तो हंगामा मच गया आक्रोशित भीड़ बाग़ में पंहुची और नीलगाय काट रहे लोगो को दौड़ा कर तीन लोगों को पकड़ लिया ।ग्रामीणो ने मामले की सूचना लालगंज पुलिस को दी, मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी लालगंज सुनील गौड़ ने पकड़े गए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। ग्रामीणो के मुताबिक तीन अभियुक्त भागने में सफल रहे। जानकारी मिलते ही पशुचित्साधिकारी डॉ फ़ाजिल खान मौके पर पहुचे मृत नीलगाय का पोस्टमार्टम करा कर उसे गड़वा दिया। सूत्रों से मिली जानकारी में पता चला है की है की अभियुक्तो ने पहले नीलगाय को जाल में फंसाया फिर उसे पीट पीट कर मार डाला, ज़ी बिच कुछ ग्रामीणों ने इस घटना को देख लिया और गांव में इसकी जानकारी पंहुचा दी। इस जघन्य घटना से क्षेत्र के लोगो में आक्रोश व्याप्त है। क्षेत्राधिकारी स्वर्णीमा सिंह ने बताया कि तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायलय के लिए रवाना कर दिया गया है।

## पशु क्रूरता अधिनियम में वांछित को भेजा जेल



**कानपुर।** मूलगंज पुलिस ने क्षेत्र मे चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, तलाश वारण्टी वांछित व थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए थाना पर प्राप्त तहरीर के आधार पर दिनाक 30.03.25 को धारा-11 पशु क्रूरता अधिनियम पंजीकृत किया गया था जिसमें नामजद अभियक्त नागेश वर्मा उर्फ नागू पुत्र सदनलाल वर्मा निवासी हटिया वाला पार्क थाना मूलगंज उम्र 27 वर्ष द्वारा जानवर (गाय) के साथ अप्राकृतिक कृत व अमानवीय व्यवहार व अत्याचार किया गया था। मुकमदा धारा उपरोक्त से संबंधित सीसीटीवी फुटेज की मदद से थाना मूलगंज पुलिस द्वारा नामजद अभियुक्त नागेश वर्मा उर्फ नागू उपरोक्त को दिनांक 30.03.25 अन्तर्गत धारा 170 /126/135 भा0ना0सु0सं0 मे गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही हेतु संबंधित न्यायालय भेजा गया।

## आदर्श हत्याकाण्ड के सीबीआई जांच, परिजनों को एक करोड के मुआवजे की मांग

**बस्ती।** बस्ती जिले के दुबौलिया थाना क्षेत्र के उभाई निवासी चर्चित नाबालिग आदर्श उपाध्याय की पुलिसिया पिटाई से मौत का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। मेधा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और शिव हर्ष किसान पी.जी. कालेज के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष दीनदयाल तिवारी ने जिलाधिकारी के प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। मांग किया कि समूचे मामले की सीबीआई से जांच कराकर दोषियों की गिरफ्तारी हो और पीड़ित परिवार को एक करोड़ का मुआवजा दिया जाय। ज्ञापन देने के बाद दीन दयाल तिवारी ने कहा कि नाबालिग आदर्श उपाध्याय की मौत समूचे व्यवस्था की हत्या है। अच्छा हो कि मुख्यमंत्री स्वयं संज्ञान ले और दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई सुनिश्चित किया जाय। अन्यथा छात्रसंघ और मेगा राष्ट्रीय राष्ट्रीय प्रवक्ता द्वारा वृहद आंदोलन चलाया जाएगा जब तक आदर्श उपाध्याय को न्याय नहीं मिल जाता है मनी मुख्यमंत्री से अनुरोध है कि मामले को संज्ञान में लेते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए तथा परिवार पीड़ित परिवार की मदद की जाएज्ञापन देने वालों में वृजेश द्विवेदी, उमेश पाण्डेय मुन्ना,आदि शामिल रहे।

# कलश यात्रा में उमड़ा जन सैलाब

**● गुरचिहवा समय माता मंदिर पर नौ दिवसीय रामकथा का आयोजन**

स्वतंत्र प्रभात



**बलरामपुर।** पचपेड़वा विकासखण्ड खण्ड के गुरुचिहवा समय माता मन्दिर पर नवरात्रि प्रतिपदा को कलश यात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या महिलाओं ने भाग लिया। बताते चलें कि प्रतिवर्ष की भांति गुरुचिहवा समम माता मन्दिर पर चैत्र नवरात्रि में रामकथा का आयोजन होता है। इस बार भी संगीत मई रामकथा का आयोजन किया गया है। जिसके कथा वाचिका साध्वीं साधना तथा कथा वाचक विष्णू महराज द्वारा रामकथा का आयोजन है। मन्दिर कमेटी के प्रबंधक सतीश चन्द्र उर्फ पप्पू मिश्रा ने बताया कि तीस मार्च से प्रारम्भ होकर नवरात्रि नवमी की हवन व भण्डारा के बाद सम्पन्न होगा। इसी क्रम में 30 मार्च को गुरुचिहवा, खाखादेई नावडीह आदि गावों की महिलाओं ने मन्दिर से कलश यात्रा निकाला और सोनही नाले से जल भर कर मन्दिर पर कलश स्थापना किया । कमेटी के अन्य लोग,कोषाध्यक्ष रामपाल यादव उर्फ छैलू , गिरिजेश पाण्डेय, कल्लू , कल्लू नेता, रवि गुप्ता, हरीराम प्रजापति रामसेवक, अखिलेश्वर पाण्डेय उर्फ धाने महाराज तथा रामदास प्रजापति आदि लोग पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं वाचन का समय रात्रि 8 बजे से हरि इच्छा तक रखा गया है।

## बिना मानक व रजिस्ट्रेशन के चल रहे नर्सिंग होम क्लीनिक पॉलीक्लिनिक पैथालॉजी

स्वतंत्र प्रभात






**तुलसीपुर/बलरामपुर।** मरीजों को बेहतर सुविधाएं और अच्छे इलाज के लिए प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार की योजनाएं चलाकर लाभ देने का प्रयास किया जा रहा है?। लेकिन स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की मौन सहमति के चलते बिना रजिस्ट्रेशन फर्जी तरीके से क्लीनिक पॉलीक्लिनिक नर्सिंग होम तथा पैथोलॉजी का संचालन धड़ल्ले से किया जा रहा है। इस पर रोक लगाने में जिले के स्वास्थ्य विभाग के साथ अन्य जिम्मेदार विभाग असफल साबित हो रहे हैं। सूत्रों की माने तो स्वास्थ्य विभाग द्वारा ही ऐसा फर्जीवाड़ा हो रहा है। क्षेत्र में मानक विहीन और बिना रजिस्ट्रेशन के चलाए जा रहे हैं क्लीनिक पैथोलॉजी पर स्वास्थ्य विभाग लगाम नहीं लगा पा रहा है। ऐसे फर्जी क्लीनिक संचालकों द्वारा न फायर सर्विस के दिशा निर्देशों का पालन किया जा रहा है। न ही एनजीटी के बायो वेस्ट और मेडिकल वेस्ट के साथ-साथ साफ सफाई का ही ध्यान दिया जाता है। इलाज कराने वाले मरीजों को ठीक से इलाज नहीं मिल पाता। ऐसे संस्थानों में गंदगी के चलते अन्य संक्रमित बीमारियों के बढ़ने का खतरा भी बढ़ रहा है। कई डॉक्टर ऐसे भी है जो बीयूएमएस बीएमएस डीफार्मा बीफार्मा या फार्मासिस्ट की डिग्री ले कर मरीजों का इलाज एलोपैथिक दवाइयों से करते हैं। नगर पंचायत तुलसीपुर और बालापुर में अनेक ऐसे पैथालॉजी और क्लीनिक हैं जहां बिना डिग्री वाले ही पैथालॉजी रिपोर्ट तैयार करते हैं। जिले के अनेक लिपिक और अधिकारियों की कृपा पर चल रहे क्लीनिक पैथोलॉजी और नर्सिंग होम मरीजों का आर्थिक शोषण करने के साथ उनके जीवन से भी खिलवाड़ करते हैं। संबंध में अपर सीएमओ डॉक्टर रविनंदन त्रिपाठी ने बताया कि लगातार अवैध नर्सिंग होम क्लीनिक व पैथालॉजी की जांच कराई जाती है।

**स्वास्थ्य विभाग के द्वारा कार्रवाई के नाम पर की जा रही है खानापूर्ति**

प्राइवेट अस्पतालों पर बाजार से ताला खरीद कर क्लीनिक पर लगा दिया जाता है। इसके साथ क्लीनिक को सील करने की घोषणा कर दी जाती है। कुछ दिन बाद वही क्लिनिक फिर से खुल जाता है जिससे विभागीय कार्रवाई पर सवालिया निशान खड़े होते हैं। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी मुकेश कुमार रस्तोगी ने बताया मामला संज्ञान में है। जांच टीम को निर्देश दिया गया है कि अब छापेमारी की कार्रवाई में स्थानीय पुलिस को भी शामिल किया जाए।

## लब जेहाद के नाम पर हिन्दु युवतियों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं

**● पीड़ित युवती ने लगाया न्याय की गुहार पुलिस नहीं कर रही कार्रवाई युवती लगाई न्याय का गुहार**

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** बस्ती जिले में लब जेहाद के नाम पर हिन्दु युवती को बहका फुसलाकर भगा ले जाने, जबरिया गोमांस खिलाकर मुस्लिम धर्म स्वीकार करने के लिये दबाव बनाने का चौकाने वाला मामला सामने आया है। शनिवार को वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी युवती ने अपने उत्पीड़न की जानकारी देते हुये दोषी अहमद रजा, उसके परिजनों के विरूद्ध कार्रवाई और अपने जान माल के रक्षा की गुहार लगाया है। विश्व हिन्दू महासंघ जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह ने कहा कि लब जेहाद के नाम पर हिन्दु युवतियों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। यदि पीड़िता को त्वरित न्याय न मिला तो महासंघ आन्दोलन को बाध्य होगा।

वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी युवती ने एसपी को सम्बोधित पत्र में कहा है कि वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के जमदाशाही निवासी अहमद रजा पुत्र अब्दुल नईम उसके घर पर ड्राइबर का काम करता था। अहमद रजा आये दिन उसके साथ छेड़खानी करता था किन्तु लोक लाज बश उसने इसकी जानकारी परिवार के सदस्यों को नहीं दिया। फरवरी 2024 में चाकू की नोक पर उसने बलात्कार किया। जब पीड़िता ने मुकदमा दर्ज कराने की धमकी दिया तो अहमद रजा ने कहा कि मैं तुमसे विवाह कर लूंगा। युवती के माता पिता, परिजनों ने अहमद रजा के साथ विवाह करने से इंकार कर दिया। अहमद रजा शादी का झांसा देकर उसे भगा ले गया। वह अपने साथ जेवर और नकदी भी ले गई। दो सोने का हार, तीन सोने की चेन, एक सोने का लाकेट के साथ कई जेवर, एक लाख रूपये की नकदी लेकर अहमद रजा पहले तो उसे अपने रिश्तेदारी में लेकर गया, कुछ दिन बाद रूधौली थाना क्षेत्र के पुरैना चौराहे पर किराये का मकान लेकर रहने लगा। जब युवती शादी की बात करती तो वह टाल जाता। एक दिन अहमद रजा के मां बाप व बहने मोमिना और फातिमा आयी और कहा पहले तुम नमाज पढो, गोमांस खाओ, रमजान का व्रत रहो तब शादी होगी। हम लोग हिन्दू लड़कियों को इसीलिये बहलाते फुसलाते हैं। मना करने पर उन लोगों ने हिन्दू युवती को भद्दी-भद्दी गालियां देकर मारा पीटा। अहमद रजा ने सारे जेवर बेचवाकर अपने घर वालों को दे दिया और उसकी स्कूटी यूपी 51 बी.एन. 35 हजार रूपये में कहीं गरवी रख दिया। पत्र में युवती ने कहा है कि अहमद रजा के संसर्ग से उसे तीन बार गर्भ हुआ किन्तु वह तीन महीना पूरा होने पर जबरिया गर्भपात करवा दिया, यही नहीं वह जबरिया अप्राकृतिक मैथुन भी करता था। इस समय भी युवती गर्भ से है। अहमद रजा और उसके परिजन मुख्यमंत्री योगी आदित्नाथ को भी हरदम गालियां बकते हैं। युवती ने दोषियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराकर दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई और अपने जान माल के रक्षा की गुहार लगाया है।

## जिले में पुलिस की रवैया ठीक नहीं है निर्दोषों को दे रहे हैं सजा तथा दोषियों को कार्रवाई करने में आनाकानी करते हैं


**● योगी सरकार में निरंकुश हो गई है अपराधियों पर कार्रवाई करने से डर रही है योगी सरकारकीपुलिस - अजय राय**

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** बस्ती जिले में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय शनिवार को पार्टी नेताओं, के साथ दुबौलिया थाना क्षेत्र के उभाई गांव पहुंचे और नाबालिग आदर्श उपाध्याय की पुलिसिया पिटाई से मौत के मामले में परिजनों को भरोसा दिलाया कि कांग्रेस इस मामले को सड़क से विधानसभा और संसद तक उठायेगी। आदर्श के पिता ओम प्रकाश उपाध्याय और परिजनों से मिलकर उन्होने पीड़ित परिवार को सात्ववना देने के साथ ही पार्टी की ओर से तात्कालिक आर्थिक सहयोग दिया।परिजनों से मिलने के बाद प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि नाबालिग आदर्श उपाध्याय की पुलिसिया पिटाई से मौत के मामले में दोषी पुलिस कर्मियों के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कर उन्हें गिरफ्तार किया जाय। कहा कि सरकार दुःखी परिवार को एक करोड़ रूपये का मुआवजा दे। कांग्रेस नेता अजय राय ने कहा कि योगी सरकार में पुलिस पूरी तरह से निरंकुश हो गई है और आम आदमी, गरीबों की सुनवाई नहीं हो रही है। कांग्रेस इन सवालों को लेकर जनता के बीच जा रही है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष विश्वनाथ चौधरी ने घटनाक्रम के बारे में प्रदेश अध्यक्ष को विस्तार से जानकारी दिया। बताया कि घटना के तत्काल बाद एक प्रतिनिधि मण्डल ने आदर्श उपाध्याय के परिजनों से मिलकर न्याय दिलाने का भरोसा दिलया था। दुबौलिया थाना क्षेत्र के उभाई गांव पहुंचकर पीड़ित परिवार को सात्वना देने वालों में वीरेन्द्र प्रताप पाण्डेय, देवेंन्द्र कुमार श्रीवास्तव, ज्ञानेन्द्र पाण्डेय, अनिल भारती, कौशल त्रिपाठी, प्रशांत पाण्डेय, दीपेन्द्र सिंह, राकेश मनी त्रिपाठी , नोमान अहमद, संदीप श्रीवास्तव, आदित्य त्रिपाठी, अमित सिंह, डा. आलोक रंजन, नर्वदेश्वर शुक्ला, प्रमोद द्विवेदी, भूमिधर गुप्ता, देवी प्रसाद पाण्डेय, बृजेश आर्य, गिरजेश पाल, वाहिद सिद्दीकी, गंगा मिश्र, अरुण पाण्डेय, शौकत अली नन्हू, अलीम अख्तर, सुनील पाण्डेय, सर्वेश शुक्ल, सोमनाथ संत, राज बहादुर निषाद, साधु शरण आर्य, दूधनाथ पटेल, विनय तिवारी, रफीक खान, अंकित तिवारी नवीन कन्नौजिया, डी. एन. शास्त्री, लक्ष्मी यादव, रामकृष्ण दुबे, रूपेश पाण्डेय, अनिल त्रिपाठी, पप्पू चौधरी रविंद्र सिंह राजन अजय सिंह प्रदीप चौधरी अजय चौधरी रवि पटेल महेश चौधरी पंकज चौधरी रिंकू पांडे बृजेश चौधरी अखिलेश चौधरी अनूप चौधरी के साथ ही अनेक कांग्रेसजन शामिल रहे।

## बस्ती में 1 साल से नहीं बन पाई ये फोरलेन सड़क, अब वापस हो गए 2 करोड़ रुपए



**बस्ती।** बस्ती जिले में अधिकारियों के सुस्ती के कारण सड़क नहीं बन पा रही हैं को अब देरी और लापरवाही का दंश झेला पड़ेगा. दरअसल, बड़ेवन और कंपनीबाग का फोरलेन अधूरा रह गया. इसके बाद दो करोड़ रुपये लौटाने पड़े हैं. बता दें निर्माण कार्य धीमा होने की वजह से सड़क अभी तक तैयार नहीं हुई.जो बजट आवंटित हुआ वह भी खर्च नहीं हो पाया था अब मार्च के आखिरी वक्त में दो करोड़ रुपये सरकार को वापस करना पड़ा। जनवरी 2025 में इस सड़क का काम शुरू हुआ था. 1.750 किलोमीटर की रोड को अक्टूबर 2024 तक बन जाना था। एक साल का वक्त बीतने के बाद भी सड़क नहीं बन पाई. अबह वित्तीय वर्ष खत्म होने को है. ऐसे में दो करोड़ रुपये वापस करना पड़ेगा। इस रोड का निर्माण 16.50 करोड़ रुपये से होना था। 22 मीटर चौड़ाई में डिवाईडर के साथ यह रोड बननी है। इसके अलावा एक मीटर चौड़ी नाली भी बननी है. अभी इस रोड की बात करें तो बड़ेवन से कटरा तक भी सड़क, नाली और डिवाइडर का काम हो गया है। अभी कंपनीबाग तक डिवाइडर और नाली निर्माण काम बाकी है. वहीं पिचिंग का काम बाकी है। इस मामले में एक्सईएन अवधेश प्रसाद ने कहा कि अतिक्रमण की वजह से तय समय से सड़क का काम पूरा नहीं हो पाया है। आवास विकास स्थित काली मंदिर और कंपनीबाग पुलिस बूथ दूसरे जगह पर बनाया जा रहा है. ज्यादा काम नहीं बचा है, जल्द ही सड़क पूरी हो जाएगी।

## संक्षिप्त ख़बरें

### सफलता के लिए छात्राओं को कड़ी मेहनत करनी चाहिए : उप जिलाधिकारी मनीष कुमार

**बिसवां सीतापुर।** छात्राओं को जीवन में संतुलित रहकर शिक्षा के प्रति एकाग्रता रखते हुए शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर भी ध्यान देना चाहिए समय का समुचित उपयोग करके लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए उक्त बातें उप जिलाधिकारी मनीष कुमार ने स्थानीय कृष्णा देवी म्युनिसिपल गर्ल्स इंटर कॉलेज में परीक्षा फल वितरण करते समय कहीं उन्होंने आगे कहा कि सफलता के लिए छात्राओं को कड़ी मेहनत करनी चाहिए। इस अवसर पर लॉयर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष कमलेन्द्र कुमार बाजपेई ने छात्राओं को लक्ष्य निर्धारित कर शिक्षा पर ध्यान देने की बात कही। इस अवसर पर मुख्य रूप से विद्यालय की प्रधानाचार्य लक्ष्मी देवी उप प्रधानाचार्य उषा अवस्थी लॉयर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष कमलेन्द्र कुमार बाजपेयी सहित भारी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

### मां दुर्गा प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गई कलश यात्रा

**सिद्धार्थनगर।** विकास क्षेत्र भनवापुर के सोहना गांव में दुर्गा माता मन्दिर में पांच दिवसीय मां दुर्गा प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के लिए रविवार को कलश यात्रा का आयोजन किया गया।यज्ञाचार्य पंडित राकेश तिवारी के



अगुवाई में सोहना स्थिति मां दुर्गा के मंदिर से कलश में जल लेने के लिए कलश यात्रा गाजे बाजे के साथ नकथर देवरिया, बुढ़ऊ, सुकालाजोत, भनवापुर, बदलियां होते हुए राप्ती नदी डुमरियागंज घाट पहुंची । जहां पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जल भरा गया। तत्पश्चात वहां से वापस आकर मंदिर पर विधि-विधान से पूजन कर कलश स्थापित किया गया। आयोजक चिंकू गुप्ता ने बताया कि रविवार से पांच दिन शाम 7 बजे से 10 बजे तक कथा का आयोजन किया गया है।सोमवार को मंडप पूजन,मंगलवार को भव्य शोभा यात्रा,बुधवार को प्राण प्रतिष्ठा तथा गुरुवार को हवन का कार्यक्रम होगा। इस अवसर पर राकेश यादव,गुड्डू यादव, ओमप्रकाश, रामचंद्र भारती, अजय गुप्ता ,उदय राज भारती आदि लोग मौजूद रहे।

### तेज रफ्तार ट्रक की जोरदार टक्कर से एक की मौत, दो घायल

**राजापुर, चित्रकूट।** जिले के राजापुर थाना क्षेत्र के कर्वी राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित अर्जुनपुर के पास एक दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से ट्रैक्टर को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में ट्रैक्टर में सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए। टक्कर इतनी भयंकर थी कि ट्रैक्टर की ट्रॉली काफी दूर जा गिरी। हादसा उस समय हुआ जब अमानपुर कपसेठी के निवासी अरुण कुमार (56 वर्ष), राजू (46 वर्ष), और फूलचन्द्र (45 वर्ष) ट्रैक्टर से तिरहार क्षेत्र के देवारी गाँव में भूसा लेने जा रहे थे। ट्रैक्टर जैसे ही कर्वी की ओर बढ़ा, तेज रफ्तार ट्रक ने उसे पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर के बाद तीनों लोग सड़क पर गिर गए और घायल हो गए। यह दृश्य देखकर आसपास के लोग और राहगीरों ने तुरंत राजापुर



थाने के थानाध्यक्ष प्रवीण सिंह को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद थानाध्यक्ष प्रवीण सिंह और उनकी टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। आनन-फानन में एम्बुलेंस के जरिए घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजापुर में भर्ती कराया गया। जहाँ डॉक्टर दिनेश सिंह ने फूलचन्द्र को मृत घोषित कर दिया, जबकि अरुण और राजू को मामूली चोटें आईं। राजापुर थानाध्यक्ष प्रवीण सिंह ने बताया कि घटना के बाद शव को कब्जे में लेते हुए मृतक फूलचन्द्र का पंचनामा तैयार किया गया और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए कर्वी भेज दिया गया। साथ ही ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया गया और ट्रक को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और मृतक के परिवार को उचित सहायता देने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। यह हादसा कर्वी-राजापुर मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों के चलते होने वाली दुर्घटनाओं का उदाहरण बन गया है। पुलिस प्रशासन ने सभी वाहन चालकों से अपील की है कि वे सड़क पर गति सीमा का पालन करें और सुरक्षित तरीके से यात्रा करें।

# विहिप ने निकाली विशाल शोभा यात्रा, भंडारे का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

**माल।** रविवार को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के द्वारा भव्य श्री राम शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। हिन्दू नव वर्ष पर रविवार को माल कस्बे से मां शीतला देवी मंदिर तक शोभा यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम का नेतृत्व समाजसेवी संयोगिता सिंह चौहान द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान सैकड़ों मोटरसाइकिल पर सवार हिंदूवादी संगठनों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भगवा झंडे के साथ जय श्रीराम के नारे लगाए। कार्यक्रम से पूर्व कार्यकर्ताओं को भगवा अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। यात्रा में कई डीजे की गाड़िया शामिल थी। इस दौरान






भक्ति गीतों पर कार्यकर्ता पारंपरिक हथियारों के साथ झूमते दिखे। हर वर्ष की तरह हिन्दू वर्ष पर शोभा यात्रा निकाली जाती है, यात्रा माल कस्बे से होते हुए शीतला देवी मंदिर पर इसका समापन हुआ। राष्ट्रीय सेवक संघ जिला संचालक वीरेंद्र विक्रम सिंह ने हिंदू नव वर्ष की बधाई देते हुए कहा कि आज का दिन हिंदुत्व को गौरवान्वित करने वाला दिन है। हमें सनातन धर्म और हिंदुत्व विचारधारा को आगे बढ़ाने के लिए जात पात से ऊपर उठकर सभी हिन्दुओं को एकजुट होना है। इसी संदेश के साथ आज हिन्दू नव वर्ष पर शोभा यात्रा निकाली गई है। शोभा यात्रा के समापन पर मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर भास्कर सिंह, सहमंत्री सुशील, प्रखंड उपाध्यक्ष दिनेश, रोहित सिंह बजरंगदल संयोजक,राम प्रकाश सिंह जिलाध्यक्ष ,राजेश जिलामंत्री, शुभम,गुप्ता, मनोज, मुकेश सूर्या,चंद्रशेखर मौर्य, राकेश मौर्य सहित सैकड़ो संगठन के लोग मौजूद रहे।

# दिखा ईद का चांद, खुशियों एवं भाई चारे का प्रतीक त्यौहार ईद आज

**...... नगर पंचायत मोहनलालगंज के मऊ गांव में मस्जिदों में सुबह नमाज पढ़कर मनाई जाएगी ईद**



स्वतंत्र प्रभात

**विनीत कुमार मिश्रा**

**लखनऊ।** रविवार को राजधानी लखनऊ में ईद उल फित्र का चांद देर शाम देखा गया है। जिसके चलते पूरे प्रदेश में ईद आज मनाई जाएगी लखनऊ में मरकजी चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने ईद के चांद निकलने की घोषणा की। मरकजी शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना यासूब अब्बास अन्य उलेमाओं ने भी सोमवार को ईद मनाने की घोषणा की गई । लखनऊ के ऐशबाग ईदगाह समेत शहर की तमाम मस्जिदों में ईद की नमाज की तैयारी पूरी हो चुकी है। । मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने सड़क पर नमाज न पढ़ने की अपील की है। ईद की नमाज से पहले फित्रा (दान) देने की बात लोगों से कही है। वहीं राजधानी लखनऊ की नगर पंचायत मोहनलालगंज के मऊ गांव में मरकजी शिया चांद कमेटी द्वारा ईद के ऐलान के बाद लोगों ने आतिशबाजी करके ईद की खुशी का इजहार किया एवं सभी ने एक दूसरे को ईद मुबारक की बधाई दी ।

**ईद खुशी मनाने वाला है त्योहार**

ईद खुशी का त्योहार है त्यौहार है , इस मौके पर मुस्लिम धर्म के युवकों के द्वारा मस्जिदों में नमाज पढ़कर एक दूसरे के साथ गले मिलकर खुशी का इजहार किया जाता है । ईद का त्यौहार आपसी भाई चारे का प्रतीक है , इसमें मुस्लिम और हिन्दू धर्म के युवक ईद के मौके पर घरों में जाकर गले मिलते हैं ।

## ईद पर क्या बोले मुस्लिम धर्म के युवक



राजू कुरैशी (सभासद)

नगर पंचायत मोहन लालगंज के मऊ गांव निवासी सभासद राजू कुरैशी ने बताया कि ईद का त्यौहार मुस्लिम धर्म में आपसी सौहार्द लेकर आता हैं इस दिन सुबह मस्जिदों में नमाज पढ़कर एक दूसरे के साथ गले मिलकर खुशियों का इजहार किया जाता है । धर्म के अनुसार रिवाज है कि एक दूसरे के घरों में जाकर गले मिलकर खुशियां मनाई जाती है ।



इकबाल अहमद (ढ़ोलू)

समाजसेवी इकबाल अहमद ढ़ोलू ने बताया कि ईद का पर्व मुस्लिम धर्म में बहुत ही महत्वपूर्ण हैं, लगभग एक महीना रोजा रखने के बाद इस त्यौहार को सुबह मस्जिदों में नमाज पढ़ने के बाद एक दूसरे से गले मिलकर खुशियों का इजहार किया जाता है । इस मौके पर लोगों के घरों में जाकर एक दूसरे के गले मिलकर आपसी मतभेद मिटाए जाते हैं ।



मोहम्मद सलीम (अधिवक्ता)

लखनऊ बार एसोसिएशन के अधिवक्ता मोहम्मद सलीम ने बताया कि ईद के मौके पर ईद के दिन फित्रा (दान) देकर सुबह मस्जिदों में नमाज पढ़कर एक दूसरे के गले मिल कर सभी भाईयों को ईद की बधाई दी जाती है ।ईद के त्यौहार पर हिन्दू धर्म के भाई घर आकर बधाई देते हैं एवं मुस्लिम धर्म के युवक एक दूसरे के घर जाकर आपस में गले मिलकर बधाई देते हैं ।



आरिफ कुरैशी

समाजसेवी आरिफ कुरैशी ने बताया कि ईद का त्यौहार मुस्लिम धर्म में सौहार्द का प्रतीक है , इस दिन मस्जिदों में नमाज पढ़कर एक दूसरे को गले लगाकर खुशियों का पैगाम एक दूसरे को दिया जाता है । ईद के मौके पर सभी मुस्लिम भाईयों द्वारा घरों में जाकर ईद की बधाई भी दी जाती है ।

# विचार गोष्ठी एवं कवि गोष्ठी का किया गया आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

**बिसवां/सीतापुर।** हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष्य में सनातन धर्म सभा बिसवां द्वारा स्वर्गीय शिवकुमार अवस्थी के गांव तुलसीपुर में स्थित शिव मंदिर प्रांगण में उनकी जयंती के उपलक्ष्य में एक विचार गोष्ठी एवं कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता नगर के समाजसेवी पंडित रामपाल त्रिपाठी ने की तथा मुख्य वक्ता के रूप में संस्कार भारती के कार्यवाहक अध्यक्ष रविंद्र नाथ मिश्रा उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन घनश्याम शर्मा ने किया सर्वप्रथम अवस्थी जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया तथा सभी उपस्थित जनों ने उन्हें पुष्पांजलि दी तत्पश्चात कवि शिवानंद दीक्षित प्रेमी जी ने मां बागेश्वरी की प्रार्थना वंदना प्रस्तुत की उपस्थित कवियों में आनंद खत्री आनंद विजय रस्तोगी अरविंद त्रिपाठी रजनीकांत दीक्षित संचालन कर रहे घनश्याम शर्मा सहित सभी ने भगवान भोलेनाथ की वंदना स्वरूप कविता प्रस्तुत की तथा अवस्थी



जी को अपनी काव्यांजलि समर्पित की सभा में उपस्थित लोगों ने अवस्थी जी के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर अपने-अपने संस्मरण प्रस्तुत किया मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए रविंद्र नाथ मिश्रा ने अवस्थी जी के विद्यार्थी जीवन के संस्मरण सुनाते हुए भावुक हुए मंच पर उपस्थित कार्यक्रम की संयोजिका अवस्थी जी की धर्मपत्नी डॉक्टर श्रीमती सरलावस्थी जी ने अपने जीवन साथी के रूप में अवस्थी जी से जुड़ी हुई बहुत सी संस्मरत्मक बातें बताएं तथा उन्होंने यह कहा कि मेरे साहित्यिक विकास यात्रा में अवस्थी जी का पूर्णतः योगदान और मार्गदर्शन रहा आज मैं जो कुछ भी साहित्यिक उपलब्धि कर पाई हूं इसके पीछे उनका और मेरे सास ससुर का प्रोत्साहन सदैव बना रहा इस प्रकार वह सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बार-बार सबके प्रति कृतज्ञता अर्पित की अंत में अध्यक्षता कर रहे पंडित रामपाल त्रिपाठी ने अवस्थी जी को सनातन धर्म सभा से जुड़े हुए एक समर्थ और समर्पित व्यक्तित्व का धनी बताते हुए कहा वह सदैव धर्म और साहित्य के विकास के लिए सनातन धर्म सभा के माध्यम से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करते रहे समय-समय पर विचार गोष्ठी एवं कवि गोष्ठी के रूप में उन्होंने लोगों को आमंत्रित किया और समय-समय पर सम्मानित भी किया आज वह जहां भी हों, हम सभी उनकी चेतना को प्रणाम करते हैं।इस प्रकार डॉक्टर श्रीमती सरला अवस्थी जी ने उपस्थित सभी कवियों को तथा अवस्थी जी के आत्मीय जनों को अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेज करके सम्मानित किया और बार-बार सबको आभार व्यक्त किया कार्यक्रम का सफल संचालन संस्कार भारती के महासचिव घनश्याम शर्मा ने किया तथा इसके आयोजन और उसके संयोजन में रवि अवस्थी उनके पिता और उनके परिवार जनों का पूरा सहयोग और पूरी व्यवस्था रही।

## पेहर बाजार में इफ्तार पार्टी का आयोजन, सैकड़ों रोजेदार शामिल



स्वतंत्र प्रभात

**उतरौला (बलरामपुर)।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के पेहर बाजार में रमज़ान के पवित्र महीने के अवसर पर में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सैकड़ों रोज़ेदारों ने शिरकत की और सामूहिक रूप से रोज़ा इफ्तार किया। कार्यक्रम का आयोजन सब्बू खान के द्वारा किया गया। जिसका उद्देश्य समुदाय में भाईचारा और सौहार्द्र को बढ़ावा देना था। इफ्तार में खजूर, फल, शर्बत, और विभिन्न प्रकार के पारंपरिक व्यंजन परोसे गए। इस मौके पर युवा समाजसेवी सब्बू ने कहा, रमज़ान का महीना हमें धैर्य, संयम और एकता का संदेश देता है। इस तरह के आयोजन से समाज में प्रेम और सद्भावना बढ़ती है। इस अवसर पर दुआ कराई और रोज़ेदारों को रमज़ान के महत्व के बारे में बताया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने एकजुटता और शांति का संदेश दिया और सामूहिक इबादत की। आयोजन को सफल बनाने में स्थानीय युवाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि समाज में सौहार्द्र और भाईचारा बना रहे। इस अवसर पर पूर्व विधायक जगराम पासवान, शब्बू खान, हसीब खान, अंसार खान, फिजूल भैया, बन्ने भाई, सलमान, दुल्ला , गयासु, सोहेल खान, मुन्ने खान, कुमेल, कौशल, अमीरुल खान, मकरू समेत सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने सपा सांसद को दी खुलेआम चुनौती

स्वतंत्र प्रभात

**रायबरेली।** बीते दिनों सपा सांसद रामजीलाल सुमन द्वारा महान योद्धा राणा सांगा पर की गई टिप्पणी के बाद घमासान मचा हुआ है।जहां एक तरफ करणी सेना ने सपा सांसद के बेतुके बयान की निंदा कर विरोध किया वहीं दूसरी तरफ राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह राजपूत ने सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट कर सपा सांसद को खुलेआम चुनौती देते हुए जमकर निशाना साधा है।राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह राजपूत ने कहा कि उत्तर प्रदेश ही नहीं पूरे देश का माहौल एक तुच्छ मानसिकता के सांसद ने संसद में बयान देकर खराब किया है।काश उसी समय यदि इस तुच्छ सांसद को वहां बैठे किसी सदस्य ने सबक सिखा दिया होता तो देश का माहौल खराब ना होता।इसके बाद करणी सेना जब अपने तरीके से सपा सांसद से बात करने इसके आवास गई हुई थी,तो वहां इसने गुंडो को बुला रखा था।उन्होंने पत्थरबाजी किया,जिसमें पुलिस व हमारे करणी सेना के पदाधिकारी चोटिल हुए और उसके बाद भी यह बयान दे रहा है कि मैं माफी नहीं मांगूंगा।वहीं निपटने वाली बात को लेकर राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने कहा कि यदि निपटने का बहुत शौक है तो प्रशासन से इजाजत ले ले और हमारे किसी स्वस्थ करणी सेना के योद्धा की बात छोड़िए किसी चोटिल योद्धा से निपट ले,तुझे राजपूतों का इतिहास,भूगोल पता चल जाएगा।वहीं महान योद्धा राणा सांगा पर टिप्पणी से आहत श्री सिंह ने सपा सांसद की पैदाइश पर भी प्रश्न चिन्ह लगाते हुए कहा कि पता नहीं आपके अंदर किसका खून है। यदि तुमने अपने पूर्वजों से महान योद्धा राणा सांगा के बारे में एक बार भी पूछा होता तो शायद इस तरह की तुच्छ बयानबाजी व ओछी टिप्पणी न करता।साथ ही साथ सपा मुखिया अखिलेश यादव पर भी जमकर हमला बोला।कहा कि चंद दिनों पहले जब एक भाजपा के नेता रूपाला ने कुछ कमेंट किया था तो उस समय तुम्हें ठाकुरों की बड़ी चिंता आ रही थी,अब तुम क्षत्रियों का ही विरोध कर रहे हो।क्या तुम्हें क्षत्रिय वोट नहीं देता।साथ ही साथ सपा में मौजूद क्षत्रिय नेताओं से आग्रह किया कि वह ऐसे नेताओं को इतिहास,भूगोल का ज्ञान करवाएं।उल्लेखनीय है सपा सांसद रामजीलाल सुमन पिछले शुक्रवार को राज्यसभा में गृह मंत्रालय के कामकाज की समीक्षा पर बोल रहे थे।इस दौरान उन्होंने कहा था कि भाजपा के लोगों का तकिया कलाम हो गया है कि मुसलमानों में बाबर का डीएनए है।आखिर,बाबर को लाया कौन।इब्राहिम लोधी को हराने के लिए बाबर को राणा सांगा हिंदुस्तान में लाया था।अगर मुसलमान बाबर की औलाद हैं तो फिर तुम गद्दार राणा सांगा की औलाद हो।



## सात अभियुक्तों को गिरफ्तार कर अहिरौली पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर भेजा जेल

स्वतंत्र प्रभात

थाना अहिरौली पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर कृष्णचन्द्र गुप्ता पुत्र रामजग निवासी ग्राम मदनगढ़ थाना अहिरौली जनपद अम्बेडकरनगर अपराध संख्या 114/24 धारा 323/325/504/506/452 व 3(1) द,ध व 3(2)अं एससी/एसटी एक्ट थाना अहिरौली जनपद अम्बेडकरनगर से सम्बन्धित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। छोटकुन पुत्र अलगू व बृजेश पुत्र स्वर्गीय निवासीगण ग्राम जरूखा प्रतापपुर चमुर्खा थाना अहिरौली जनपद अम्बेडकरनगर अपराध संख्या 235/20 धारा 147/ 323/ 325/ 504/ 506/ 452 थाना अहिरौली जनपद अम्बेडकरनगर सम्बन्धित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। अब्दुल मजीद पुत्र सज्जाद व नूर मोहम्मद पुत्र सज्जाद निवासीगण ग्राम रामनगर जमदरा थाना अहिरौली जनपद अम्बेडकरनगर अपराध संख्या 348/13 धारा 12 ष्ठ.ड्ड एक्ट थाना अहिरौली जनपद अम्बेडकरनगर सम्बन्धित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया लल्लन पुत्र बहाऊ व राजकुमार पुत्र परसादी निवासीगण ग्राम पियारेपुर टीकमपारा थाना अहिरौली जनपद अम्बेडकरनगर को एनसीआर 168/95 धारा 323/504 थाना गोसईगंज जनपद-अयोध्या से सम्बन्धित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

## बालाजी मंदिर के पास खुली मीट की दुकानें महापौर को खुद उतरना पड़ा मैदान में

स्वतंत्र प्रभात

**लखनऊ।** जब अधिकारी संडे मूड में हों और नियमों की धज्जियां उड़ती रहें, तो लखनऊ की प्रथम नागरिक यानी महापौर सुषमा खर्कवाल को खुद मैदान में उतरना पड़ता है ! राजाजीपुरम स्थित बालाजी मंदिर से मात्र 100 मीटर की दूरी पर मीट की दुकानें खुले होने की सूचना मिलते ही महापौर हरकत में आ गई। अधिकारियों के आराम को दरकिनार करते हुए, उन्होंने मौके पर पहुंचकर जोनल अधिकारी की क्लास लगा दी* और मुख्यमंत्री के आदेशों का पालन करवाने खुद ही निकल पड़ीं। नगर निगम के जोनल अधिकारी शायद व्यस्त थी, या फिर उन्हें लगा कि नियमों का पालन खुद-ब-खुद हो जाएगा ! लेकिन महापौर के सख्त रवैये ने यह स्पष्ट कर दिया कि अगर अधिकारी फील्ड में नहीं जाएंगे, तो उन्हें सख्ती झेलनी पड़ेगी। मौके पर पहुंचकर उन्होंने संबंधित दुकानों को सील करने और भारी जुर्माना लगाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री



योगी आदित्यनाथ के स्पष्ट निर्देश हैं कि किसी भी मंदिर परिसर के 500 मीटर के दायरे में नवरात्रि के दौरान मीट की दुकानें नहीं खुलनी चाहिए। लेकिन यह आदेश शायद सिर्फ कागज़ों में ही घूम रहा था, क्योंकि जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही थी। महापौर ने स्पष्ट किया कि धार्मिक आस्थाओं का सम्मान सर्वोपरि है और जो इस नियम को हल्के में लेंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

## नव वर्ष का कार्यक्रम हुआ संपन्न

स्वतंत्र प्रभात

बिसवां सीतापुर चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2082 हिंदू नव वर्ष का कार्यक्रम सरस्वती शिशु मंदिर में संपन्न हुआ। इसमें मुख्य अतिथि क्षेत्र सामाजिक समरसता संयोजक नरेंद्र जी ने कहा कि भारत प्रगति के पथ पर अग्रसर है। ऐसे में देश के प्रत्येक नागरिक को अपने कर्तव्य का पालन कर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। इस दौरान जिला प्रचारक सुरेंद्र, नगर संघ संचालक राजेश, नगर प्रचारक चक्रपाणि, ऋतुराज सिंह,



आशीष गुप्ता, विशाल गुप्ता, रूपेश अवस्थी, महानारायण, प्रभाकर शुक्ला, राजेंद्र तिवारी अन्य स्वयंसेवक मौजूद रहे।

## तीन दिवसीय सुरक्षा एवं संरक्षा आधारित प्रशिक्षण का किया गया आयोजन



स्वतंत्र प्रभात

सीतापुर आज दिनांक 30 मार्च 2025 को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों हेतु तीन दिवसीय सुरक्षा एवं संरक्षा आधारित प्रशिक्षण का आयोजन किया गया. प्राचार्य/उपशिक्षा निदेशक अतुल कुमार सिंह के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन दिनाँक 28 से 30 मार्च तक छात्रों को विद्यालय से घर एवं घर से विद्यालय तक एक सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किये जाने के उद्देश्य से किया गया। छात्रों के गुणवत्तापूर्ण अधिगम सुनिश्चित किए जाने के हेतु शिक्षकों के क्षमता संवर्धन हेतु सुरक्षा एवं संरक्षा संबंधी प्रशिक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है । इस प्रशिक्षण में सुरक्षित विद्यालय वातावरण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, आपदा प्रबंधन, साइबर सुरक्षा, सड़क सुरक्षा एवं यातायात संबंधी अन्य महत्वपूर्ण विषयों को सम्मिलित किया गया है। यह प्रशिक्षण न केवल विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को सुनिश्चित करेगा बल्कि छात्रों के माध्यम से समस्त समुदाय तक पहुँच कर उनके जीवन की गुणवत्ता में वृद्धि करने में भी सहायक सिद्ध होगा। प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस में श्री संजीव कुमार संभागीय निरीक्षक परिवहन विभाग के द्वारा सड़क सुरक्षा एवं यातायात तथा श्री मनोज कुमार सिंह, राज्य सलाहकार, स्कूल शिक्षा द्व1ड्डद्ध आपदा न्यूनीकरण, यूनिसेफ, लखनऊ,उ. प्र. द्वारा आपदा प्रबंधन संबंधी बहुत ही रोचक एवं महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई। प्रशिक्षण में स्नेह लता वर्मा, राजेश्वरी वर्मा, अमित शुक्ला आलोक, शालिनी उपस्थित रहे प्रशिक्षण की नोडल मोनिका गौतम ने सुरक्षा एवं संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इस प्रशिक्षण को छात्रों के माध्यम से उनके समुदाय तक पहुंचाने हेतु एवं एक सुरक्षित समाज के निर्माण में अपनी भूमिका का निर्वहन करने हेतु शिक्षकों को प्रेरित किया गया।

## हिंदू नववर्ष की बधाई देकर किया सुंदरकांड का पाठ



स्वतंत्र प्रभात

**माल, लखनऊ।** मां बाराही देवी मंदिर प्रांगण में नववर्ष के उपलक्ष्य में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन किया गया। आपको बता दें कि विकासखंड माल की ग्राम पंचायत सस्पन के अटेर गांव स्थित प्रसिद्ध सिद्ध पीठ मां बाराही देवी मंदिर प्रांगण में रविवार को हिन्दू नव वर्ष के उपलक्ष्य में हनुमान जी महाराज के समक्ष ज्योति प्रज्ज्वलित कर सुंदर कांड पाठ का शुभारंभ हुआ। इसके पश्चात हनुमान चालीसा और रामधुन के साथ सुंदरकांड पाठ का समापन हुआ। सुंदरकांड के दौहे और चौपाइयों का मधुर स्वर में गायन किया। युवाओं ने आने वाले वर्ष में सभी के लिए मंगलकामनाएं की । इस आयोजन में बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित थे।

## संक्षिप्त ख़बरें

### चैत्र नवरात्रि के पहले दिन मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़, पुलिस रही अलर्ट



**अमेठी।** जिले में चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिवस पर जनपद अमेठी के विभिन्न मंदिरों संग्रामपुर स्थित मां कालिकन धाम, गौरीगंज स्थित दुर्गन भवानी मंदिर, मुसाफिरखाना में स्थित माता हिंगलाज धाम में श्रद्धालुओं द्वारा अत्यधिक संख्या में मंदिरों पर पहुंच कर पूजा-अर्चना करने एवं मंदिर परिसर के आस-पास लगने वाले मेलों के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक अमेठी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी हरेन्द्र कुमार के पर्यवेक्षण में समुचित पुलिस बल तैनात किया गया है। क्षेत्राधिकारी के द्वारा अपने-अपने सर्किल में पुलिस बल का नेतृत्व करते हुए एवं भ्रमणशील रह कर श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है । अराजक एवं शरारती तत्वों पर नजर रखते हुए सतत निगरानी की जा रही है । सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था में तैनात पुलिस बल को सतर्कतापूर्वक ड्यूटी करने के संबध में ब्रीफ कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये हैं।

### व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने नवागंतुक प्रभारी निरीक्षक का किया स्वागत



**डलमऊ रायबरेली** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल इकाई डलमऊ के अध्यक्ष ने संगठन के पदाधिकारियों के साथ कोतवाली पहुंचकर नवांगतुक प्रभारी निरीक्षक श्याम कुमार पाल का माला पहनाकर स्वागत किया।संगठन के अध्यक्ष रामगोपाल वैश्य ने कोतवाली प्रभारी से व्यापारियों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए क्षेत्र में आपराधिक घटनाओं को रोकने एवं सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने पर विस्तार से चर्चा की जिस पर प्रभारी निरीक्षक ने व्यापारियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि लोगों की सुरक्षा एवं अपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाना उनका पहला कर्तव्य होगा। न्याय के लिए उनके दरवाजे सभी के लिए खुले है। इस मौके पर संरक्षक सरयू प्रसाद सोनकर, नगर अध्यक्ष रामगोपाल वैश्य, अरविंद अग्रवाल जिला उपाध्यक्ष, महामंत्री/ अध्यक्ष सर्राफा एसोसिएशन आशीष सोनी, पुरुषोत्तम शुक्ला नगर अध्यक्ष कपड़ा एसोसिएशन, टेसू दीक्षित नगर अध्यक्ष मोबाइल एसोसिएशन,शैलेन्द्र कुमार नगर अध्यक्ष कंप्यूटर एसोसिएशन, मो. सईद नगर अध्यक्ष उद्योग मंच,पथवारी शंकर नगर कोषाध्यक्ष,संतोष कौशल नगर उपाध्यक्ष,सुनील होंडा नगर संगठन महामंत्री आदि लोग मौजूद रहे।

### ऑटो पलटने से एक की मौत दो गंभीर रूप से घायल

**डलमऊ रायबरेली-** शनिवार देर रात को एक तेज रफ्तार ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया जिससे ऑटो में सवार एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई वहीं ऑटो ड्राइवर एवं एक अन्य सवार गंभीर रूप से घायल हो गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के कटघर गांव में शनिवार देर रात एक तेज रफ़्तार ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया जिससे ऑटो बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया वहीं ऑटो ड्राइवर सहित दो अन्य सवार गंभीर रूप से घायल हो गए।सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया गया जहां पर ऑटो सवार अनुज पुत्र प्रेम उम्र लगभग 24 वर्ष निवासी पुरे राना मजरे भीरा गोविंदपुर लालगंज की मौत हो गई वहीं गंभीर रूप से घायल मृतक के मौसा राम सजीवन का प्राथमिक उपचार किया जा रहा है।युवक के मौत की सूचना परिजनों को मिली तो कोहराम मच गया सभी का रो-रो कर बुरा हाल है।इस संबंध में कोतवाली प्रभारी श्याम कुमार पाल ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है,मुकदमा दर्ज कर लिया गया है विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### एडीसीपी ने बारह देवी मेला क्षेत्र का किया निरीक्षण

**कानपुर।** चैत्र नवरात्र के प्रथम नवरात्र व आगामी रामनवमी त्यौहार के दृष्टिगत आज दिनांक 30-03-2025 को अपर पुलिस उपायुक्त दक्षिण महेश कुमार द्वारा थाना क्षेत्र किदवई नगर स्थित मां बारह देवी मंदिर व थाना क्षेत्र जूही में लगने वाले मां बारादेवी मेले का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण कर अधिकारियों/कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने मंदिर कमेटी के सदस्यों एवं क्षेत्रीय व्यक्तियों के साथ वार्ता कर सुरक्षा से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की एवं रामनवमी के अवसर पर शांति एवं सौहार्द बनाए रखने हेतु सभी से सहयोग की अपील की। उन्होंने अधिकारियों को सतर्कता बरतने, संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने तथा पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## ग्राम प्रधान के जिलाधिकारी से सम्मानित होने पर ग्रामीणों में खुशी

स्वतंत्र प्रभात



**भेटुआ,अमेठी।** गांव के क्षय रोग से मुक्त होने के साथ विविध क्रिया कलापों में श्रेष्ठ होने पर ग्राम प्रधान के जिलाधिकारी के हाथों सम्मानित होने पर ग्रामीणों ने खुशी जाहिर की है। गांव में सड़को के साथ अन्य आवश्यक आवश्यकताओं की पूर्ति होने से ग्रामीणों में खुशहाली झलक रही है।क्षेत्र के पधौली गैरिकपुर गांव की प्रधान बिंदु देवी पत्नी एडवोकेट जगन्नाथ तिवारी को गांव के क्षय रोग मुक्त होने पर जिलाधिकारी अमेठी निशा अनंत ने सम्मानित कर उत्साह वर्धन किया है। ग्राम प्रधान के सम्मानित होने की सूचना से ग्रामीणों में खुशी छा गई।

ग्राम प्रधान प्रतिनिधि समाजसेवी जगन्नाथ तिवारी ने बताया कि गांव की मुख्य सड़को सहित गलियों, हैंड पंपों सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर साफ सफाई का ध्यान रखा जाता है,साथ ही ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया जाता है। बताया कि कुछ दिनों पहले गांव का ही एक युवक जगत भीम (40 वर्ष) क्षय रोग से पीड़ित हो गया था। जिसका समुचित इलाज सरकारी अस्पताल में चला और जिसके साथ विशेष ध्यान भी दिया गया जिसके चलते आज वह रोगमुक्त हो गया है। गांव के लोगों में खासा उत्साह व्याप्त है। गांव निवासी अनिल तिवारी, विनय कुमार, दया नंद तिवारी, स्वामीनाथ, शिव बहादुर यादव, जगत बहादुर सिंह के साथ बड़ी संख्या में लोगों ने खुशी जाहिर की है।

## ब्लूमिंग चाइल्ड पब्लिक स्कूल में संपन्न हुआ संगोष्ठी व वार्षिक परीक्षा फल वितरण कार्यक्रम

स्वतंत्र प्रभात





**लालगंज, रायबरेली।** क्षेत्र में बहुचर्चित शिक्षण संस्थान ब्लूमिंग चाइल्ड पब्लिक स्कूल बाल्हेमऊ ऐहार में वार्षिक परीक्षा फल वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि संगीता पाल द्वारा मां वीणा-वादिनी का माल्यार्पण करके किया गया। कार्यक्रम के इस अवसर पर विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा अभिभावकों को भाव विभोर कर देने वाले स्वगत गीत प्रस्तुत किए गए। विद्यालय के प्रधानाचार्य भानु प्रताप यादव ने अपने संबोधन में विद्यालय प्रबंध तंत्र समिति की ओर से शिक्षा के क्षेत्र में अनवरत किए गए प्रयासों का उल्लेख किया शिक्षा की गुणवत्ता पर प्रकाश डाला वहीं विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर स्वदेश यादव ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा में गुणवत्ता बनाए रखने के लिए तथा छात्रों को समाज का कुशल मार्गदर्शक बनाने के लिए विद्यालय व अभिभावक दोनों का योगदान होना अति आवश्यक है। साथ ही नई शिक्षा नीति के तहत शिक्षा के क्षेत्र में हुए बदलावों के बारे में भी अभिभावकों को अवगत कराया गया। विद्यालय के प्रबंध तंत्र समिति के अध्यक्ष मुकेश सिंह द्वारा समस्त कक्षाओं के सभी वर्गों के प्रथम द्वितीय तथा तृतीय श्रेणी के छात्रों को मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान करके उनको सम्मानित किया गया तथा चतुर्थ व पंचम श्रेणी के छात्रों को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर उनका उत्साह वर्धन किया गया। विद्यालय की पीआरओ दिव्यांशी तिवारी ने कार्यक्रम में आए हुए सभी अभिभावकों का धन्यवाद ज्ञापित किया संगोष्ठी में मौजूद अभिवावकों को बच्चों को प्रतिदिन स्कूल भेजने की अपील की और बताया कि सुनीता पाल इस वर्ष अपने बच्चे को प्रतिदिन स्कूल भेजा उसको प्रतिक चिन्ह देकर सम्मानित किया उनसे सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का योगदान सराहनीय रहा। कार्यक्रम का संचालन कर रही महलका अकबर ने शानदार शब्दों से कार्यक्रम को संबोधित किया।

## पत्रकारों की सुरक्षा- संरक्षा सँग आवश्यक सुविधाएं हों सुलभ, रुके उत्पीड़न डॉ0 परमेश्वर दयाल श्रीवास्तव

**● संगठन का विस्तारीकरण एवं सुदृढ़ीकरण परम् लक्ष्य ग्रापए का**

स्वतंत्र प्रभात



**सोनभद्र।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तरप्रदेश के संगठनात्मक क्रियाकलापों को और अधिक तेज तथा प्रभावी बनाने एवं नव ऊर्जा से आप्लावित करने के दृष्टिगत दो चरणीय बैठक ओबरा स्थित किड्स केयर में आयोजित की गई। बतौर मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार नरेंद्र नीरव ने सामयिक और बुनियादी विसंगतियों पर अलोकपात करते हुए निर्भीक पत्रकारिता का आह्वान किया। सभा की अध्यक्षता कर रहे संगठन के जिला जिला अध्यक्ष डॉ0 परमेश्वर दयाल श्रीवास्तव ÷पुष्कर÷ ने कहा ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ग्राम्यांचलों से लगायत नगर , शहर , जनपद व मण्डल तक संव्याप्त है और अब आवश्यकता इसके विस्तारीकरण तथा सुदृढ़ीकरण की है जिसके तहत नगर , उपनगर, ब्लॉक, तहसील व अन्यान्य क्षेत्रीय इलाकों तक मुहिम चलाना होगा ताकि मीडिया न्याय से वंचित न रहे। उन्होंने संगठन की मजबूती पर बल देते हुए बैठक के दौरान दर्जनों पत्रकार को संगठन की सदस्यता दिलाई तथा अपील की ओबरा तहसील इकाई के पुनर्गठन किये जाने की समयावधि के अंदर।समारोह का संचालन कर रहे पूर्व जिला अध्यक्ष व अधिवक्ता सुधाकर मिश्रा ने कहा कि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन कल भी आम जनों की समस्या, मूलभूत आवश्यकताओं या उत्पीड़न पत्रकारों का हो, सदैव अग्रिम पंक्ति में खड़े होकर आन्दोलनात्मक तौर पर या कलम की धार पर बेबाकी से आवाज उठाता रहा है। मंचासीन वरिष्ठ पत्रकार एवं ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के पदाधिकारी सरदार एसपी तनेजा ने कहा कि पत्रकारिता समाज और देश का प्रखर प्रहरी है इसे हर हाल में अपनी गरिमा और कर्तव्य का निर्वहन करना ही होगा और सच मायने में इसे ही पत्रकारिता मिशन कहा जाता है। किड्स केयर स्कूल के निदेशक जगदीप सिंह ने कहा कि पत्रकारिता धर्म एक ऐसी निस्वार्थ भावना वाली तपस्या है जिसे करना किसी साधना से कम नहीं है और आज इस संगोष्ठी में बैठे पत्रकार समाज और देश की दशा दिशा पर साधना कर रहे हैं। वरिष्ठ पत्रकार कमाल अहमद ने कहा कि साहित्य व पत्रकारिता समष्ठिहित पर आधृत है, यह धर्म आधारित नहीं अपितु समाज, साहित्य संविधान और मानवता आधारित बने तभी हम एक स्वस्थ समाज समेत समृद्ध राष्ट्र अपनी अगली पीढ़ी को दे सकते हैं।

उत्तम सिंह ने पत्रकार उत्पीड़न और अराजकतावादी तत्वों के खिलाफ संगठित मुहिम चलाने का आह्वान करते हुए अपने अनुभवों को साझा किया और पत्रकार उत्पीड़न के खिलाफ मोर्चा खोलने पर बल दिया। पत्रकार श्रृंखला में प्रमुख रूप से जगदीश तिवारी, राजवंश चौबे, ए0 के0 गुप्ता, नीरज पाठक, शमशाद आलम, इमरान खान, संतोष नागर, ईश्वर प्रसाद जायसवाल, ज्ञानदास कन्नौजिया, रामरूप शुक्ला, कमलेश विश्वकर्मा सँग अन्य पत्रकारों की मौजूदगी रही ओबरा की सभा में जिन्होंने सामाजिक परिवेश में स्वस्थ, स्वच्छ और निरपेक्ष पत्रकारिता पर बल दिया। इस अवसर पर अजीत सिंह,रिजवान अहमद, कन्हैया कुमार केशरी, विकास कुमार, अरविंद कुशवाहा समेत बड़ी तादाद में पत्रकारों- कलमकारों की सक्रिय समुपस्थिति रही। आभार ज्ञापित किया एस0 पी0 तनेजा ने।

## जिला जज, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा जिला कारागार चुर्क घुर्मा सोनभद्र का किया गया निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात



**सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश-**जिला जज रवीन्द्र विक्रम सिंह, जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह, पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा, शैलेन्द्र यादव, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सी0जे0एम0 आलोक यादव द्वारा रविवार को जिला कारागार चुर्क (घुर्गा), सोनभद्र का निरीक्षण किया गया।इस दौरान पाकशाला में बन्दियों हेतु सुबह का भोजन तैयार किया जा रहा था। तैयार किये जा रहे भोजन की गुणवत्ता में सुधार हेतु जेलर को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान कारागार में बन्दियों की बीमारी आदि के सम्बन्ध में जेल के बंदियों से जानकारी प्राप्त की गई तथा बन्दियों के स्वास्थ्य का जायजा मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा लिया गया। इस दौरान कारागार की बैरकों की साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था दिन एवं रत्रि शौचालय, स्नान व्यवस्था आदि का अवलोकन किया गया और जेलर को निर्देशित किया गया कि बन्दियों हेतु बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। जिला जज द्वारा बन्दियों को कारागार में वकील की व्यवस्था है कि नहीं, के सम्बन्ध में भी बन्दियों से जानकारी ली गयी। जिन बन्दियों के पास वकील की व्यवस्था न होने की बात संज्ञान में आयी। उन बन्दियों के लिए विधिक सेवा के माध्यम से अधिवक्ता की व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये।कारागार में कार्य करने के बदले मिलने वाली पारिश्रमिक आदि के सम्बन्ध में जानकारी ली गयी, कारागार की बैरकों में निरूद्ध बन्दियों की बैरकों के अन्दर जाकर उनके रहन-सहन, बिस्तर, इन्डोर गेम व आउट डोर गेम के साथ-साथ विचार परिवर्तन हेतु संचालित किये जा रहे। कार्यक्रम आदि के सम्बन्ध में विधिवत जानकारी प्राप्त की गयी। इस दौरान बन्दियों से सीधा संवाद कर जेल में मिल रही सुविधाओं के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त कर सम्बन्धित जेलर को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 अश्वनी कुमार, अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग प्रान्तीय खण्ड शैलेश ठाकुर, जे0पी0दूबे जेलर, गौरव कुमार एवं अन्य कारागार कार्मियों सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहे।

## नगर में गृहकर की प्रक्रिया शुरु, रहवासियों में नाराजगी

**● शासन ने प्रदेश के सभी निकायों में गृहकर लगाने का शासनादेश किया जारी- ईओ**

स्वतंत्र प्रभात




**दुद्धी,सोनभद्र-** नगर में हाउस टैक्स लगाने संबंधी प्रक्रिया अमल में आते ही नगरवासियों में आक्रोश देखा जा रहा है। सरकार द्वारा प्रदेश के सभी निकायों में अनिवार्य रूप से हाउस टैक्स संबंधी शासनादेश जारी करते ही नगर प्रशासन सक्रिय हो गयी है। दुद्धी नगर पंचायत में भी विगत एक सप्ताह से हाउस टैक्स संबंधी स्व निर्धारण प्रपत्र वितरण की प्रक्रिया तेज कर दी गयी है। हाउस टैक्स प्रपत्र के वितरण से अधिकांश नगरवासियों ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि यहां अधिकांश गरीब रहते हैं,जो हाउस टैक्स देने की स्थिति में नही हैं। जबकि सरकारी फरमान का हवाला देते हुए अधिशासी अधिकारी भोलानाथ सिंह कुशवाहा ने कहा कि यह शासनादेश पूरे प्रदेश में प्रभावी है। शासन के निर्देश के अनुसार यदि हाउस टैक्स नही जमा हुआ तो नगर विकास से सम्बंधित तमाम योजनाओं का पैसा रोक दिया जायेगा। इससे नगरीय विकास थम जायेगा। उन्होंने कहा कि दुद्धी में हाउस टैक्स का निर्धारण बहुत कम दर पक्का मकान 40 पैसा प्रति वर्ग फिट और कच्चा मकान 25 पैसा प्रति वर्ग फिट पर किया गया है। जैसे कि यदि किसी का पक्का मकान एक हजार स्क्वायर फिट में है तो उसका आगणन 20 फीसदी कम करके 800 वर्ग फिट पर किया जायेगा। इस प्रकार 800 फिट का 40 पैसे की दर से 320 रुपये माह और 3840 रुपये सालाना का 10 फीसदी 384 रुपये सालाना हाउस टैक्स आयेगा। जो मात्र 1 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से ही टैक्स आयेगा। जो बहुत ही आंशिक व कम है। उन्होंने नगरवासियों से अपील करते हुए कहा है कि नगरीय विकास के हित में शीघ्र फार्म भरकर नगर पंचायत ऑफिस में जमा करें।

## विद्यालय में अंक पत्र पाकर बच्चों के खिले चेहरे



स्वतंत्र प्रभात

**अमेठी।** जिले के केपीएस मेमोरियल पब्लिक स्कूल तारापुर मिसरौली विकास खण्ड संग्रामपुर मे वार्षिक प्रगति पत्र वितरित किया गया, जिसको लेकर बच्चों के मन में उत्साह एवं प्रसन्नता का माहौल रहा। अंक पत्र पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। अगली कक्षा में प्रवेश को लेकर बच्चे उत्साहित रहे। कक्षा में पहला, दूसरा, तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को मेडल, सर्टिफिकेट, सील्ड और गाउन पहनाकर सम्मानित किया गया। कक्षा में बेस्ट डिसिप्लिन, बेस्ट यूनिफार्म एवं 100त्न उपस्थित वाले छात्रों को भी सील्ड और सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। विद्यालय के मेधावी छात्रों में श्रद्धा द्विवेदी, प्रियांशी मौर्या, दिव्यांसी मिश्रा, श्रेया यादव, शुभांगी शुक्ला, रिहा यादव, आदर्श मिश्रा, अपनी कक्षा में स्थान प्राप्त किया।इस अवसर पर विद्यालय के प्रबन्धक राघवेन्द्र प्रताप सिंह व प्रिंसिपल बजरंग बहादुर सिंह, ने बच्चों को मेडल, सर्टिफिकेट और सील्ड प्रदान किया। प्रधानाचार्य बजरंग बहादुर सिंह ने बच्चों एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों के सम्पूर्ण विकास के लिए विद्यालय और अभिभावक के बीच स्वस्थ सम्बन्ध होना आवश्यक है, इसी से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है।प्रगति पत्र वितरण समारोह में विरेन्द्र बहादुर सिंह, निशा सिंह, वेद प्रकाश द्विवेदी चिन्टू सहित शिक्षक/शिक्षिकाएँ एवं छात्र एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे।

## हिन्दू रीति-रिवाज के अनुसार किया गया बन्दर का अंतिम संस्कार



**जामों,अमेठी।** जिले के जामो थाना क्षेत्र के महाराजपुर गांव में एक अनोखी घटना सामने आई है। यहां पर ग्रामीणों ने एक बंदर का पूरे हिंदू रीति-रिवाज के साथ अंतिम संस्कार किया।दरअसल संदिग्ध परिस्थितियों में एक बंदर की मौत के बाद गांव वालों ने उसके शव को तख्त पर लिटाया और फूल मालाओं से सजाया उसके बाद कफन में लपेटा। और फिर इसके बाद कब्र खोदी गई और विधिवत तरीके से उसका अंतिम संस्कार किया गया।गांव वालों ने यह भी घोषणा की है कि वे बंदर की आत्मा की शांति के लिए 13 दिन बाद भोज का आयोजन भी करेंगे। उनका मानना है कि इससे बाद ही बंदर की आत्मा को मुक्ति मिलेगी।वहीं इस अंतिम संस्कार में अजय सिंह, सोनू सिंह, गया प्रसाद शुक्ल, रोहित शुक्ला समेत सैकड़ों ग्रामीण शामिल रहे।

## श्याम कुमार को मिली कमान,पवन कुमार हुए लाइन हाजिर

**● डलमऊ कोतवाली में तैनात उपनिरीक्षक चंद्रवीर व शशांक पांडे हुए निलंबित**

**कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखने के लिए कप्तान ने कई निरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में किया फेरबदल तबादला**

स्वतंत्र प्रभात



**डलमऊ रायबरेली-** पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह ने रायबरेली जनपद में तैनाती के बाद पहली बार बड़ी कार्यवाही करते हुए डलमऊ कोतवाल को लाइन हाजिर कर दिया।वहीं कोतवाली डलमऊ में तैनात दो उपनिरीक्षकों पर निलंबन की कार्यवाही करते हुए पुलिस महकमें में हलचल मचा दी।कप्तान ने डलमऊ की कमान शिवगढ़ थाना प्रभारी रहे श्याम कुमार पाल कों सौंपी है।अब देखना होगा कि नवागंतुक प्रभारी निरीक्षक चुनौतियों का सामना कैसे करते हैं। पूर्व में तैनात कोतवाली प्रभारी के कार्यकाल में कई आपराधिक घटनाएं हुई लेकिन उनमें से अधिकतर का खुलासा नहीं किया जा सका है। नए थानेदार पर अपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने और अपराधों का खुलासा करने का बड़ा दबाव होगा।वही डलमऊ थाने पर दलालों का दबदबा बना रहता है।माना जाता कि डलमऊ में जो भी थानेदार आते है यहां से उनका जाने का मन नहीं होता है।डलमऊ थाने में तैनात रहे पवन सोनकर पर हर मामले में आरोप प्रत्यारोप लग रहे थे और क्षेत्र में ज्यादातर चोरी, छीनैती, टप्पेबाजी, लूट जैसी घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रही थी।कोई भी घटनाओं का खुलासा न कर पाना भी कोतवाल के लिए नाकामी साबित हो रही थी।वहीं कोतवाल साहब खबरों से तिलमिला कर पत्रकारों को फर्जी मुकदमे में फंसाने का धमकी भी दिया करते थे। तभी डलमऊ कोतवाल के इतने मामले सामने आ गए कि रायबरेली पुलिस अधीक्षक ने भ्रष्टाचार में लिप्त डलमऊ थाने के दो दरोगा को निलंबित कर दिया है वहीं थाना प्रभारी डलमऊ पवन सोनकर को पुलिस लाइन भेज दिया है तथा अन्य कई निरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया गया है।जनपद के पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह ने तबादला सूची जारी करते हुए बताया कि डलमऊ कोतवाली प्रभारी पवन कुमार सोनकर को पुलिस लाइन भेजा गया है वही डलमऊ के थाना प्रभारी रहे पवन सोनकर पर भ्रष्टाचार के मामले में उन्नाव जनपद के माखी थाने में बीते कुछ दिन पहले मुकदमा दर्ज किया गया था।वही डलमऊ थाने के ही भ्रष्टाचार में लिप्त उप निरीक्षक चंद्रवीर सिंह व उपनिरीक्षक शशांक पांडे को निलंबित कर दिया गया है।

## शराब की दुकान को अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग को लेकर अपना दल एस के प्रदेश उपाध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात



**ओबरा/ सोनभद्र-** स्थानीय थाना क्षेत्र के अन्तर्गत चोपन रोड के स्थानीय निवासियों ने अभिषेक जयसवाल के नेतृत्व में अपना दल एस के प्रदेश उपाध्यक्ष (युवा मंच) एवं राष्ट्रीय नवनिर्माण सेना ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष आनन्द पटेल दयालु को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि शराब की दुकान के कारण सड़क पर महिलाओं का चलना कठिन हो गया है। यह दुकान एक गुरुद्वारा (50 मीटर) और मंदिर (70 मीटर) के नजदीक स्थित है और आवासीय क्षेत्र के बीच होने के कारण स्थानीय नागरिकों को असुविधा हो रही है। रहवासियों की मांग को गंभीरता से लेते हुए आनन्द पटेल दयालु ने तुरंत जिला आबकारी अधिकारी से संपर्क किया। फोन पर हुई वार्ता में अधिकारी ने मामले की जांच का आश्वासन दिया। श्री दयालु ने स्पष्ट किया कि यदि दुकान को अन्यत्र नहीं हटाया गया तो स्थानीय नागरिक आंदोलन करने को बाध्य होंगे जिसकी जिम्मेदारी संबंधित अधिकारी की होगी। उन्होंने कहा कि कुछ अधिकारियों की लापरवाही से सरकार की छवि खराब हो रही है, जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।और वहीं आनन्द पटेल दयालु ने जल्द ही उच्च अधिकारियों से मिलकर इस प्रकरण का समाधान कराने का आश्वासन दिया। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से अभिषेक जायसवाल (संगठन मंत्री, उत्तर प्रदेश व्यापार संगठन, ओबरा), मनीष कुमार, अभय सिंह, संतोष कनौजिया, पवन, जनाब आबिद, सुमेर पटेल, चंद्रशेखर माली (जिला अध्यक्ष, माली समाज) सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे। अन्त में श्री दयालु ने कहा, "आम आदमी के हितों के लिए सदैव संघर्ष करता रहूंगा।

## हीटवेब/लू से बचाव के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधानगण व अधिकारियों के साथ की बैठक

स्वतंत्र प्रभात



**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हीटवेब/लू से बचाव के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ बैठक की गयी। इस दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि हीटवेब/लू से बचाव हेतु जन जागरूकता अभियान चलाया जाये। हीटवेब के दौरान क्या करें और क्या न करें, के सम्बन्ध में जन मानस को जानकारी दी जाये। उन्होंने कहा कि गर्म हवाएं/लू की स्थिति में क्या करें और क्या न करें, रेडियों, टीवी और समाचार पत्रों के माध्यम से स्थानीय मौसम एवं तापमान की जानकारी रखें। पर्याप्त आर नियमित अन्तराल पर पानी पीते रहें। सफर में अपने साथ पीने का पानी हमेशा रखें। .खुद को हाइडेऊट्रेड रखने के लिए ओ0आर0एस घोल, नारियल पानी, लस्सी, चावल का पानी, नींबू का पानी, छांछ, आम का पन्ना इत्यादि घरेलू पेय पदार्थ का इस्तामाल करें। हल्के रंग का ढीले-ढाले और सूती कपड़े पहनें।.धूप में निकलते समय अपना सिर ढक कर रखें, कपड़े, टोपी या छाता का उपयोग करें। कोविड अनुकूल व्यवहार का अपनाएं हांथों को साबुन और पानी से बार-बार धोए मॉस्क का प्रयोग एवं सामाजिक दूरी का पालन करें। नियोक्ता और कर्मचारी के लिये, कार्य स्थल पर ठंडा पेयजल उपलब्ध रखें। कर्मचारियों को सीधी धूप मे काम करने से सावधान करें। अत्यधिक परिश्रम वाले कार्यो को दिन के ठंडे समय मे निर्धारित करें। खुले वातावरण या बाहरी गतिविधियों के लिए अवकाश की आवृति व समय में वृद्धि करें। गर्भवती एवं ऐसे कर्मचारियों को जिन्हें चिकित्सा देख-भाल की जरूरत हो उनका अतिरिक्त ध्यान रखें। वृद्ध एवं संवेदनषील व्यक्तियों के लिये, .अत्यधिक गर्मीध्लू के दौरान दिन में कम से कम दो बार उनकी जॉच करें, विषेश रूप से जब वे अकेले हों।सूनिश्चित करें कि उनके पास फोन हो।

यदि वे गर्मी से बेचौनी या तनाव महसूस कर रहे हों तो उन्हे ठंडक देने का प्रयास करें।.उन्हें ठंडे पानी से नहलाएं, उनके गर्दन, पेट एवं सिर पर बार-बार गीला तौलिया रखें। ठंडा रखने की कार्यवाही के उपरान्त चिकित्सक या एम्बुलेंस की मदद लें। उन्हे अपने पास हमेशा पानी की बोतल रखने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि शिशुओं के लिए .उन्हें र्प्याप्त मात्रा में तरल पदार्थ एवं पानी पिलाएं। अत्यधिक गर्मीध्लू के दौरान षिषुओं में होने वाली बीमारियों के बारे में जाने । यदि बच्चों के पेशाब का रंग गहरा नजर आये तो समझ लें कि वह डिहाइडेऊट्रेड (पानी की कमी) के शिकार हैं। बच्चों को बिना निगरानी के पार्क की गयाी कार में अकेला न छोड़ें, वाहन जल्दी गर्म होकर खतरनाक तापमान पैदा कर सकते है जो बच्चों के लिये घातक हो सकती है। पशुओं के लिए .जहां तक संभव हो, तेज गर्मी के दौरान जानवरों को घर के अन्दर रखें। यदि उन्हें घर के भीतर रखा जाना संभव न हो तो उन्हें किसी छायादार स्थान में रखें, जहां वे आराम कर सकें । ध्यान रखें कि जहां उन्हें रखा गया हो वहां दिन भर छाया रहें। जानवरों को किसी बंद गार्डेन शेड या गैराज में न रखें, क्योंकि गर्म दिन में इन्हे जल्दी गर्मी लग सकती है।

ध्यान रखें कि आपके जानवरों को पीने के लिये साफ और ताजा पानी उपलब्ध हो, पानी को धूप में न रखें इससे पानी गरम हो जायेगा। दिन के समय उनके पानी में बर्फ का टुकडा ड़ालें जिससे पानी ठंडा रहे। पीने के पानी के दो बर्तन रखें ताकि एक में पानी खत्म होने पर दूसरे बर्तन में भरे पानी को वो पी सकें। अपने पालतू जानवरों का खाना धूप में न रखें। किसी भी परिस्थिति में जानवरों को वाहन में अकेला न छोडें। उन्होंने कहा कि अन्य सावधानियॉ जितना हो सके घर के अंदर रहें। अपने घर को ठंडा रखें। पर्दे, शटर या सनशेड का प्रयोग करें और रात मे खिड़कियां खुली रखें। घर के निचली तलों पर रहने का प्रयास करें। पंखे का प्रयोग करें, ठंडे पानी में नियमित स्नान करें। कमजोरी, चक्क आने या बीमार महसूस होने पर तुरन्त डॉक्टर को दिखाए।

# रामनवमी पर गोविंद नगर में निकली भव्य शोभायात्रा

## -समाजसेवी विजय कपूर ने झंडी दिखाकर किया रवाना

स्वतंत्र प्रभात



**कानपुर।** रामजी की निकली सवारी, रामजी की लीला है न्यारी के गानो के बीच गोविन्द नगर क्षेत्र में रविवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई।शोभा यात्रा को पूर्व विधायक अजय कपूर व कोपोस्टेट चेयरमैन विजय कपूर ने झण्डी दिखाई। श्री सनातनधर्म सभा मोहन मन्दिर ब्लाक-5 गोविन्द नगर द्वारा निकाली गई भव्य शोभायात्रा में सबसे आगे विशाल सनातन धर्म का ध्वज था। इसके बाद रामायण की झाकी, जिस पर सुन्दरकाण्ड मण्डली द्वारा भजन किया जा रहा था।इसके बाद बैण्ड एवं रामचरितमानस के प्रसंगो के आधार पर बनाई गई विभिन्न प्रकार की मनोरम झांकियां थी जिसमें से प्रमुख माता दुर्गा जी साई दरबार, शबरी की कुटिया में राम लक्ष्मण (शबरी के बेर) कैलाश पर्वत पर शंकर जी, राजमहल में दशरथ जी विश्वामित्र वशिष्ठ जी, राम लक्ष्मण झांकी, अशोक वाटिका में सीता जी प्रमुख थी।

शोभा यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।पूरे गोविन्द नगर क्षेत्र को झालरों व सनातन पताकाओं से सजाया गया था। व्यापार मंडलों द्वारा जगह-जगह जलपान की व्यवस्था की गई। शोभा यात्रा सनातन धर्म मोहन मंदिर से शुरू होकर नटराज, लेबर कालोनी, बाटा,चावला, नंदलाल होते हुए वापस मंदिर पर समाप्त हुई। शोभा यात्रा में प्रमुख रूप से बलदेव राज मल्होत्रा, सुनील दीक्षित, रामकुमार पाठक, प्रकाश वीर आर्य, अंकुर खन्ना, भारत भूषण कपूर, अनिल बजाज, सुशील भोला, मनोज बग्गा, विमल गोस्वामी, कारण गोस्वामी, प्रवीन चोपड़ा, कुलदीप सेठी, राजीव भल्ला, राहुल बघेल, गगन पाठक,ओंकारनाथ मल्होत्रा, अनिल धवन, गुलशन बल्लूजा डॉ भूपेंद्र दुआ अनिल यादव नीरज चढ़ा राकेश पाटनी अनिल कपूर संजय कत्याल आदि रहे।

## प्रधानाध्यापिका के सेवानिवृत होने पर विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित



**जौनपुर** जलालपुर क्षेत्र के भाऊपुर कंपोजिट जूनियर हाई स्कूल की प्रधानाध्यापिका गीता मिश्रा शनिवार को सेवानिवृत हो गयी।विद्यालय परिवार की तरफ से उनका विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रूद्रसेन सिंह (एआरपी) व विशिष्ठ अतिथि विनय वर्मा रहे। इस अवसर पर शिक्षक- शिक्षिकाओं सहित अनेक गणमान्य लोगों ने गीता मिश्रा के 33 वर्षों के लंबे कार्यकाल की सराहना की तथा उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि रूद्रसेन सिंह राणा ने कहा कि गीता मिश्रा ने प्रधानाचार्या के रूप में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए दूसरे सहकर्मियों के लिए एक अच्छा उदाहरण प्रस्तुत किया है। प्रधानाचार्य मथुरा प्रसाद इंटर कॉलेज हरदेव मिश्रा ने मार्मिक गीत प्रस्तुत कर माहौल को भावपूर्ण बना दिया। विशिष्ट अतिथि विनय वर्मा ने गीता मिश्रा के विद्यालय के प्रति समर्पण और उनके कर्तव्यनिष्ठा की भूरि -भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम के अध्यक्ष पूर्व प्रधानाचार्य चंद्रदेव मिश्रा ने भी उनके अग्रिम भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर शोभनाथ यादव (एनपीआरसी), चन्दन सेठ, प्रतिभा श्रीवास्तव,चन्द्रदेव मिश्र,गणेश मिश्र, अंजू रानी, निशी कुमारी, शिवम मिश्रा, वीनू शुक्ला, ऊषा मिश्रा, ऋचा मिश्रा, दीक्षा मिश्रा, राजकुमारसरोज (ग्राम प्रधान), हिमांशु मिश्रा, दीपम मिश्रा, गौरांग मिश्रा, सहित छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन अरुण सिंह ने किया।

# पहलवानी के बल पर तहसील नहीं जनपद में मिसाल किया कायम- डीएम यादव पहलवान

## -पुश्तैनी चली आ रही है जोड़ी गदा घूमने की परम्परा

स्वतंत्र प्रभात



**जौनपुर।** जिले के केराकत तहसील अंतर्गत पसीना गांव निवासी महेंद्र यादव पहलवान बचपन से ही कुश्ती जोड़ी गदा घूमाकर क्षेत्र में अपना नाम रोशन किया वही उनके कदम नक्शे पर चलकर उनके पुत्र डीएम यादव उर्फ सनी उनसे काम नहीं जहां एक तरफ पिता ने पहलवानी के दम पर अपना नाम क्षेत्र में काम किया वही अपने पिता को पीछे छोड़ते हुए डीएम पहलवान नेक्षेत्र में नहीं बल्कि कई जनपदों में जोड़ी गदा घुमाकर मेडल प्राप्त करते हुए अपने नाम के साथ अपने पिता का नाम रोशन किया वार्तालाप के दौरान डीएम पहलवान के पिता महेंद्र ने बताया कि यह परंपरा हमारी पुश्तैनी चली आ रही है जिसको हम आज भी कायम रखे हुए हैं 20 वर्ष के उम्र में जो कामयाबी जो नाम गदा जोड़ी घूमाकर डीएम पहलवान ने नाम रोशन किया है वह काबिले तारीफ है कहा जाता है कि कला प्रदर्शन में वह ताकत है जिससे पूरी दुनिया का मुरीद बनने से नहीं रोका जा सकता जो आज प्रदर्शन देखने को केराकत तहसील के पसेवागांव में महेंद्र पहलवान के अखाड़े में मिला पहलवानों की टोली जोड़ी गधा घूमाते हुए प्रदर्शन किया जहां लोग इकट्ठा होकर डीएम पहलवान के फिटनेस बॉडी व उनके कल को लोग देखते रह गए कला को देखते हुए ऐसा प्रतीक होता है हर पिता को डीएम यादव पहलवान जैसे जन्म ले ले तो हर पिता का सपना साकार होने से नहीं रोका जा सकता वही महेंद्र यादव पहलवान अपने पुत्रों पर नाज करते हुए भाऊक होकर बताया कि बचपन से ही मैं अपने बेटों को अपने ही रंग-ढंग में ढालकर रखा जो आज अपने पिता के नाम रोशन करने के साथ ही साथ जनपद में पसीना का नाम रोशन किया है ऐसे पुत्र पर हम सह परिवार हृदय से आशीर्वाद देते हैं कि गांव नहीं जिला नहीं बल्कि प्रदेश में अपना नाम रोशन करें वहीं डीएम पहलवान अपने पहलवानी के बल पर कई जनपद में जोड़ी गदा फेर कर मेडल प्राप्त कर चुके हैं।

# फिजियोथेरेपी एवं ऑक्यूपेशनल थेरेपी शिविर में 143 मरीजों को मिला स्वास्थ्य लाभ

स्वतंत्र प्रभात




**जौनपुर।** शहर के कृष्णा ट्रामा एंड ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सेंटर में फर्स्ट वन रिहैब फाउंडेशन के तत्वाधान में एक दिवसीय निःशुल्क फिजियोथेरेपी एवं ऑक्यूपेशनल थेरेपी शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 143 मरीजों ने विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं के लिए उपचार प्राप्त किया और लाभान्वित हुए। शिविर की शुरुआत से पूर्व डॉक्टर महिपाल सिंह एवं डॉक्टर दीक्षा श्रीवास्तव द्वारा पैरामेडिकल की छात्राओं को +स्पाइन फ्लेक्सिबिलिटी एवं पेल्विक हेल्थ फॉर हेल्थ वर्कर्स+ विषय पर व्याख्यान दिया गया। इस दौरान उन्होंने बताया कि कैसे सही चिकित्सा तकनीकों के माध्यम से मरीजों को राहत प्रदान की जा सकती है।

**फिजियोथेरेपी- एक प्रभावी उपचार पद्धति-** डॉ. महिपाल सिंह ने फिजियोथेरेपी के महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि यह चिकित्सा पद्धति शरीर की गति और कार्यक्षमता को बेहतर बनाने में सहायक होती है। यह न केवल शारीरिक दर्द को कम करती है, बल्कि ऑपरेशन के बाद की रिकवरी, मांसपेशियों की मजबूती और जोड़ों की समस्याओं के इलाज में भी कारगर सिद्ध होती है। विशेषकर बुजुर्गों, खिलाड़ियों, घंटों तक अध्ययनरत छात्रों और अधिक समय तक बैठकर कार्य करने वाले लोगों के लिए यह थेरेपी अत्यंत लाभकारी होती है।

**ऑक्यूपेशनल थेरेपी- जीवन की गुणवत्ता में सुधार-** डॉ. दीक्षा श्रीवास्तव ने ऑक्यूपेशनल थेरेपी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह चिकित्सा पद्धति उन व्यक्तियों के लिए विशेष रूप से लाभकारी होती है, जो शारीरिक, मानसिक या संज्ञानात्मक चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। नियमित उपचार के माध्यम से बच्चों में मोटर स्किल्स, संसरी प्रोसेसिंग और सामाजिक एवं भावनात्मक क्षमताओं में महत्वपूर्ण सुधार देखा गया है। **विशेषज्ञों की उपस्थिति-** शिविर में प्रयागराज से आए डॉ. त्रिभुवन सिंह, नोएडा से आई डॉ. सुष्मिता भाटी और देहरादून से विशेष शिक्षा विशेषज्ञ पूनम मिश्रा ने मरीजों को अपनी विशेषज्ञता के माध्यम से परामर्श और चिकित्सा सेवाएं प्रदान की। मरीजों को मांसपेशियों की मजबूती, स्ट्रेचिंग, इलेक्ट्रोथेरेपी तथा जोड़ों और रीढ़ की हड्डी से संबंधित दर्द निवारण उपचार प्रदान किए गए। शिविर में उपस्थित मरीजों ने इस उपचार से तात्कालिक लाभ प्राप्त करने की बात कही।

**कार्यक्रम संयोजन एवं समापन-** शिविर के संयोजक डॉ. रॉबिन सिंह ने बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य आम जनमानस को शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और उन्हें दर्द एवं अन्य शारीरिक समस्याओं से राहत प्रदान करना था। शिविर में विभिन्न प्रकार के थेरेपी उपचार उपलब्ध कराए गए, जिससे मरीजों को काफी लाभ हुआ। शिविर के समापन अवसर पर डॉ. संजय सिंह, डॉ. रॉबिन सिंह, प्रधानाचार्य सभ्यता दूबे और डॉ. प्रदीप मौर्या ने आमंत्रित चिकित्सकों को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया और उनके योगदान के प्रति आभार व्यक्त किया। इस सफल आयोजन ने यह साबित कर दिया कि फिजियोथेरेपी और ऑक्यूपेशनल थेरेपी जैसी आधुनिक चिकित्सा पद्धतियां समाज में स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने में कितनी प्रभावी हैं।

# शिया धर्मगुरु ने ईद पर मोदी किट वितरण की पहल की खूब सराहना की

स्वतंत्र प्रभात



**जौनपुर-** नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा ईद के शुभ अवसर पर जारी "सौगात ए मोदी" किट वितरण की पहल ने शिया धर्मगुरु सफ़दर हुसैन ज़ैदी का दिल जीत लिया। ज़ैदी ने इस कदम का स्वागत करते हुए इसे एक सकारात्मक और आवश्यक सामाजिक पहल बताया, जिसके माध्यम से सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि किसी भी वर्ग को भूख की समस्या न झेलनी पड़े। ज़ैदी ने अपने बयान में कहा, +यह हुकूमत की एक नेक पहल है। अगर हम एक-दूसरे की मदद करते रहेंगे तो भगवान अल्लाह अपने आप सबका भला करेंगे।+ उनका मानना है कि इस तरह की पहलों से न केवल आर्थिक सहायता मिलती है बल्कि समाज में एकता और भाईचारे की भावना भी प्रबल होती है।

उन्होंने आगे कहा कि यदि सरकार निरंतर इस प्रकार की सहायता प्रदान करती रहे, तो यह सुनिश्चित होगा कि न केवल ईद बल्कि अन्य त्योहारों के अवसर पर भी लोगों की बुनियादी आवश्यकताओं का ध्यान रखा जाएगा। उनके अनुसार, यह सरकार की ड्यूटी भी है कि ऐसे कदम उठाकर समाज के कमजोर वर्गों तक सहायता पहुँचाई जाए। इस अवसर पर ज़ैदी ने यह भी कहा कि +इस किट वितरण से यह संदेश जाता है कि हम सब मिलकर एक मजबूत समाज का निर्माण कर सकते हैं, जहां कोई भी भूखा न रहे और हर व्यक्ति को ईद का असली आनंद प्राप्त हो।+ उन्होंने जोड़ा यह बात कि समाज में सहारा देने की यह पहल आगे चलकर सामाजिक असमानताओं को कम करने में भी सहायक सिद्ध होगी।

विशेष रूप से उन परिवारों के लिए यह पहल राहत की उम्मीद बनी हुई है, जो आर्थिक तंगी और रोजमर्रा की मुश्किलों से जूझ रहे हैं। कई सामाजिक कार्यकर्ता भी इस कदम की सराहना कर रहे हैं और उम्मीद जताई जा रही है कि आगे चलकर ऐसे और भी सामाजिक कल्याण के कार्यक्रम शुरू किए जाएंगे। इस खबर के साथ यह संदेश भी स्पष्ट हो जाता है कि जब तक सरकार और समाज के विभिन्न वर्ग एक-दूसरे के प्रति जिम्मेदार और संवेदनशील रहेंगे, तब तक सामूहिक सहयोग से समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। अंत में, ज़ैदी ने यह भी जोड़ते हुए कहा कि "ऐसी पहल से न केवल लोगों में खुशहाली का संचार होता है, बल्कि यह हमें याद दिलाती है कि एकजुट होकर हम सभी सामाजिक चुनौतियों का सामना कर सकते हैं।" इस तरह की पहलों पर आने वाले दिनों में विभिन्न क्षेत्रों से प्रतिक्रिया का इंतज़ार रहेगा, जो यह सिद्ध करेगी कि किस तरह से सरकारी योजनाएँ सीधे लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला सकती हैं।

# दो शातिर साइकिल चोर गिरफ्तार चोरी की पांच साइकिलें व पार्ट्स बरामद

स्वतंत्र प्रभात




**प्रतापगढ़।** अपराधिक क्रियाकलाप में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना प्रभारी नवाबगंज धीरेन्द्र ठाकुर के नेतृत्व में उप निरीक्षक आदित्य पाण्डेय मय हमराह द्वारा तलाश वांछित, संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-38/2025 अन्तर्गत धारा 303(2), 317(2) बीएनएस से संबंधित दो अभियुक्तों मयूर तिवारी पुत्र राजेन्द्र तिवारी निवासी वाजिदपुर थाना नवाबगंज जनपद प्रतापगढ़,इमरान पुत्र गुलफाम निवासी मुरस्सापुर थाना नवाबगंज जनपद प्रतापगढ़ को थाना क्षेत्र के कालाकांकर अंडरपास के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त की निशानदेही पर चोरी की पांच साइकिलें व पार्टस बरामद किया गया।उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियोग उपरोक्त में धारा 317(2), 317(4) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई है।

गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि मेरे साथी की कबाड़ी की दुकान झम्मनगर में है। हम लोग आपस में मिलकर आसपास के कस्बों से सायकिल चोरी करते हैं। 20 मार्च को हमने माइक्रोसिस कम्प्यूटर इंस्ट्यूट के बाहर से एक सायकिल चोरी किया था,जो इमरान की दुकान पर रखी है और वहां पर चोरी की सायकिलें खोल कर रखी हैं।गिरफ्तार अभियुक्त की निशानदेही पर चोरी की पांच सायकिलें व पार्टस बरामद किया गया।

## जिलाधिकारी ने जिला पर्यावरण एवं जिला गंगा समिति की बैठक

स्वतंत्र प्रभात



**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में जिला पर्यावरण एवं जिला गंगा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। पर्यावरण समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि समस्त कार्यदायी विभाग वर्षाकाल 2025 में रोपित किये जाने वाले पौधों के अग्रिम मृदा कार्य (गड्ढ खुदान) तत्काल पूर्ण कराकर स्थलवार सूचना डीएफओ को उपलब्ध करायें तथा नर्सरी पौधशालाओं में पौध उपलब्धता भी सुनिश्चित करें इस कार्य में लापरवाही कदापि न बरती जाय।

इसी प्रकार जिला गंगा समिति की बैठक में जिला कृषि अधिकारी को निर्देशित किया गया कि समस्त गंगा ग्रामों के मृदा परीक्षण को पूर्ण कराकर रिपोर्ट उपलब्ध करायें। सीडीओ द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम जैव विविधता समिति गठित करने की कार्यवाही प्रगति पर है। नदी में ठोस अपशिष्ट को बहने से रोकने के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि गंगा नदी को निर्मल व अविरल बनाये रखने हेतु किसी भी प्रकार के ठोस अपशिष्ट, गंगा एवं उसकी सहायक नदियों में नहीं प्रवाहित किये जाय,इसके लिये आवश्यक कार्यवाही की जाय। इसी प्रकार जिलाधिकारी ने नदी का विकास, वनीकरण, सीवेज उपचार अवसंरचना विकास, गंगा ग्राम आदि की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी जगदम्बिका प्रसाद, जिला विद्यालय निरीक्षक ओमकार राणा, जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार, ईओ नगर पालिका राकेश कुमार, जिला परियोजना अधिकारी शिवम यादव, जेआरएफ वन विभाग डा0 लक्ष्मीकान्त त्रिवेदी, समाज सेवी आलोक कुमार शुक्ल सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी व समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# सड़क सुरक्षा के नियमों का कड़ाई से अनुपालन करायें-जिलाधिकारी

स्वतंत्र प्रभात



**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में शनिवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की सम्पन्न बैठक में जिलाधिकारी ने प्रान्तीय खण्ड के अधिशासी अभियन्ता ओपी चौरसिया से जानकारी प्राप्त की और निर्देशित किया कि समस्त तैयारियों के साथ आगे प्रतिभाग करें। बैठक में एआरएम रोडवेज अनुपस्थित पाये गये जिस पर जिलाधिकारी ने एआरएम रोडवेज को कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया।सड़क सुरक्षा समिति की पिछली बैठक में सड़क दुर्घटना के दृष्टिगत गायघाट सण्डवा चन्द्रिका मार्ग, प्रतापगढ़ से सुखपालनगर मार्ग,प्रतापगढ़ कटरा गुलाब सिंह मार्ग, विकास भवन के सामने से सगरा ढलान मार्ग पर विद्युत पोलो को हटाने जाने की सूची नहीं मिलने पर जिलाधिकारी ने प्रान्तीय खण्ड के अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया कि जांच कर एक हफ्ते के अन्दर पोल हटाये जाने की सूची विद्युत विभाग को उपलब्ध करा दी जाय। इसी प्रकार नगर पालिका क्षेत्रान्तर्गत 100 बेड अस्पताल स्थित बेगम वार्ड के सामने स्थित 10 विद्युत पोलो को शिफ्ट करने हेतु निर्देशित किया गया था।जनपद के शहरी भाग में ई-रिक्शा वाहनों के पार्किंग हेतु अधिशासी अधिकारी नगर पालिका से जानकारी ली गयी तो बताया गया कि पार्किंग हेतु स्थल चिन्हित कर लिया गया है,जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि चिन्हित स्थलों पर मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था करायी जाय जिससे पार्किंग हेतु आवश्यक कार्यवाही की जा सके। डीएम ने निर्देशित किया कि नये बनाये जा रहे मार्गो पर मानक के अनुसार रोड सेफ्टी के कार्य कराये जाय, लापरवाही कदापि न बरती जाय अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित विभागों पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कराया जायेगा। जिलाधिकारी ने ईओ नगर पालिका को निर्देशित किया कि समस्त ईओ को सूचना दे दी जाय कि नगरीय निकायों के अन्तर्गत जो सड़के है वहां पर प्रकाश व्यवस्था सुचारू रूप से क्रियाशील रहे। जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि विद्यालयों में यातायात नियमों के प्रति छात्र-छात्राओं को जागरूक किया जाय तथा मास्टर ट्रेनरों को यातायात के प्रति ट्रेनिंग दी जाय जिससे स्कूलों में यातायात के प्रति जानकारी दी जा सके। शहर के मार्गो पर किये गये अवैध अतिक्रमण को हटाया जाय। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, प्रान्तीय खण्ड के अधिशासी अभियन्ता ओपी चौरसिया, एआरटीओ प्रवर्तन डॉ दिलीप कुमार गुप्ता व एआरटीओ प्रशासन डा0 बी0के0 सिंह, ट्रांसपोर्ट यूनियन के अध्यक्ष विजय कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## विद्यालय में अपमानित किए जाने पर छात्रा ने की आत्महत्या

**प्रतापगढ़।** एक छात्रा द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किये जाने के प्रकरण में एक वांछित अभियुक्त गिरफ्तार किया गया है। थाना मान्धाता क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पिराईपुर निवासी वादिनी के पुत्री परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अपने विद्यालय में गई थी, किन्तु विद्यालय के प्रबन्धक व स्टाफ द्वारा मेरी पुत्री को अपमानित किया गया । जिससे आहत होकर वादिनी की पुत्री ने अपने ही घर में फांसी लगा ली । वादिनी की प्राप्त तहरीर के आधार पर 29 मार्च को थाना मान्धाता में मु0अ0सं0 49 / 25 धारा 107 बीएनएस का अभियोग दर्ज किया गया।कार्यवाही के दौरान एक अभियुक्त बनवारी लाल यादव पुत्र राम बहादुर यादव निवासी ग्राम तरौल थाना मान्धाता, जनपद प्रतापगढ़ को थाना मान्धाता क्षेत्रान्तर्गत ग्राम तरौल से गिरफ्तार किया गया।

# डीसीपी ने कुष्मांडा देवी मेला क्षेत्र का किया निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** आज दिनांक 30.03.2025 को पुलिस उपायुक्त दक्षिण दीपेंद्र नाथ चौधरी द्वारा थाना घाटमपुर क्षेत्र अंतर्गत मां कुष्मांडा देवी मंदिर में पूजा अर्चना की तथा चैत्र नवरात्रि की पूजा की तैयारियों का निरीक्षण किया गया एवं मंदिर परिसर में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों/ कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। नवरात्रि के दौरान मंदिर परिसर में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए समुचित प्रबंध करने के निर्देश दिए व पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती सुनिश्चित करने को कहा। मंदिर और व्यस्त स्थानों पर भीड़ नियंत्रण के लिए विशेष प्रबंध करने पर जोर दिया। इसमें प्रवेश और निकास मार्गों को व्यवस्थित करना और ट्रैफिक मैनेजमेंट पर ध्यान देना शामिल था। नवरात्रि और अन्य धार्मिक आयोजनों के दौरान शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए स्थानीय नागरिकों से सहयोग की अपील की गई। मौके पर एसीपी घाटमपुर भी मौजूद रहे।

# संक्षिप्त ख़बरें

## ईद-उल-फितर पर कानपुर पुलिस द्वारा कड़े सुरक्षा इंतजाम

**कानपुर।** ईद-उल-फितर के अवसर पर कानपुर नगर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। सभी संवेदनशील स्थानों पर कड़ी निगरानी रखते हुए सकुशल नमाज अदा कराई जाएगी। सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए 4 पुलिस उपायुक्त, 6 अपर पुलिस उपायुक्त, 15 सहायक पुलि आयुक्त, 82 निरीक्षक, 804 उपनिरीक्षक, 92 महिला उपनिरीक्षक, 1385 हेड कांस्टेबल / कांस्टेबल और 316 महिला कांस्टेबल को तैनात किया गया है। इसके अतिरिक्त, 92 क्यूआरटी टीमें और 2 कंपनियां PAC को जनपद में तैनात किया गया है। 20 क्यूआरटी रिजर्व में रहेंगी, जिनमें 10 पुलिस लाइन और 10 पुलिस ऑफिस में होंगी, साथ ही 1 कम्पनी PAC भी रिजर्व में रखी गई है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सुरक्षा व्यवस्था की सतत निगरानी कर रहे हैं, जिससे त्योहार शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके। पुलिस प्रशासन नागरिकों से अपील करता है कि वे कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

## पुलिस उपायुक्त दक्षिण द्वारा थाना बिधनू का आकस्मिक निरीक्षण



**कानपुर।** आज दिनांक 30.03.2025 को पुलिस उपायुक्त दक्षिण दीपेंद्र नाथ चौधरी द्वारा थाना बिधनू का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। उन्होंने थाना परिसर के विभिन्न विभागों जिसमें कार्यालय अभिलेख, मालखाना, महिला हेल्प डेस्क, हवालात, सीसीटीएनएस और आगंतुक रजिस्टर निरीक्षण किया। पुलिस उपायुक्त ने विवेचनाओं को लेकर सभी विवेचकों को समयबद्ध तरीके से मामलों का निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा, प्रभारी निरीक्षक बिधनू को थाना परिसर की सफाई पर विशेष ध्यान देने, आगंतुकों और पीड़ितों से सम्मानपूर्वक व्यवहार करने और उनकी समस्याओं को धैर्यपूर्वक सुनने व सभी समस्याओं का शीघ्र निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया। आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत विशेष रूप से त्यौहार रजिस्टर का अवलोकन किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अपराधों के न्यूनीकरण हेतु समय समय पर #इ-सत्यापन के लिए स्थानीय पुलिस फोर्स को निर्देशित किया गया। मौके पर प्रभारी निरीक्षक बिधनू नौबस्ता मौजूद रहे।

## भारतीय नव वर्ष की शुभकामनाओं के साथ मां दुर्गा के जय कारों से गूंजे कानपुर के मंदिर



**कानपुर।** आज यहां नववर्ष की शुभ कामनाओं के साथ कानपुर के मंदिर मां दुर्गा की जयकारों से गूंज उठे। कुल मिलाकर आज चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से प्रारंभ होने वाले नवरात्रि पर्व की शुरुआत बहुत धूमधाम से हुई। आज से ही चैत्र नवरात्रि की शुरुआत होने से सभी छोटे-बड़े देवी मंदिरों में सुबह भोर पहर से ही श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारें लगी दिखाई पड़ी। इस बीच मां दुर्गा के जयकारों के साथ मंदिर पल-पल में गुंजायमान होते रहे। हाथों में मां के सोलह श्रृंगार की सामग्री, प्रसाद की थाली लिए महिलाएं घंटों लाइन में लगी रहीं। भक्तों ने धूप, दीप प्रज्जवलित कर मां भगवती की आरती उतार कर परिवार की सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना की। यहां के बिरहाना रोड स्थित तपेश्वरी देवी, बुद्धा देवी, जूही स्थित मां बारादेवी, किदवई नगर स्थित जंगली देवी, दामोदर नगर स्थित मां वैष्णो देवी, गोविंद नगर स्थित दुर्गा मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। जिसके लिए सुरक्षा के इंतजाम भी बेहद कड़े रहे।

## साहित्यकार सहयोग संगठन ने वयोवृद्ध कवि को सम्मानित किया



**कानपुर।** साहित्यकार सहयोग संगठन की पहल "अपने से वरिष्ठ को समय दें" के अंतर्गत आज दिनांक 30-3-25 को हिन्दू नव वर्ष पर 93 वर्षीय वरिष्ठ कवि श्री भारत भूषण गुप्त" स्वतंत्र जी के तात्याटोपे नगर स्थित निवास पर जाकर उनका सम्मान किया गया। सम्मान करने वालों में से अजय कुमार कुलश्रेष्ठ"अजेय"डॉ अजित शुक्ला डॉ गायत्री सिंह, मनीष सरल, श्याम सुन्दर निगम, हरि वाणी,त्रिभुवन शंकर मिश्र, डॉ सुषमा सेंगर और रतेश सिंह रहे। उन्होंने अपने कवि जीवन के अनेक वृत्तांत सभी के साथ साझा किये और अपनी रचनाएँ सुनाकर भाव विभोर कर दिया। उनकी पुस्तक से कुछ रचनाएं मनीष सरल और चातक जी ने सबको सुनाई उनकी बेटी मंजुला व दामाद राजेश गुप्ता ने सभी का उचित स्वागत करते हुए स्वल्पाहार कराया।

## डीसीपी यातायात के निर्देशानुसार कई वाहनों पर कार्रवाई

**कानपुर।** डीसीपी यातायात के आदेशानुसार कानपुर कमिश्नरेट पुलिस द्वारा दिनांक-29.03.2025 को यातायात नियमों का पालन न करने वालो पर की गई कार्यवाही। रॉन्ग साइड 244, ट्रिपल सवारी टू व्हीलर 98, एनएसआरपी 30, अन्य 875, तथा कुल 1249 गाड़ियों के चालान किए गए।

## राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद 2025 में पीयू के 10 छात्रों ने किया प्रतिभाग

### युवा संसद 2025 में प्रतिभाग लेने वाले प्रतिभागियों को कुलपति ने दिया बधाई संदेश

**जौनपुर।** दिनांक 28 - 29 मार्च, 2025 को युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद 2025 का आयोजन विधानसभा भवन में हुआ जिसमें वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के 10 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया. प्रतिभाग करने वाले छात्र छात्राओं में दीपशिखा सिंह, अभिनव कीर्ति पाण्डेय, नंदिता सिंह, सुमित सिंह, प्रिया मौर्या, साधना यादव, आकाश यादव, अनुराग ठठेरा, तनवीर अंसारी एवं स्वप्निल सिंह रहे। जनपद स्तरीय युवा संसद 2025 का आयोजन दिनांक 28 मार्च 2025 को विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किया गया था जिसमें जौनपुर, गाजीपुर एवं अमेठी जनपद के कुल 54 युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर की इस उपलब्धि के लिए कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने छात्र छात्राओं को बधाई दी एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया। इस अवसर पर कुलसचिव महेंद्र कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ विनोद कुमार सिंह, राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ. राज बहादुर यादव, प्रो. मनोज मिश्र, डॉ. श्याम कन्हैया, डॉ.शशिकांत यादव आदि लोगों ने भी छात्र छात्राओं को बधाई दिया।

## चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिवस पर जिलाधिकारी ने किया मां शीतला चौकिया धाम में पूजन



**जौनपुर,** चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिवस पर जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र ने मां शीतला चौकिया धाम पहुंचकर दर्शन-पूजन किया तथा मां के चरणों में मत्था टेककर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर उन्होंने भक्तों के बीच प्रसाद वितरित किया और उपस्थित श्रद्धालुओं को नवरात्रि की शुभकामनाएं दीं। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद जौनपुर को निर्देश दिया कि नवरात्रि पूजन के दौरान सभी मंदिरों में नियमित साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल आदि सुनिश्चित किया जाए, जिससे श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## दो वारन्टी अभियुक्त गिरफ्तार



**जौनपुर** रामपुर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कौस्तुभ जौनपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रामपुर प्रभारी निरीक्षक देवानन्द के कुशल नेतृत्व में उपनिरीक्षक कमलेश उपनिरीक्षक कबीर अली व बेग हेड कांस्टेबल ओमप्रकाश मिश्रा कांस्टेबल सुरेश यादव आज दिनांक-30.03.2025 को थाना रामपुर पुलिस द्वारा टीम बनाकर मा0न्यायालय द्वारा जारी गैर जमानतीय वारन्ट के क्रम मे दो वारन्टी/अभियुक्त 1.कल्लू पुत्र बद्रीनाथ उर्फ बद्री प्रसाद निवासी बनीडीह थाना रामपुर जनपद जौनपुर 2.सन्तोष दूबे पुत्र हरिनाथ दूबे निवासी रामपुर थाना रामपुर जनपद जौनपुर को नियमानुसार उनके घर दबिश देकर गिरफ्तार करते हुए सम्बन्धित न्यायालय भेज दिया गया।

# संक्षिप्त ख़बरें

## छोटे भाई वह उसकी पत्नी से तंग आकर बड़ा भाई घर छोड़ने को हुआ मजबूर

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** थाना हैदराबाद क्षेत्र के ग्राम बगहा निवासी सरोज कुमार नोटरी में शपथ पत्र दर्द कराते हुए अपने भाई की पत्नी गोल्डी देवी का आचरण सही न होने एवं फर्जी मामले में फंसा कर जेल भिजवाने की धमकी देते रहने का आरोप लगाया है। प्रार्थी ने शपथ पत्र में आरोप लगाते हुए लिखा है कि छोटे भाई राम लखन एवं उसकी पत्नी गोल्डी देवी का रवैया परिवार के प्रति अच्छा नहीं है इसके तहत हमेशा अनर्गल तरीके से सपथी एवं उसकी पत्नी को भला बुरा कहने के साथ फर्जी मामले में फसा कर जेल भेजवा देने की धमकी देती रहती है तथा गोल्डी देवी के मायके वाले भी प्रार्थी के खिलाफ पक्ष लेते रहते हैं।पीड़ित छोटे भाई एवं उसकी पत्नी के क्रियाकलापों से तंग आकर अपने सारे रिश्ते नाते तोडते हुए परिवार से अलग रहने को मजबूर हुआ है। भविष्य में अपने छोटे भाई व उसकी पत्नी किसी भी क्रत्यो की स्वयं जिम्मेदार वह स्वयं होगी।

## एक ही परिवार के चार लोगों की मौत के बाद बच्ची बच्ची को विधायक रोमी साहनी ने दी आर्थिक मदद

**पलियाकलां,( खीरी )।** एक ही परिवार के 04 लोगों की दुर्घटना में हुई मौत, जिसमें राधारानी पत्नी शिवकुमार, वेदान्त पुत्र शिवकुमार, दाताराम पुत्र मातादीन, शिवकुमार पुत्र दाताराम, पलिया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम शाहपुर के चारो निवासी थे, परिवार में सिर्फ एक बच्ची शिवि ही बची थी। आज विधायक रोमी साहनी परिवार में बची हुई बच्ची शिवि से मिलने पहुंचे उसके घर, उसके चाचा रमाकांत को 20,000 बीस हजार रुपए शिवि के भरण पोषण के लिए दिए, और कहा उसके बड़े होने तक विधायक रोमी साहनी बच्ची शिवि की मदद करते रहेंगे, वहां पर उपस्थित सभी लोगों के आंखों में आंसू थे ।

## संविधान सम्मान व जनहित हुंकार रैली 3 अप्रैल को

**सिद्धार्थनगर।** अपनी जनता पार्टी के तत्वाधान में संविधान सम्मान व जनहित हुंकार रैली 3 अप्रैल को सिद्धार्थनगर जिले के नौगढ़ तहसील प्रांगण में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के पूर्व मंत्री एवं अपनी जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य होंगे।यह जानकारी देते हुए सुरेंद्र कुमार मौर्य ने बताया कि प्रदेश एवं केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण आज पूरे देश में महंगाई चरम पर है।सरकारी नौकरियां खत्म सी हो गई है बड़े पैमाने पर बेरोजगारी बढ़ी है ,सरकारी नौकरियों में भर्ती न होने के कारण आरक्षण भी शून्य हो गया है यदि कभी कोई भर्ती हुई तो आरक्षण नीति का अनुपालन नहीं किया जाता है ।किसान समस्या से लगातार जूझ रहा है कोई पुरसाहाल नहीं है । आदि मुद्दों को कार्यकम आयोजित है।

## रामायन मिश्र बने साइबर क्लब अध्यक्ष

सिद्धार्थनगर उसका बाजार थाना शनिवार को तैनात उप निरीक्षक अरविंद द्विवेदी द्वारा किसान इंटर कॉलेज उसका बाजार में साइबर क्लब का गठन किया गया। क्लब का अध्यक्ष रामायन मिश्र पुत्र दयाशंकर मिश्र गणित प्रवक्ता निवासी अंबेडकर नगर वार्ड नगर पंचायत उसका बाजार को बनाया गया है। प्रधानाचार्य संजय गुप्ता सहित राम उजागिर पाण्डेय, अनिल मिश्र, बीरेंद्र पाण्डेय, अशोक पाण्डेय आदि ने बधाई दिया है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका मिला शव पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**कुमारगंज [ अयोध्या ]।** कुमारगंज थाना क्षेत्र पुलिस चौकी देवगांव अंतर्गत लिलहा रसूलपुर गांव में,संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का फंदे से लटकता मिला शव। रविवार की दोपहर जसीम पुत्र



वसीम उम्र 25 वर्ष का शव घर के कमरे में लटका मिला। परिजनों के अनुसार युवक के दादा नसीम देवगांव गए थे जब वह घर लौटे तो देखा कि उनका नाती फंदे से लटका हुआ है। देखते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई, आनन फानन में युवक को फंदे से उतार कर इलाज के लिए सौ सैय्या चिकित्सालय पहुंचाया जहां पर डाक्टर प्रवीण बरनवाल ने युवक को देखते ही मृत घोषित कर दिया। मृतक युवक अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। सूचना पर पहुंची कुमारगंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायत नामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार मामले की जांच की जा रही है।

# नवरात्र के प्रथम दिन मंदिरों में उमडा जन सैलाब

स्वतंत्र प्रभात

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** हिन्दू धर्म मे नवरात्र के महापर्व का विशेष महत्व है। चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से चैत्र नवरात्र पर देवी दुर्गा के नौ अलग अलग स्वरूपों की विधि विधान से पूजा अर्चना कर घरो में स्थापना की गई। चैत्र नवरात्र का प्रथम दिन मंदिरों में श्रद्धालुओं का श्रद्धाभव के साथ तांता लगा रहा।।गोला नगर में खुटार रोड स्थित माँ मंगला देवी मंदिर, मुन्नुगंज स्थित रक्षा देवी मंदिर, अलीगंज रोड स्थित सती देवी मंदिर, कुम्हारन टोला गिरजा देवी मंदिर,अन्नपूर्णा मंदिर पौराणिक शिव मंदिर में माता पार्वती मंदिर सहित नगर के सभी मंदिरों में श्रद्धालुओं द्वारा माता रानी की पूजा अर्चना कर चुन्नी ओढ़कर फूल माला अर्पित कर नारियल फल मेवा से माता रानी को भोग लगाया कर आशीर्वाद लिया। मंदिरों के बाहर फूल,मालाओं व प्रसाद की दुकान सज गई। गोला नगर के खुटार रोड स्थित माँ मंगला देवी मंदिर का विशेष महत्व है। मंगला देवी मंदिर में माता रानी विराजमान काले पत्थर की प्रतिमा को चमत्कारी माना जाता है। पुराण के अनुसार, माता सती ने अपने पिता दक्ष के यज्ञ में शिव जी का अपमान देख योग अग्नि में प्राण त्याग दिए। इस घटना के बाद दक्ष ने उनसे



तीर्थ स्थलों के बारे में पूछा। माता सती ने कामना सिद्धि और ऐश्वर्य प्राप्ति के लिए 108 तीर्थ स्थलों का वर्णन किया। जानकारी के अनुसार इस वर्ष नवरात्र 30 मार्च से लेकर 6 अप्रैल तक रहेंगे इस वर्ष महामाई के नवरात्र रविवार से सर्वार्थ सिद्ध योग एवं शुभ योग में शुरू हो रहे हैं। इसलिए माता हाथी पर सवार होकर आएंगी शास्त्रों में देवी की हाथी की पालकी को बहुत शुभ माना गया है। इससे धन-धान्य की वृद्धि होगी इस बार चैत्र नवरात्रि में चतुर्थी व पंचमी तिथि एक ही दिन होने के कारण आठ नवरात्र है । इसलिए आठ दिन ही व्रत रखा जाएगा । वीश्व पंचांग के अनुसार सनातन धर्म में नववर्ष की शुरुआत चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा तिथि से ही होती है नवरात्रि का पर्व माता दुर्गा की भक्ति और शक्ति उपासना का विशेष समय होता है। भक्तजन नौ दिनों तक मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की आराधना कर धर्म और आध्यात्मिकता में लीन रहते हैं देवी पुराण के अनुसार इस दौरान मां दुर्गा धरती पर वास करती हैं जिससे वातावरण भक्तिमय हो जाता है। इन दिनो नव दुर्गा पूजन, श्री दुर्गा सप्तशती पाठ,हवन व कन्या पूजन करने से सुख समृद्धि व महामाई का विशेष आशीर्वाद प्राप्त होता है।

# प्रधान व लेखपाल की मिली भगत से हो रहा सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा

स्वतंत्र प्रभात

**शारदा नगर खीरी।** उत्तर प्रदेश के उपयोगी सी. एम योगी आदित्यनाथ के आदेशों की किस कदर अनदेखी कर सरकारी जमीनों में ग्राम समाज, शमशान, कब्रिस्तान, खलिहान, तालाब आदि पर अवैध कब्जा का खेल ग्राम प्रधान व लेखपाल के संरक्षण में खेले जाने के आरोपों का सिलसिला थमने का नाम ही नहीं ले रहा है उक्त सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा किए जाने के मामले को लेकर जिला अधिकारी खीरी को टेलीफोनिक व थाना प्रभारी शारदा नगर को लिखित शिकायत देकर अवैध कब्जा व निर्माण रूकवाये जाने की मांग किए जाने का मामला प्रकाश में आया है बताते चलें की तहसील सदर के अंतर्गत विकासखंड नकहा की भारी भरकम ग्राम पंचायत बड़ागांव के दबंग किस्म ग्राम प्रधान अब्दुल हसीब उर्फ़ पुत्तन व लेखपाल शैलेंद्र श्रीवास्तव पर मिली भगत करके सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा करवा कर भारी धनराशि वसूल किए जाने के गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं बड़ा गांव में कथित भूमाफियाओं का कार्य इस कदर हाबी है कि कहीं न कहीं सरकारी जमीनों पर अवैध अतिक्रमण जारी देखा जा सकता है शायद बड़ागांव के दबंग ग्राम प्रधान के आगे जिला अधिकारी की सखूती और योगी के सख्त फरमान और बुलडोजर की कार्यवाही कोई मायने ना रखते हो ग्राम प्रधान और लेखपाल के मिल रहे संरक्षण के चलते हौसले बुलंद दबंगों द्वारा बेखबर होकर ग्राम समाज की जमीन पर अवैध कब्जा करने की बात सामने आई है मामला दो दिन पूर्व का है जब दबंग प्रधान के कथित गुगे द्वारा लेखपाल से धनवल के दम पर साठ गाँठ करके मरघट की जमीन पर अवैध कब्जा कर रहे थे उक्त मामले की ग्रामीण संजय निवासी बड़ागांव ने थाना प्रभारी शारदा नगर से शिकायत की थी थाना शारदा नगर में दिए गए प्रार्थना पत्र में संजय का आरोप है कि बड़ागांव निवासी दबंग शमशाद राइन पुत्र अब्बास राईन द्वारा गांव के दक्षिण रिक्त पड़े ग्राम समाज की



जमीन पर जबरन कब्जा कर रहे हैं उक्त लोग गुंडे व दबंगई के साथ क्षेत्रीय लेखपाल व प्रधान की सह पर नीव भरकर सरकारी जमीन को कब्जा रहे हैं अवैध कब्जा करने से मना करने पर गंदी-गंदी गालियां व आमदा फौजदारी हो रहा है सरकारी जमीन पर हो रहे अवैध कब्जे को रूकवाये जाने की मांग शिकायतकर्ता द्वारा की गई है सूत्र बताते हैं कि अब्दुल हसीब के घर काफी समय से प्रधानी रही है जिसके चलते पद का अनुचित लाभ उठाते हुए अधिकांश ग्राम समाज की जमीन पर इन्हीं प्रधान जी का कब्जा है या फिर प्रधान के चहेते गुर्गे कब्जा किए हुए देखे जा सकते हैं जमीन चाहे खलिहान की हो या फिर सुआनारा तालाब हो यह प्रधान जी गरीबों के आशियानों को उजाड़ कर खुद कब्जा करने में माहिर है प्रधान जी के कारनामों पर एक नजर डालें तो बड़ागांव में दसको पूर्ब एक रौसा था जिसमें लगभग 80 बीघा जमीन थी उक्त जमीन को प्रधान व उनके पिता ने अपनी प्रधानी का लाभ उठाते हुए बेच डाली उक्त आरोप दर्जनों ग्रामीणों के हैं मेरे नहीं हैं लोगों का आरोप तो यह भी है कि लोगों के नाम जमीन होने के कागजात तो हैं पर जमीन प्रधान जी जोत रहे है गांव के अधिकांश तालाबों पर प्रधान व उनके गुर्गे का ही कब्जा होने की भी बात सामने आई है जिसकी पुष्टि लेखपाल द्वारा सुआनारा तालाब की पैमाइश में हो चुका है उक्त तालाब पर ग्राम प्रधान का ही अवैध कब्जा पैमाइश के दौरान मिला है जो प्रधान की ईमानदारी की पोल खोलने व दबंगई के पुष्ट करने को काफीहै हालत तो यहां तक बताई जाती है कि काफी ऐसे पट्टे बनाए गए हैं जो कभी ग्राम पंचायत में रहते ही नहीं थे और नहीं आज उनका आता-पता है प्रधान के पिता का आलम यह है कि गांव के कब्रिस्तान भी प्रधान के पिता के नाम दर्ज कागजात है यदि इनका बस चले तो यह समस्त संपूर्ण ग्राम पंचायत अपने और अपने परिवार के नाम दर्ज करा ले यदि जिला अधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ग्राम पंचायत बड़ागांव की एक बार जांच टीम गठित कर विंदवार सघन निष्पक्ष तरीके से करा ले जांच तो कई अन्य सच निकालकर आएंगे सामने और कागजों पर विकास की गंगा बहाकर किए गए एक बड़े भ्रष्टाचार का होगा पर्दाफाश, साथ ही कागजों पर विकास की गंगा बहाने वाले ग्राम पंचायत अधिकारी समेत सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा कराने में महारत हासिल क्षेत्रीय लेखपाल सहित तहसील प्रशासन पर भी आएगी कार्यवाही की बड़ी आच और एक बहुत बड़े भ्रष्टाचार का भी खुलासा होना होगा तय. इस संबंध में जब क्षेत्रीय लेखपाल शैलेंद्र श्रीवास्तव के फोन पर फोन लगाकर उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया तो उनका फोन ना उठने के चलते उनके पक्ष की जानकारी नहीं हो सकी वही जब तहसीलदार सदर को फोन लगाने का प्रयास किया गया तो उन्होंने भी फोन उठाना उचित नहीं समझा वैसे भी यह सब कुछ चुनिंदा पत्रकारों और चुनिंदा लोगों के ही फोन रिसीव करते हैं शेष फोनों को उठाना उचित नहीं समझतेह।

# पेयजल समस्या को देखते हुए 14 समरसिबल कार्य का शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** भारतीय जनता पार्टी पार्षद योगेन्द्र शर्मा के द्वारा नौबस्ता वार्ड 65 क्षेत्र में 14 समरसिबल पम्प लगवाने का पूजन कार्य दामोदर नगर क्षेत्र के सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल के समीप किया गया। इस मौके पर पहुंचे मुख्य अतिथि विधायक महेश त्रिवेदी एवं भाजपा पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष रमाकांत शर्मा ने भूमि पूजन कर शुभारंभ किया। इस मौके पर विधायक महेश त्रिवेदी ने कहा कि बढ़ती आबादी और पेयजल की समस्या को देखते हुए वार्ड 65 क्षेत्र में 14 अलग अलग क्षेत्र में समर्शिबल पम्प लगाकर टंकी रखने का कार्य किया जा रहा है वहीं जिलाध्यक्ष रमाकांत शर्मा ने बताया कि भाजपा सरकार में सभी वर्गों का ध्यान रखा जा रहा है सड़क पेयजल विद्युत सहित अन्य मुद्दों पर कार्यकर्ता जमीनी धरातल पर कार्य कर समस्याओं का समाधान कर रहे है। मौजूदा समय में तभी प्रदेश के किसान व्यापारी युवा महिला सहित निर्धन लोगों के चेहरों पर मुस्कान है। पार्षद योगेन्द्र शर्मा ने कहा कि वार्ड 65 को मॉडल वार्ड



बनाना उनका लक्ष्य है तथा अभी तक उनके द्वारा वार्ड 65 में जितने भी कार्य किए गए वो अपने आप में ऐतिहासिक है। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजन करते हुए क्षेत्रीय आम जनमानस ने पार्षद योगेन्द्र शर्मा के द्वारा कराए जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से महामंत्री एल बी सिंह पटेल मंडल अध्यक्ष बिट्टू परिहार नीलम गुप्ता अर्चना मिश्रा अमित तिवारी विकास मेहरोत्रा विजय वर्मा राजीव गुप्ता अनिल शर्मा राजीव चक्रवर्ती सन्नी भाई राजेश शुक्ला राजा शुक्ला धीरज प्रजापति ब्रजेश द्विवेदी अनुज बाजपेई आदि मौजूद रहे।

# मां भू देवी सरस्वती शिशु मंदिर में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम संपन्न

स्वतंत्र प्रभात

**बरबर खीरी।** मां भू देवी सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर बरवर खीरी में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ,जिसमें विद्यालय के अध्यक्ष माया प्रकाश शुक्ल, प्रबन्धक अधर गुप्त, उपाध्यक्ष प्रदीप मिश्र, कोषाध्यक्ष वेदप्रकाश गुप्त,तथा अभिभावक बंधु एवं भगिनी उपस्थिति रहे द्यसभी अतिथियों ने कक्षा में प्रथम,द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों भैया/ बहनो को, सर्वप्रथम पूर्ण शुल्क जमा वाले,सर्वाधिक उपस्थिति वाले,संस्कृति ज्ञान परीक्षा में स्थान प्राप्ति वाले एवं आदर्श भैया बहिनों को पुरस्कार दे कर उनके अच्छे भविष्य की कामना की तथा शेष भैया/बहनों को सत्वना पुरुस्कार प्रदान कर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया द्य साथ ही



विद्यालय के आचार्य श्री दिनेश को शुल्क वसूली हेतु, अविनेषपाल को आचार्य ज्ञान परीक्षा में प्रथम स्थान हेतु,सूरज जी को संस्कृति ज्ञान परीक्षा में प्रथम स्थान हेतु तथा यशस्वी प्रधानाचार्य जी को बेहतर संचालन हेतु प्रबंध समिति द्वारा पुरुस्कार प्रदान किया गया, इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने सभी महानुभावों का आभार व्यक्त कर मंगल मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन किया

# हैदराबाद पुलिस द्वारा चार वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** थाना हैदराबाद में पुलिस अधीक्षक खीरी संकल्प शर्मा के आदेशानुसार अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत हैदराबाद पुलिस टीम द्वारा चार वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष भेजा गया।

प्रभारी निरीक्षक प्रवीर गौतम ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना हैदराबाद पुलिस टीम द्वारा रविवार को चार वारन्टी अभियुक्त मुकेश पुत्र लेखराम निवासी ग्राम तेलियाकुण्डा थाना हैदराबाद सरकार बनाम मुकेश धारा 323/504 थाना हैदराबाद सम्बन्धित ए0सी0जे0एम0 कोर्ट न0 , राहुल



पुत्र श्रीधर निवासी ग्राम घरथनिया नरेश पुत्र बालकराम निवासी ग्राम बांसगांव धारा 323 / 325 /504 थाना हैदराबाद 25 न्यायालय ए0सी0जे0एम कोर्ट, किशन पुत्र भारत प्रसाद निवासी ग्राम छिछौना धारा 8/21 NDPS ACT थाना मोहम्मदी खीरी न्यायालय षष्टम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश लखीमपुर खीरी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही हेतु मा0 न्यायालय महोदय के समक्ष भेजा गया।

# लाखों खर्च के बाद भी RO वॉटर कूलर के जल के एक बूंद को तरसे नगरवासी

स्वतंत्र प्रभात

**निघासन खीरी।** निघासन नगर पंचायत क्षेत्र में एक साल पहले कार्यदाई संस्था के द्वारा लाखों रुपए की लागत से बनाए गए स्वच्छ पेयजल आपूर्ति के लिए वाटर प्लांट अपनी दशा पर आंसू बहा रहे हैं ।एक तरफ जहां तेज धूप और गर्मी के कारण लोगों को स्वच्छ पेयजल आपूर्ति के लिए नगर पंचायत में लाखों रुपए की लागत से नगर क्षेत्र के निघासन मुंशिफ कोर्ट, तहसील परिसर, निघासन बाजार, मोहनलाल पुरवा सहित रकेहटी बाजार में ऋ वॉटर कूलर स्थापित किए गए थे जो भारी भ्रष्टाचार के चलते सब बंद पड़े हैं, जिससे आमजन को स्वच्छ पेयजल मुहैया नहीं हो पा रहा है।

**बात गजब की**

जब यह ऋ वॉटर कूलर स्थापित किए गए थे, तब मानकों को कितना ध्यान में रखा गया था इसका सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि अभी एक वर्ष भी नहीं पूरे हुए सबके सब ऋ वॉटर कूलर कबाड़ हो गए है। यदि ख़राब हो गए हैं तो इनका रख रखाव और कितने दिन की लायबिलिटी है ।बात करते हैं मानकों की तो किसी भी सरकारी निर्माण में पीडब्ल्यूडी अप्रूव्ड मैटेरियल ही प्रयोग में लाया जाता है, जबकि किसी भी RO वॉटर कूलर में किसी भी सामान में कोई भी मानक पूरे नहीं किए गए हैं ।तराई इलाके में आर्सेनिक युक्त दूषित पानी के चलते जहां स्टीमेट में कमसे कम तीन साढ़े तीन सौ फिट गहरी बोरिंग करनी होती है, बावजूद इसके सभी बोरिंगों को मात्र 50 फिट सस्ते पाइप के साथ बोरिंग करके राजकीय धन का जमकर बंदर बाट किया जा रहा है।

# जदयू0 कार्यालय में जिला संगठन प्रभारी ने बूथ कमिटी अभियान की समीक्षा : जिला संगठन प्रभारी

स्वतंत्र प्रभात

**गोपालगंज ( बिहार )।** जनता दल यूनाइटेड सिवान द्वारा पार्टी के जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष चन्द्रकेतु सिंह एवं प्रदेश महासचिव सह जिला संगठन प्रभारी प्रमोद कुमार पटेल ने जिले के सभी बूथों की कमिटी बनाने की समीक्षा किया जिसमे कुल 8 विधानसभा में से 5 विधानसभा की बूथ कमिटी विधानसभा प्रभारियों द्वारा जिला संगठन प्रभारी एवं जिलाध्यक्ष को सौंपा गया शेष 3 विधानसभा की बूथ कमिटी की समीक्षा हुई जो 31 मार्च तक पूरा कर लिया जाएगा समीक्षा के दौरान जिला संगठन प्रभारी प्रमोद पटेल ने कहा कि जिले के सभी पंचायत बूथ से लेकर जिला प्रदेश के नेताओं के सहयोग से यह काम पूरी मजबूती



से पूरा किया जा रहा है इसके लिए सभी साथियों के प्रति आभार व्यक्त करता हूं हमलोग के नेता बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को फिर मुख्यमंत्री बनाने के लिए सभी साथी संकल्पित हो और पूरी इमानदारी से लग जाए मौके पर जिला संगठन प्रभारी प्रमोद पटेल, जिलाध्यक्ष चन्द्रकेतु सिंह, बब्लू चौहान , विधानसभा प्रभारी बालमुकुंद चौहान, प्रमोद पासवान , जिला प्रवक्ता सुनील कुमार गुप्ता ,मीडिया प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राजीव रंजन पटेल, अनुज कुमार सिंह उर्फ चुनू सिंह आदि मौजूद रहे।

# उद्यमियों व्यापारियों की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाय : डीएम

स्वतंत्र प्रभात

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता में शनिवार को देर सायंकाल कैम्प कार्यालय के सभागार में जिला उद्योग बन्धु एवं व्यापार बन्धु की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उपायुक्त उद्योग ने उद्यमियों की समस्याओं के सम्बन्ध में अब तक की गयी कार्यवाही के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी। उद्यमियों ने बैठक के दौरान अपनी-अपनी समस्याओं को जिलाधिकारी के समक्ष अवगत कराया। औद्योगिक आस्थान सुखपालनगर की जल निकासी की समीक्षा के सम्बन्ध में बताया गया कि स्थायी जल निकासी व्यवस्था हेतु नाला निर्माण के बजट के लिये आयुक्त एवं निदेशक उद्योग को पत्राचार कर अनुरोध किया गया है। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजनान्तर्गत मार्जिन मनी के समायोजन हेतु हर्षित श्रीवास्तव के प्रार्थना पत्र पर मुख्य विकास अधिकारी ने जिला समन्वयक भारतीय स्टेट बैंक को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के सम्बन्ध में बैंकों के समन्वयकों को निर्देशित किया गया



कि बेवजह बैंकों में पत्रावलियों को लम्बित न रखें जल्द से जल्द बैंक में लम्बित आवेदन पत्रों का निस्तारण करायें जिससे लाभार्थियों को लाभ मिल सके। इसी प्रकार मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद योजन आदि की भी समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। निवेश मित्र पोर्टल की समीक्षा में पाया गया कि निवेश मित्र पोर्टल पर तीन प्रकरण विद्युत विभाग,एक प्रकरण लोक निर्माण विभाग तथा एक प्रकरण भू-गर्भ जल विभाग से सम्बन्धित समय सीमा उपरान्त लम्बित है,जिस पर निर्देशित किया गया कि निवेश मित्र पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण किया जाय। व्यापार बन्धु की समीक्षा में व्यापारी राजेन्द्र केसरवानी द्वारा ई-रिक्शा का रूट डायवर्जन, मच्छरों से बचाव हेतु एन्टीलार्वा का छिड़काव आदि के सम्बन्ध में ज्ञापन दिया गया, जिस पर सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि समस्याओं का निस्तारण नियमानुसार कराया जाये। व्यापार बन्धु की बैठक में व्यापारियों द्वारा नगर पालिका क्षेत्र अन्तर्गत मच्छरों के प्रकोप का मुद्दा उठाया गया, जिस पर जिलाधिकारी ने ईओ नगर पालिका को निर्देशित किया कि नालों नालियों की सफाई करायी जाय, एन्टी लार्वा का छिड़काव व फागिंग किया जाय, इस कार्य में लापरवाही कदापि न बरती जाय ।जिलाधिकारी ने बैंकों के समन्वयकों को निर्देशित किया कि बैंकों में पत्रावलियों को बेवजह लम्बित न रखें जल्द से जल्द उसका निस्तारण किया जाय। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आदित्य प्रजापति, उपायुक्त उद्योग अजय कुमार त्रिपाठी, एलडीएम गोपाल शेखर झा, बैंकों के जिला समन्वयक सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी व उद्यमियों व्यापारियों में अनुराग खण्डेलवाल, रोशन लाल उमरवैश्य, राजेन्द्र केसरवानी, संजय सोनी सहित अन्य उद्यमी व व्यापरी उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त ख़बरें

## राजन के पंजे में फंसा मोढ़



**सुरियावां** क्षेत्र के महर्षि आजाद स्टेडियम मेढ़ी में पी एस आर एस क्रिकेट एकेडमी की टीम के खिलाफ आजाद स्पोर्ट्स क्लब के 13 वर्षीय राजन यादव ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 5.3ओवर में 29 रन देकर 5 विकेट लेकर मोढ़ की टीम को35 ओवर के मैच में 124 रनों पर रोक दिया।जबाब में आजाद स्पोर्ट्स क्लब ने बिना विकेट खोए 26 रन बना लिए हैं। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पी एस आर एस क्रिकेट एकेडमी मोढ़ ने निर्धारित 35 ओवर के मैच में 28वे ओवर में सभी विकेट 124 बनाए जिसमें प्रिंस यादव ने सर्वाधिक 30 रन, विमल गौतम ने 20 रन व अमन ने 13 रनों का योगदान किया। आजाद स्पोर्ट्स क्लब की तरफ से गेंदबाजी में राजन यादव ने 5 विकेट, नीरज निगम ने 2 विकेट व अलबक्श,अंश यादव ने एक एक विकेट लिए। जबाब में उतरी आजाद स्पोर्ट्स एकेडमी ने 24 वे ओवर में दो विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया अवनीश मिश्रा ने 46 रिटायरहर्ट, संदीप बिंद ने नाबाद 36 रन व कुनाल सिंह ने नबाद 29 रनो का योगदान किया।मोढ़ की तरफ एक मात्र विकेट सत्येंद्र पाल को मिला इस तरह से आजाद स्पोर्ट्स क्लब ने मोढ़ को 8 विकेट से हरा दिया

## प्रधानाध्यापक के सेवा निवृत्त होने पर दी गई भावभीनी विदाई



**सीखड, मीरजापुर।** विकास खण्ड अन्तर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय खानपुर में प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ.रामजियावन सिंह को सेवानिवृत होने पर शनिवार को विदाई समारोह का आयोजन आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं संचालन प्रधानाध्यापक मेंड़िया प्रथम संजय सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सेवानिवृत्त प्रभारी प्रधानाध्यापक के द्वारा अध्यापक हित में किए गए कार्यों पर विस्तार से चर्चा किया और इनके सुखमय जीवन कि कामना किए। इस अवसर पर संजय सिंह प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय मेंड़िया प्रथम, अध्यापक प्रकाश बाबू आजाद , आनन्द सिंह, प्रदीप दुबे, अकबाल सिंह , विनोद यादव, हिमांशु सिंह, अमरेन्द्र कुमार सिंह, प्यारेलाल,राज बहादुर साहनी, अभय प्रकाश, मोहन, पकज सिंह, अनील सिंह, मिथलेश गौतम, रोहित वर्मा, बाल गोविन्द, अध्यापिका अर्चना सिंह,शकुंतला देवी, नीतू सिंह, प्रतिभा सिंह, अर्चना मौर्या, माया देवी, प्रतिभा श्रीवास्तव, सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

## मां शीतलाधाम अदलपुरा में उमड़ा आस्था का जन सैलाब



**सीखड़ , मीरजापुर।** वाशांतिक नवरात्रि के प्रथम दिन रविवार को अदलपुरा शीतलाधाम में माता शीतला की आराधना व दर्शन की कामना लिए हजारों श्रद्धालुओं ने मां के चरणों में शीश झुकाए। धाम में दूर दराज से आने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ शनिवार शाम से ही आनी शुरू हो गई थी ! भोर से ही गंगा स्नान शुरू हो गया। गंगा का जलस्तर कम होने से स्नार्थियों को लगभग चार सौ मीटर बालू के रेत में पैदल चल कर स्नान करना पड़ा। रेत पर पटरा नहीं लगाए जाने की वजह से जिससे वयोवृद्ध व महिला श्रद्धालुओं को चलने में कठिनाई हो रही थी ।घाट पर स्थानीय प्रशासन के द्वारा शौचालय, महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम और प्रकाश की व्यवस्था कराया गया था। स्नान के पश्चात माता रानी की एक झलक पाने के लिए आस्था का सैलाब धाम परिसर में उमड़ पड़ा।जय माता दी के गगनभेदी उद्घोष से धाम गूंजायमान हो रहा था। जैसे ही मंगला आरती के बाद गर्भ गृह का जैसे ही कपाट खुला माँ के दर्शन से श्रद्धावानों का मानो रोम रोम पुलकित हो गया ! भीड़ को नियंत्रित करने में व्यवस्था में लगे सुरक्षा कर्मियों को मशक्कत करनी पड़ी। सुरक्षा व्यवस्था के लिए चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात रही ! धाम में आयें हुए श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए उप जिलाधिकारी राजेश कुमार वर्मा, क्षेत्राधिकारी चुनार मंजरी राव, तहसीलदार योगेंद्र शरण शाह, नायब तहसीलदार कल्पना, प्रभारी निरीक्षक रविंद्र भूषण मौर्या नियंत्रण कक्ष में डटे रहे ! अदलपुरा चौकी प्रभारी सुरेश सिंह मय दलबल के साथ चक्रमण करते रहे।

# भदोही के बिहरोजपुर में पक्का पुल के लिए जमीन अधिग्रहण पर ग्रहण

**● किसानों ने मुआवजा बढ़ाये जाने की मांग की**

स्वतंत्र प्रभात



**भदोही।** जनपद के रामपुर गंगा घाट पर पक्का पुल की मांग बीते कई वर्षों से की जा रही थी, और बीते वर्ष मिर्ज़ापुर और भदोही जनपद को जोड़ने के लिए रामपुर में पीपा पुल के जगह पर पक्का पुल बनाने का मार्ग प्रशस्त भी हुआ। मिर्ज़ापुर की सांसद और केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने विधि विधान से पूजन भी कर दिया लेकिन कुछ तकनीकी वजहों से रामपुर की जगह बिहरोजपुर गांव से पुल जाने की हरी झंडी भी मिल गई। और कार्य को शीघ्र शुरू करने के लिए कावायत भी शुरू की गई। और इसी क्रम में भदोही जिले के ज्ञानपुर तहसील के बिहरोजपुर गांव से पुल बनाने के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया भी शुरू की गई। जिसको लेकर सेतु निर्माण इकाई ने बिहरोजपुर में कुल 4500 हेक्टेयर जमीन को पुल के लिए चिन्हित किया जिसमें कुल 42 गाटा शामिल है और इसमें कुल 269 किसानों को उनके हिस्से का मुआवजा देने की भी बात हुई। जिसके क्रम में बीते 28 मार्च को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में भदोही के अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किसानों और संबधित विभाग के अधिकारियों संग बैठक की गई। जहां पर मुआवजा के लिए किसानों को निर्धारित सर्किल रेट से चार गुना अधिक रेट पर जमीन के बदले मुआवजा देने पर चर्चा हुई। लेकिन किसानों को इतना मुआवजा कम लग रहा है और बिहरोजपुर के किसान जिला प्रशासन से मुआवजा को और अधिक करने की मांग की है। किसानों ने कहा कि उनकी बात को माना जाये और मुआवजा की राशि में बढ़ोतरी की जाये। किसान विद्या सागर दीक्षित ने कहा कि प्रशासन के तरफ से जो रेट निश्चित किया गया है वह काफ़ी कम है उस रेट से तो अधिक रेट पर लोग ऐसे ही जमीन को बेच दे रहे है। वही किसान शीतला प्रसाद ने कहा कि किसानों के हितों को ध्यान में रखकर मुआवजा निश्चित किया जाये और किसानों के सहमति से ही पुल के लिए जमीन को अधिग्रहित किया जाये। इसी तरह बिहरोजपुर के काफ़ी किसान मुआवजा की राशि को बढ़ाये जाने की मांग की है। किसानों के रुख को देखकर लगता है कि बिहरोजपुर में पक्का पुल के लिए किये जा रहे जमीन के अधिग्रहण प्रक्रिया में ग्रहण सा लगता दिख रहा है, वैसे किसानों और अधिकारियों के बातचीत के बाद कोई न कोई बीच का रास्ता अवश्य निकलेगा लेकिन बिहरोजपुर के किसान अपनी मांग को लेकर मुखर है और जिला प्रशासन से मुआवजा की राशि बढ़ाये जाने की मांग की है।

# थाना सुरियावां पुलिस टीम को मिली महत्वपूर्ण सफलता

**● वृद्धा पेंशन सत्यापन करने के बहाने छलपूर्वक अंगूठा निशान लगवाकर बैंक खाता से रुपयों की ठगी करने वाले 02 अभियुक्त गिरफ्तार**

स्वतंत्र प्रभात

**भदोही** पूर्व में थाना कोईरौना पुलिस टीम द्वारा ठगी की घटना में शामिल एयरटेल पेमेंट बैंक व फिनो बैंक की फेंचाइजी चलाने वाले दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया एवं कब्जे से फेंचाइजी के दो अदद रजिस्टर व थम्ब इंप्रेशन डिवाइस बरामद किया गया था। दिनांक 06.03.2025 को वादी मुकदमा श्री राजेंद्र प्रसाद निवासी मुंगरी थाना ऊंज द्वारा थाना सुरियावां पर सूचना दिया गया कि दिनांक 30.01.2025 को समय करीब 2ः00 बजे दिन में अपने ससुराल में ग्राम कुसौली बाजार गया था कि बाजार में चाय नाश्ता की दुकान पर मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात व्यक्ति आए और वृद्धा पेंशन सत्यापन करने के नाम पर मशीन पर अंगूठे का निशान लगवा लिए जिससे ?2,000/- खाता से निकल गया। उक्त सूचना पर तत्समय ही अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध मु0अ0सं0-67/2024 धारा-318(4) बी.एन.एस. का अभियोग पंजीकृत करते हुए विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित की गई,जिसमें दो अभियुक्त प्रकाश में आए।




अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा पंजीकृत अभियोग के अनावरण व ठगी की घटना में शामिल अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देश के क्रम में आज दिनांक-30.03.2025 को थाना सुरियावां पुलिस टीम द्वारा वृद्धा पेंशन सत्यापन करने के नाम पर छलपूर्वक मशीन पर अंगूठा निशान लगवा कर बैंक खातों से रुपयों की ठगी करने वाले दो अभियुक्तों- आशीष कुमार दुबे पुत्र दिनेश कुमार दुबे निवासी बलापुर, रोही थाना गोपीगंज जनपद भदोही उम्र करीब 35 वर्ष व विपिन पाण्डेय पुत्र स्व0 मनोज कुमार पाण्डेय निवासी ग्राम सारीपुर उमरपुर थाना गोपीगंज जनपद भदोही उम्र करीब 32 वर्ष को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है।गिरफ्तारशुदा दोनों अभियुक्तों को पूर्व में भी थाना कोईरौना पुलिस टीम द्वारा ठगी की घटना में शामिल दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया एवं कब्जे से फेंचाइजी के दो अदद रजिस्टर व थम्ब इंप्रेशन डिवाइस बरामद किया गया था।एयरटेल पेमेंट बैंक व फीनो बैंक फेंचाइजी के अभिकर्ता हैं तथा पंजीकृत अभियोग में धारा 316(5) बी.एन.एस. की बढ़ोत्तरी करते हुए अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों के अन्य आपराधिक घटनाओं में संलिप्तता की जांच की जा रही है।

**अभियुक्तों का नाम व पता**

1.आशीष कुमार दुबे पुत्र दिनेश कुमार दुबे निवासी बलापुर, रोही थाना गोपीगंज जनपद भदोही उम्र करीब 32 वर्ष

2.विपिन पाण्डेय पुत्र स्व0 मनोज कुमार पाण्डेय निवासी ग्राम सारीपुर उमरपुर थाना गोपीगंज जनपद भदोही उम्र करीब 31 वर्ष।

# पीडब्ल्यूडी कर रहा बड़ी दुर्घटना का इंतजार कई महीने से जर्जर सडक पर नाली का बह रहा है पानी

**● जर्जर सड़क होने के नाते आए दिन लगता रहता है सड़क पर जाम**

स्वतंत्र प्रभात

**हलिया, मिर्जापुर।** ड्रमडगज क्षेत्र के ड्रमडगज हलिया संपर्क मार्ग पर बह रहा है गंदा पानी कहीं ना कहीं पीडब्ल्यूडी के कर्मचारियों के लापरवाही देखने को मिल रहा है कई महीने से गंदा पानी नाली का जर्जर सड़क पर बह रहा है आए दिन लोग दुर्घटना के शिकार होते रहते हैं कई एक बार पत्रक देने के बाद भी नहीं बना पीडब्ल्यूडी का जर्जर सड़क ग्रामीणों ने बताया कि ड्रमडगज बाजार में पीडब्ल्यूडी द्वारा सड़क और नाली निर्माण करवाया गया था जिसमें गलत ढंग से हुए कार्यों की वजह से ड्रमडगज चौराहा ड्रमडगज हलिया मार्ग पर पानी निकासी नहीं होने से सड़क पर गहरा गड्ढा हो गया है हमेशा जल जमाव की स्थिति बनी हुई है और आए दिन लोग गिरकर चोटिल होते हैं इस संबंध में कई बार अधिकारियों से गुहार लगाया गया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुआ स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर हेल्पलाइन नंबर पर 1076 पर भी शिकायत की थी लेकिन शिकायत का निस्तारण नहीं हो सका स्थानीय व्यापारियों ने बताया कि जब झटके में कभी-कभी गाड़ियां इस रास्ते से निकलती हैं तो अगल-बगल की दुकानों पर गंदे पानी का छिटा पड़ता है दुकान में रखा सामान भी नुकसान होता है जबकि इसी रास्ते से



अधिकारी भी निकलते हैं लेकिन किसी भी सरकारी अधिकारियों का नजर इस जर्जर सड़क पर नहीं है 9 दिन का गड़बड़ा धाम का मेला भी शुरू हो गया है दर्शनार्थी भी इसी रास्ते से आते जाते हैं जबकि नवरात्रि से पहले सड़क गड्ढा मुक्त करवा देना चाहिए था लेकिन पीडब्ल्यूडी के कर्मचारी नींद में सो रहे हैं यह देखना है कि कब जागते हैं तो कब बनाएगे इस जर्जर सड़क को।

## उद्यमियों व्यापारियों की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाय-डीएम

स्वतंत्र प्रभात

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता में शनिवार को देर सायंकाल कैम्प कार्यालय के सभागार में जिला उद्योग बन्धु एवं व्यापार बन्धु की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उपायुक्त उद्योग ने उद्यमियों की समस्याओं के सम्बन्ध में अब तक की गयी कार्यवाही के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी। उद्यमियों ने बैठक के दौरान अपनी-अपनी समस्याओं को जिलाधिकारी के समक्ष अवगत कराया। औद्योगिक आस्थान सुखपालनगर की जल निकासी की समीक्षा के सम्बन्ध में बताया गया कि स्थायी जल निकासी व्यवस्था हेतु नाला निर्माण के बजट के लिये आयुक्त एवं निदेशक उद्योग को पत्राचार कर अनुरोध किया गया है। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजनान्तर्गत मार्जिन मनी के समायोजन हेतु हर्षित श्रीवास्तव के प्रार्थना पत्र पर मुख्य विकास अधिकारी ने जिला समन्वयक भारतीय स्टेट बैंक को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के सम्बन्ध में बैंकों के समन्वयकों को निर्देशित किया गया कि बेवजह बैंकों में पत्रावलियों को लम्बित न रखें जल्द से जल्द बैंक में लम्बित आवेदन पत्रों का निस्तारण करायें जिससे लाभार्थियों को



लाभ मिल सके। इसी प्रकार मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद योजन आदि की भी समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। निवेश मित्र पोर्टल की समीक्षा में पाया गया कि निवेश मित्र पोर्टल पर तीन प्रकरण विद्युत विभाग,एक प्रकरण लोक निर्माण विभाग तथा एक प्रकरण भू-गर्भ जल विभाग से सम्बन्धित समय सीमा उपरान्त लम्बित है,जिस पर निर्देशित किया गया कि निवेश मित्र पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण किया जाय।

व्यापार बन्धु की समीक्षा में व्यापारी राजेन्द्र केसरवानी द्वारा ई-रिक्शा का रूट डायवर्जन, मच्छरों से बचाव हेतु एन्टीलार्वा का छिड़काव आदि के सम्बन्ध में ज्ञापन दिया गया, जिस पर सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि समस्याओं का निस्तारण नियमानुसार कराया जाये। व्यापार बन्धु की बैठक में व्यापारियों द्वारा नगर पालिका क्षेत्र अन्तर्गत मच्छरों के प्रकोप का मुद्दा उठाया गया, जिस पर जिलाधिकारी ने ईओ नगर पालिका को निर्देशित किया कि नालों नालियों की सफाई करायी जाय, एन्टी लार्वा का छिड़काव व फागिंग किया जाय, इस कार्य में लापरवाही कदापि न बरती जाय।जिलाधिकारी ने बैंकों के समन्वयकों को निर्देशित किया कि बैंकों में पत्रावलियों को बेवजह लम्बित न रखें जल्द से जल्द उसका निस्तारण किया जाय। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आदित्य प्रजापति, उपायुक्त उद्योग अजय कुमार त्रिपाठी, एलडीएम गोपाल शेखर झा, बैंकों के जिला समन्वयक सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी व उद्यमियों व्यापारियों में अनुराग खण्डेलवाल, रोशन लाल उमरवैश्य, राजेन्द्र केसरवानी, संजय सोनी सहित अन्य उद्यमी व व्यापरी उपस्थित रहे।

# शरीर को स्वस्थ और पर्यावरण को स्वच्छ रखना जरूरी - अताउल अंसारी

स्वतंत्र प्रभात

**भदोही** साइकिलिंग क्लब के तत्वाधान में राष्ट्रीय राजमार्ग बड़ा चौराहा से पर्यावरण और स्वास्थ्य जागरूकता अभियान साइकिल यात्रा निकाली गई। अध्यक्ष अताउल अंसारी ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया और कहा कि युवावस्था से ही सभी शुगर बीपी मोटापा जोड़ों के दर्द के मरीज़ होते जा रहे है जो देश के भविष्य के लिए चिंता का विषय है। आने वाली पीढ़ी के लिए एक बेहतर भारत बनाने के लिए सभी को चाहिए कि थोड़ा बहुत योग व्यायाम कसरत के साथ साथ आसपास के काम साइकिल से या पैदल करें। इससे हमारा शारीरिक व्यायाम भी होगा और पर्यावरण भी सुरक्षित रहेगा। सभी का थोड़ा थोड़ा प्रयास



एक बड़ा परिवर्तन ला सकता है।

साइकिल यात्रा आरंभ होकर नगर पालिका, फूलबाग, सोनखरी, हरिहरपुर, गुरु गोविंद नगर के आस पास का भ्रमण करते हुए *वृक्ष लगाओ पर्यावरण बचाओ, वृक्षों की जब करोगे रक्षा, तभी बनेगा जीवन अच्छा, हिंदुस्तान जिंदाबाद, स्वस्थ रहे मस्त रहे, करो योग रहो निरोग, हम सबने ये ठाना है पुरे भदोही को स्वस्थ बनाना है, सुबह की हवा सौ रोगों की दवा, भारत माता की जय, वन्दे मातरम* का नारा लगाते हुए लोगों को स्वास्थ्य और पर्यावरण के बारे में जागरूक करते हुए बैदा बाज़ार में इसका समापन हुआ। साइकिल यात्रा में प्रवीण टंडन, कमलेश कश्यप, राजीव जायसवाल, फैज आलम, महेंद्र यादव, प्रमोद मौर्य, जीत सिंह, लक्ष्य सिंह, अबू हुरैरा अंसारी समेत आदि रहे।

# शिक्षामित्र का एक प्रतिनिधिमंडल नव नियुक्त कांग्रेस के जिला अध्यक्ष वसीम अंसारी के इंदिरा नगर सुरियावां स्थित आवास पर पहुंचकर बधाई दी

स्वतंत्र प्रभात

**जनपद भदोही** के शिक्षामित्र का एक प्रतिनिधिमंडल नव नियुक्त कांग्रेस के जिला अध्यक्ष वसीम अंसारी के इंदिरा नगर सुरियावां स्थित आवास पर पहुंचकर बधाई दी। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षामित्र ने नव नियुक्त जिला अध्यक्ष को माला पहनकर स्वागत किया। इसके साथ-साथ एक मांग पत्र राहुल गांधी जी के नाम भी सौंपा. इस अवसर पर शिक्षामित्र सुनीता देवी जी ने बताया कि सन 2000 में हम सभी का प्राथमिक विद्यालयों पर शिक्षामित्र के रूप में शिक्षण कार्य में कार्यरत है,सपा सरकार के कार्यकाल के दौरान हम सभी शिक्षामित्र को सहायक अध्यापक के रूप में समायोजन कर दिया गया था परंतु भारतीय जनता पार्टी के सरकार में उसे समायोजन को रद्द कर दिया गया.इसके विरोध में शिक्षामित्र के संगठनों के द्वारा लगातार आंदोलन किया गया, इन सब के दौरान पिछले 8 वर्षो में मानसिक अवसाद एवं डिप्रेशन के कारण हजारों शिक्षामित्र को जान गवानी पड़ी. गत दिनों में जिस तरह से राहुल गांधी जी किसान, मजदूर, नाइ, बढ़ई,कुम्हार मोची,कुली, लोको पायलट,ऑटो ड्राइवर, कैब ड्राइवर छात्राओं एवं ट्रक ड्राइवर इतिहास लोगों से मुलाकात कर उनकी पीड़ा एवं समस्याओं को जानकर निराकरण करवाने के लिए प्रयास किए हैं. हम सभी शिक्षामित्र की भी यही मांग है कि राहुल जी हम सब से मिलकर हमारी समस्या को जान लें और इसके निराकरण के लिए संघर्ष करें।

इस अवसर पर नवनियुक्त जिला अध्यक्ष वसीम अंसारी जी ने बताया कि आगामी 4 अप्रैल को पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी जी ने आमंत्रित किया है. मैं पूरा प्रयास करूंगा कि




आपकी आवाज को उन तक पहुंचा सकूं ताकि आपकी समस्याओं का निराकरण हो सके। शिक्षामित्र के प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से श्याम जी दूबे, रवि उपाध्याय, अजय यादव, छोटेलाल कन्नौजिया, विनय सिंह, राजेश दूबे, मुन्ना तिवारी, रोहित, शीला मिश्रा,अनिल उपाध्याय, विनय तिवारी साधना प्रजापति, शिप्रा देवी इत्यादि लोग रहें. अवसर पर कार्यकारी जिला अध्यक्ष संदीप दूबे, नाज़िम अली, विनोद गौतम, रंजीत कनौजिया इत्यादि लोग उपस्थित रहें।

# प्रसिद्ध गड़बड़ा शीतला माता मंदिर में हजारों दर्शनार्थियों ने टेका माथा

**● पांच राज्यों से आते हैं भक्त नवरात्र मेले में पुलिस का कड़ा पहरा**

स्वतंत्र प्रभात

**हलिया, मिर्जापुर।** हलिया स्थित गड़बड़ा शीतला धाम का इतिहास 400 साल पुराना है बिना कैमूर की तलहटी में सेवटी नदी के किनारे स्थित मंदिर जिला मुख्यालय से 70 किलोमीटर दक्षिण में है मान्यताओं के अनुसार यहां नीम के पेड़ से मां शीतला का प्राकट्य हुआ था। चेचक और अन्य बीमारियों से पीड़ित लोग यहां आकर राहत पाए हैं उत्तर प्रदेश के अलावा मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ झारखंड बिहार और बंगाल से भी श्रद्धांजलि दर्शन के लिए पहुंचते हैं मंदिर में प्रत्येक सोमवार को मेला लगता है अगहन मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी और द्वादशी को विशेष मेला होता है वर्तमान में चल रहे नवरात्र मेले में सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए गए हैं क्षेत्राधिकार लालगंज अशोक कुमार सिंह के मुताबिक मेला क्षेत्र में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है थाना संत नगर ड्रमडगज और हलिया थाने की पुलिस फोर्स तैनात है साथी पीएसी बल भी मौजूद है महिलाओं की सुरक्षा के लिए 8 महिला कांस्टेबल 15 सब इंस्पेक्टर और 40 कांस्टेबल तैनात किए गए हैं एक फायर ब्रिगेड भी तैयार रखी गई है पुलिस टीम पूरे मेला क्षेत्र में लगातार गश्त कर रही है वही मेला क्षेत्र में पंचायत विभाग के द्वारा सफाई कर्मी मोबाइल टॉयलेट का व्यवस्था कराया गया है ग्राम प्रधान के द्वारा रिबोर से लेकर स्ट्रीट लाइट गंदे जगह पर चुना डालने के लिए मेला क्षेत्र में पानी का छिड़काव करने के लिए एक समरसेबल का व्यवस्था कराया



गया है ग्रामीणों के मुताबिक नवरात्र के प्रथम दिन 20000 दर्शनार्थियों ने मंदिर में माथा टेका है अब यह मेला 9 दिन तक लगातार चलता रहेगा। मेला क्षेत्र में माला चुनरी के साथ ही साथ खिलौना वह सिंगारी सामान का भी दुकान सजाया गया है सुबह 3ः00 भोर से लेकर शाम तक लगातार दर्शनार्थी दर्शन के लिए पहुंचते रहते हैं।

# उच्च प्राथमिक विद्यालय की वार्षिकोत्सव? एवं शारदा संगोष्ठी में प्रतिभाशाली छात्रों को किया गया पुरस्कृत

स्वतंत्र प्रभात

**सीखड़, मीरजापुर।** विकास खण्ड अन्तर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय धनैता में हर्षोल्लास के साथ शनिवार को वार्षिकोत्सव एवं शारदा संगोष्ठी मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी बृजेश कुमार राय रहे। वार्षिकोत्सव एवं शारदा संगोष्ठी कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। छात्र छात्राओं द्वारा दहेज प्रथा,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ,सास -बहु जैसे विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावक शिक्षक को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी बृजेश कुमार राय ने कहा कि बच्चे आने वाले कल के भविष्य हैं। बच्चों की प्रथम पाठशाला उनके माता-पिता होते हैं।इस लिए बच्चों की प्रतिभा निखारने में जितनी शिक्षकों की भूमिका होती है उतनी उनके माता-पिता की भी जिम्मेदारी बनती है। उन्होंने बच्चों से कहा कि पढ़ाई के साथ साथ विद्यालय में बने पुस्तकालय कार्नर से कहानी, कविता,लेख को पढ़ कर आत्मसात करें जो उनके भविष्य को संवारने में सहायक होगा। वहीं जिले में राष्ट्रीय आय योग्यता आधारित परीक्षा में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र रंजन कुमार गौड़ व अतिक कुमार को विद्यालय शिक्षक परिवार की तरफ से साइकिल देकर मुख्य अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। साथ ही साथ विद्यालय के उत्कृष्ट छात्र छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक राकेश सिंह द्वारा उपस्थित सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।उक्त अवसर पर डाक्टर अनिलेश




सिंह व ग्राम प्रधान सरोज सिंह, विनोद सिंह अखिलेश सिंह, सुमन सिंह, स्नेह लता, सुजित सिंह, सहित काफी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक शिक्षक उपस्थित रहे।

# देवी मंदिरों में गूंजा मां का जयकारा

**● ढोल नगाड़े के साथ दर्शन पूजन करने पहुंचे भक्त**

स्वतंत्र प्रभात



**चुनार, मिर्जापुर।** वासंतिक नवरात्र मेला के अवसर पर क्षेत्र के अदलपुरा स्थित बड़ी शीतला माता दरबार में नवरात्र के पहले दिन भारी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने मां का दर्शन पूजन किया। यहां क्षेत्र के अलावा मिर्जापुर, वाराणसी,जौनपुर, भदोही, चंदौली, सोनभद्र जनपद के साथ ही बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश आदि प्रदेशों के कोने कोने से शनिवार रात से ही मां के दरबार में श्रद्धालुओ के पहुंचने कि सिलसिला शुरू हो गया था। शीतला धाम घाट पर पहुंच कर श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर नारियल, चुनरी, लाचीदाना, मीठा ,फल इत्यादि प्रसाद लेकर दो बजे रात से ही मां का दर्शन पूजन करने के लिए कतार में खड़े हो गए और मां का जयकारे लगाते रहे। मां के जयकारे से मंदिर परिसर गुंजयमान रहा। मंदिर पर मौजूद मां का सेवकिया सोनू पुजारी श्रृंगाररिया, प्रकाश पुजारी, नारायण पुजारी,अनील पुजारी आदि ने श्रद्धालुओं को दर्शन पूजन कराया। इस दौरान दूर दराज से मां के दरबार में आए श्रद्धालुओं कि सुरक्षा व्यवस्था में अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन ओ पी सिंह,तहसीलदार योगेंद्र शरण शाह,नायब तहसीलदार कल्पना, सीओ मंजरी राव, कोतवाल रविंद्र भूषण मौर्य, अदालपुरा चौकी प्रभारी सुरेश सिंह मय पुलिस बल के साथ गर्भगृह से लेकर गंगा घाट तक लगे हुए थे।

चुनार दुर्गा, काली खोह स्थित मां दुर्गा एवं मां काली मंदिर पर रविवार सुबह से श्रद्धालु दर्शन पूजन करने पहुंचे । यहां आस पास के गांव के अलावा सोनभद्र जिले से भी श्रद्धालु दर्शन पूजन करने आते हैं। जिससे श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगी रही।सुबह से श्रद्धालु कतार में लग कर मां दुर्गा एवं दक्षिणेश्वर काली मां का दर्शन पूजन किया।इस दौरान मां दुर्गा के जयकारे से मंदिर परिसर गूंज उठा।सीखड़ क्षेत्र के मवैया गांव स्थित मां विंध्यवासिनी स्वरूपा का दर्शन पूजन उमड़े श्रद्धालु। गांव के साथ ही सीखड़, भुवालपुर, लरछूट, पचराव, शिल्पी, गौरैया आदि गांवों से सैकड़ों कि संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने मां विंध्यवासिनी स्वरूपा मवैया देवी का दर्शन पूजन किया। पुजारी दुक्खी राम चौबे, दिनेश चौबे ने भक्तों को दर्शन कराया।बताया कि भोर से ही भक्तों का लाइन लगा हुआ है।

# चैत्र नवरात्रि के पहले दिन शक्तिपीठ अलोपशंकरी सहित देवी मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़!

स्वतंत्र प्रभात



**प्रयागराज।** चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन देवी मंदिरों में आदिशक्ति के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री के स्वरूप की पूजा अर्चना और श्रृंगार किया गया। सुबह से ही मंदिरों में घंटे और घड़ियाल के गूंजने लगे। भक्तों की लंबी कतार लगी रही। अलोपीबाग में स्थित शक्ति पीठ अलोपशंकरी मंदिर में दर्शन पूजन के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। भक्तों ने नरियल, चुनरी, पुष्पमाला, कमल, नैवैद्य आदि का अर्पण कर आरती उतारी। मंदिर में दुर्गा सप्तशती और देवी स्त्रोत के मंत्र गूंजते रहे। मंदिर को सुगंधित पुष्पों सजाया गया है। यहां पर दूर-दूर से भक्त दर्शन पूजन करने के लिए आते हैं। यह मंदिर अपनी विशिष्टता के कारण सभी शक्ति पीठों में सबसे पवित्र माना जाता है। माना जाता है कि सती देवी के शरीर का अंतिम भाग इसी स्थान पर गिरा था और वे सांसारिक लोकों से गायब हो गई, इसलिए इसका नाम अलोपी (अर्थात गायब) पड़ा। यह भी माना जाता है कि यह वह स्थान है जहां देवी सती की उंगलियां गिरी थीं। शहर के सिविल लाइंस, कटरा, चौक, मुट्ठीगंज, मीरापुर, धूमनगंज, राजरूपपुर, रामबाग, सोहबतियाबाग, चौफटका, तेलियरगंज, शिवकुटी, जार्जटाउन, टैगोरटाउन, कीडगंज, राजापुर, ममफोर्डगंज, नैनी, झुंसी, फाफामऊ, कालिंदीपुरम आदि इलाकों में देवी मंदिरों में भक्तो की भारी भीड़ रही। कल्याणी देवी स्थित आदिशक्ति कल्याणी देवी मंदिर में नवरात्रि के मौके पर विशेष पूजा अर्चना और आरती की गई। यहां सुबह से ही भक्तों की लंबी कतार लगी रही। फूल, माला, नारियल और चुनरी के साथ भक्तों ने देवी की पूजा की और आरती उतारी। इसी तरह आदिशक्ति ललिता देवी मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। भक्तों ने विधि विधान से मां की पूजा की। यहां पूरे नवरात्र में विशेष अनुष्ठान किया जाता है। यहां पर दूर-दूर से भक्त दर्शन करने के लिए पहुंचते हैं।

# यूपी में पहली बार दो साइबर अपराधियों को मिली सजा 7-7 साल सश्रम कारावास और 1.5 लाख जुर्माना

स्वतंत्र प्रभात

**दया शंकर त्रिपाठी।**



**ब्यूरो प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में पहली बार दो साइबर अपराधियों को कोर्ट ने सजा सुनाई है. वाराणसी पुलिस कमिश्नरेट ने ऐसा दावा किया है. साइबर मामले में दोनों अपराधियों को 7-7 की सजा और 1.50 लाख रुपये जुर्माना वसूलने का फैसला कोर्ट ने सुनाया है। वारदात के करीब 4 साल अपराधियों को सजा मिली है. इस फैसले से साइबर अपराधियों में डर का माहौल बनेगा। जिससे साइबर क्राइम अपराध पर अंकुश लगने की संभावना मानी जा रही है। बड़ागांव निवासी छेदी के मोबाइल पर साइबर अपराधियों द्वारा 3 जून 2021 को फोन कर अपने को ट्रेजरी आफिसर बताया. इसके बाद पेंशन का फिक्सेशन के नाम पर बैंक खाता संबन्धित समस्त जानकारी ले ली. इसके बाद 3 से 6 जून 2021 के बीच 16 लाख 41 हजार रुपये छेदी के बैंक खाते से धोखे से निकाल लिया था. जानकारी होने पर छेदी ने साइबर थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। साइबर थाना पुलिस ने जांच शुरू की तो मंटु कुमार मण्डल निवासी धनबाद और प्रमोद कुमार मण्डल निवासी दमका झारखंड का नाम सामने आया। इसके बाद दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जिसके बाद दोनों के खिलाफ कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया. इस मुकदमे की सुनवाई राजीव मुकुल पाण्डेय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने की. कोर्ट ने अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास को देखते हुए इन्हें अभ्यस्त अपराधी माना और उनके कृत्यों से समाज को गम्भीर क्षति पहुंचने की आशंका की. कोर्ट ने प्रमोद कुमार मण्डल, मंटु कुमार मण्डल को दोषी करार देते हुए 7-7 के सश्रम कारावास और 1,50,000 रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनायी। दोनों दोषियों को सजा सुनाते हुए कोर्ट ने कहा कि वर्तमान समय में देश जब डिजिटल इण्डिया के नवप्रवर्तन के दौर से गुजर रहा है. ऐसी स्थिति में साइबर अपराधी इस महत्वकांक्षी योजना के लिए अभिशाप है. साइबर अपराधी तकनीक का दुरुप्रयोग कर मात्र कुछ क्षणों में पीड़ित के खातों से पूरी धनराशि निकाल लेना, डार्क-वेव व वीपीएन जैसी तकनीकों का उपयोग करके छल पूर्वक बड़ी मात्रा में पैसा निकालना तथा उसका प्रयोग बड़े अपराधों में करना देश के समक्ष एक बड़ी चुनौती के रूप में है।

# मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 1441मरीजों को का किया गया सफल इलाज

स्वतंत्र प्रभात



**कौशाम्बी।** जनपद में प्रत्येक रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जाता है। जनपद में 29 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर दिनांक 30-03-2025 को आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। आरोग्य स्वास्थ्य मेले को सफल बनाने के लिए नोडल अधिकारी तथा अपर/उप मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो में आरोग्य स्वास्थ्य मेले के निरीक्षण हेतु जिम्मेदारी दी गयी है । डा0 संजय कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी कौशाम्बी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र,मंझनपुर एवं टेंवां का निरीक्षण किया। उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सुनील कुमार सिंह ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सेलरहा पश्चिम का निरीक्षण किया तथा उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 एच0 पी0 मणि द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अमनी लोकीपुर का निरीक्षण किया गया । मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 संजय कुमार ने अवगत कराया कि समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रत्येक रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जा रहा है। अन्य उप मुख्य चिकित्सा/ अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारियों के द्वारा भी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण किया जाता है।आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 41चिकित्साधिकारी व 112 पैरामेडिकल कर्मचारी की ड्यूटी लगायी गयी थी।आरोग्य स्वास्थ्य मेले में विभिन्न रोगो से ग्रसित कुल 1441 मरीजों का चिकित्सको द्वारा उपचार किया गया एवं 08 मरीजों को जिला संयुक्त चिकित्सालय मंझनपुर कौशाम्बी सन्दर्भित किया गया। साथ ही मेले मे कुल 48 गोल्डेन कार्ड एवं 25 आभा आईडी भी बनाये गये।

# नगर पालिका परिषद मंझनपुर में भ्रष्टाचार को छिपाने के लिये जलाई गई फाइलें

स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** जनपद के नगर पालिका परिषद मंझनपुर में तैनात अवर अभियन्ता सिविल ओंकार पटेल के सरकारी आवास में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई जिसमें बताया गया कि सरकारी दस्तावेज भी जलकर राख हो गए हैं जिसमें कई लोगों द्वारा डीजल खर्च, मिट्टी एवं कोटेशन के कार्यों में खर्च किए गए राशियों की जनसूचना के माध्यम से लगातार सूचनाएं मांगी जा रही थी परन्तु आज तक जनसूचना उपलब्ध नहीं कराई गई और आग लगने की सूचना प्राप्त हो रही है कि सरकारी दस्तावेज भी जल गए ऐसी सम्भावना है कि भ्रष्टाचार से सम्बन्धित फाइलों को कहीं साजिश पूर्वक तो जलाकर राख नहीं किया गया है क्योंकि लगभग 1 वर्ष से अधिक समय से नगर पालिका परिषद मंझनपुर में बड़े बाबू की तैनाती हो गई है परन्तु आज तक सभी अभिलेख बड़े बाबू को हस्तान्तरित नहीं किए गए हैं इससे पूर्व बड़े बाबू का चार्ज भी अवर अभियन्ता ओंकार पटेल के ही पास था अवर अभियन्ता ओंकार पटेल के सम्पूर्ण कार्यकाल में भ्रष्टाचार के आरोप लगातार लगते रहे हैं जिसपर कभी कोई ठोस करवाई नहीं हुई इनके सम्पूर्ण कार्यकाल में मिट्टी, डीजल और कोटेशन के कार्यों में करोड़ रुपए के भ्रष्टाचार हुआ है जिसकी अगर चेक इश्यू रजिस्टर से मिलान करके कार्यों का भौतिक सत्यापन कराकर जांच कराई जाए तो पता चलेगा कि किस तरह से फर्जी भुगतान अपने चहेती फर्मों को कराकर सरकारी धन का लूट घसोट किया गया है नगर पालिका परिषद मंझनपुर से हटकर अन्य विभाग से जांच कराई जाए तो पता चलेगा कि कितने बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है इस आग लगने की घटना में कौन कौन से सरकारी दस्तावेज जले हैं और क्योंकि आवास में सरकारी दस्तावेज रखा गया इसकी जांच कराये जाने की नितान्त आवश्यकता है।

# केपीएस भीटी, महगांव (कौशाम्बी) में 'रंगतरंग' वार्षिकोत्सव का किया गया भव्य आयोजन

स्वतंत्र प्रभात



**कौशाम्बी।** जनपद के केपीएस भीटी, महगांव में वार्षिक उत्सव 'रंगतरंग' का भव्य आयोजन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन निवर्तमान विधायक चायल माननीय संजय कुमार गुप्ता की हृदयकर्णिका ऋद्धि-सिद्धि मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इसके पश्चात संस्थान के डायरेक्टर श्रीमती सीमा पवार जी द्वारा सभी सम्मानित अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना एवं गणेश वंदना से हुई, जिसके बाद विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। रंगारंग नृत्य, नाटक, गायन एवं अन्य मनमोहक कार्यक्रमों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

**संस्थान के चेयरमैन का संदेश**

संस्थान के चेयरमैन निवर्तमान विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने अपने संदेश में कहा, ÷विद्यालय केवल शिक्षा का केन्द्र नहीं, बल्कि संस्कारों और आत्मविकास का एक सशक्त मंच भी है। इस प्रकार के कार्यक्रमों से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है और वे आत्मविश्वास से भर जाते हैं। उन्होंने सभी छात्रों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी और शिक्षकों व अभिभावकों के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास ही हमारी प्राथमिकता है। इस प्रकार के कार्यक्रम न केवल उनकी रचनात्मकता को निखारते हैं, बल्कि उनमें आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना को भी विकसित करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को मेहनत और लगन से आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

**संस्थान की निदेशक का संदेश**

संस्थान की निदेशक श्रीमती सीमा पवार जी ने अपने संदेश में कहा, शिक्षा केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं होती, बल्कि यह छात्रों के संपूर्ण विकास का माध्यम भी होती है। इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों की प्रतिभा को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने सपनों को साकार करने के लिए सतत प्रयास करने की प्रेरणा दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य हैदर अब्बास एवं शिक्षकों ने इस सफल आयोजन के लिए सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। पूरा विद्यालय परिसर तालियों की गूंज से सराबोर रहा और रंगतरंग उत्सव, अपने नाम के अनुरूप, सभी के मन में खुशियों के रंग भरने में सफल रहा। इस अवसर पर प्रेमचंद गुप्ता, सपना गुप्ता जी, केपीएस /किडजी फाउण्डर मास्टर देव बाबू गुप्ता जी ,वासु गुप्त ,प्रांशु गुप्ता जी ,संस्थान के डिप्टी डायरेक्टर डॉक्टर मयंक कुमार मिश्रा ,राहुल सिंह ,भजनीस सिंह ,मधुबन पटेल, सुचिता,प्रहलाद राजभर, विकाश मिश्र, शमशेर, खुशबू, पलक, साजिया, शेफाली, तनू ,दीपमाला ,वर्तिका, प्रगति मैडम, कोरियोग्राफर दीपक डांस आदि शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

स्वतंत्र प्रभात



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा आज जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने समस्त पटलो का अवलोकन किया, जिसमें समस्त पटल प्रभारी कार्य करते हुए पाये गये। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षधिकारी कार्यालय में हो रहे कायाकल्प के कार्य का भी निरीक्षण किया, जो सही पाया गया, जिस पर जिलाधिकारी ने प्रसन्नता व्यक्त किया। उन्होंने बेसिक शिक्षाधिकारी कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों को शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अनुपालन करते हुए त्वरित गति से निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2024-25 की समाप्ति के दृष्टिगत नियमानुसार समस्त पत्रावलियों एवं अभिलेखों को व्यवस्थित करने के भी निर्देश दिये। उन्होंने कार्यालय के सौंदर्यीकरण सम्बन्धी कार्यों में तेजी लाने के लिए जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षाधिकारी डॉ0 कमलेन्द्र कुमार कुशवाहा सहित अन्य पटल सहायक उपस्थित रहे।

# घर-घर संपर्क अभियान से लोगों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की मिली जानकारी : जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य

स्वतंत्र प्रभात



**कौशाम्बी।** विधानसभा सिराथू के सांगठनिक मण्डल कड़ा में शक्तिकेंद्र अहमदाबाद ग्राम पंचायत हिसामपुर सखी में बूथ संख्या 102,103,104, में जनसंपर्क कर सरकार द्वारा चलाई जा रही तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं को विस्तार से बताया जिसमें गरीब,किसान, महिलाओं, युवाओं,और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए चलाई जा रही योजनाओं के सकारात्मक प्रभाव को रेखांकित किया ताकि अधिक से अधिक लोग इनका लाभ उठा सकें बीते 08 वर्षों में प्रदेश ने सुरक्षा, बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रगति की है जो इसे आत्मनिर्भर और समृद्ध राज्य की ओर अग्रसर कर रही है। इस मौके पर शक्ति केन्द्र संयोजक वाल्मीकि पाण्डेय, बूथ अध्यक्ष मनोज पाण्डेय, रजत पाण्डेय, व तमाम कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

# सीएम योगी के मार्गदर्शन में जिलाधिकारी की पहल से वनटांगिया बच्चों का भविष्य होगा उज्ज्वल

## वनटांगिया ग्रामों में शिक्षा की नई रोशनी, वनटांगिया समुदाय को मिली नई पहचान

स्वतंत्र प्रभात




**गोण्डा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में जनपद गोण्डा प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। योगी सरकार ने महेशपुर वनटांगिया ग्राम और बुटाहनी वनटांगिया ग्राम में प्राथमिक विद्यालय स्थापित करने की स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसके साथ ही, स्कूलों के निर्माण के लिए बजट भी जारी कर दिया गया है। यह पहल वनटांगिया समुदाय के बच्चों के लिए शिक्षा के नए द्वार खोलेगी और उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव रखेगी। प्रशासन की इस सकारात्मक पहल से अब वनटांगिया ग्रामों के बच्चों को अपने ही गांव में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। यह निर्णय शिक्षा के प्रचार-प्रसार में एक ऐतिहासिक कदम साबित होगा। सरकार ने प्रत्येक प्राथमिक विद्यालय के लिए 29.45 लाख रुपये का बजट स्वीकृत किया है, जिससे इन विद्यालयों का निर्माण शीघ्र पूरा किया जाएगा।

**शिक्षा की जरूरत को प्राथमिकता**

जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने जून 2023 में पदभार ग्रहण करने के बाद वनटांगिया समुदाय को मुख्यधारा से जोड़ने की मुख्यमंत्री की प्राथमिकता के दृष्टिगत यहां वनटांगिया ग्रामों का निरीक्षण किया और वहां की स्थिति को नजदीक से देखा। उन्होंने स्थानीय निवासियों की समस्याओं को सुना और शिक्षा की जरूरत को प्राथमिकता दी। उनकी सक्रिय पहल के कारण यह प्रस्ताव शासन तक पहुंचा और इसे मंजूरी मिल गई। यह निर्णय प्रशासन की संवेदनशीलता और शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

**उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लिमिटेड को जिम्मेदारी**

शासन की ओर से जारी निर्देशों के अनुसार, छपिया के ग्राम पंचायत महुलीखोरी के वन ग्राम बुटहनी और नवाबगंज के ग्राम हरदवा के वन ग्राम महेशपुर में इन प्राथमिक विद्यालयों की स्थापना की जाएगी। इनके निर्माण कार्य की जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लिमिटेड को सौंपी गई है। जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होगा, जिससे अगले कुछ महीनों में इन विद्यालयों का संचालन शुरू होने की उम्मीद है।

**स्थानीय लोगों ने जताया आभार**

विद्यालयों की स्थापना की घोषणा से वनटांगिया ग्रामों में खुशी की लहर दौड़ गई है। स्थानीय निवासियों ने शासन और प्रशासन का आभार व्यक्त किया है। एक स्थानीय निवासी ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा, ÷हमारे बच्चों को अब शिक्षा के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। यह हमारे गांव के विकास की दिशा में एक बड़ा कदम है।÷ यह पहल समाज के हर वर्ग को शिक्षा से जोड़ने और उनके भविष्य को संवारने में सहायक होगी।

**वनटांगिया समुदाय को मिलेगी नई पहचान**

यह निर्णय वनटांगिया समुदाय के उत्थान में मील का पत्थर साबित होगा। इससे न केवल बच्चों को शिक्षा मिलेगी, बल्कि पूरे समाज को मुख्यधारा में जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति होगी। यह प्रशासन की दूरदर्शी सोच और शिक्षा के प्रति समर्पण का प्रमाण है।

# सीएम के संभावित आगमन को लेकर डीएम व एसपी ने लिया कार्यकम स्थल का जायजा

स्वतंत्र प्रभात




**सिद्धार्थनगर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संभावित दौरे को लेकर जिला व पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया है। डुमरियागंज तहसील क्षेत्र में स्थित गुरु गोरक्षनाथ ज्ञानस्थली विद्यालय के शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के आने की संभावना है। इसी को लेकर डीएम डॉ राजा गणपति आर. और एसपी डा. अभिषेक महाजन ने पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम स्थल, हेलीपैड स्थल का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था व अन्य बिंदुओं का जायजा लिया। डीएम ने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग बांसी विवेक राय को हेलीपैड का समय से निर्माण कराने का निर्देश दिया। उनके द्वारा वीआईपी वाहनों, अन्य वाहनों के लिए पार्किंग स्थल को देखा गया साथ ही पार्किंग स्थल का बैरिकेटिंग कराने का निर्देश दिया गया। डीएम ने उपजिलाधिकारी डा. संजीव दीक्षित, क्षेत्राधिकारी बृजेश कुमार वर्मा व अन्य संबंधित को निर्देश दिया कि सभी तैयारियां समय से पूर्ण करा लिया जाए। इस दौरान एडीएम गौरव श्रीवास्तव, एएसपी सिद्धार्थ, एसडीएम डा. संजीव दीक्षित, पुलिस क्षेत्राधिकारी बृजेश कुमार वर्मा, एक्सईऐन पी.डब्लू.डी विवेक राय, जेई संजय श्रीवास्तव, अवनीश चौधरी, ईओ राजन गुप्ता, चेयरमैन चंद्र प्रकाश उर्फ चंदू चौधरी, अंकित श्रीवास्तव, लवकुश ओझा, राजन अग्रहरि आदि मौजूद रहे।

# शिक्षक बच्चों को दें संस्कार युक्त गुणवत्तापूर्ण शिक्षा : बीएसए

स्वतंत्र प्रभात



**चित्रकूट।** कंपोजिट विद्यालय बरेठी में शारदा संगोष्ठी और विद्यालय का वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के वातावरण में संपन्न हुआ। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बीके शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया । तत्पश्चात प्रधानाध्यापक अशोक कुमार त्रिपाठी ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया ।मुख्य अतिथि बीएसए ने विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया और कहा कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को संस्कार देने की जरूरत है संस्कारवान विद्यार्थी ही आगे चलकर देश का अच्छा नागरिक तैयार होता है सभी शिक्षक अपनी कर्तव्य निष्ठा कायम रखते हुए बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाकर अपना पुराना गौरव प्राप्त करें । खंड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में परिषदीय विद्यालय दिनों दिन आगे बढ़ रहे हैं । उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अखिलेश कुमार पांडेय ने कहा कि बेसिक शिक्षा जनपद में अब निरंतर सुधार की ओर अग्रसर है कर्मठ बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में सकारात्मक शैक्षिक माहौल बना है ,सभी शिक्षक पूर्ण मनोयोग से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने में जुटे हैं।उन्होंने छात्र छात्राओं को बधाई दी और प्रधानाध्यापक द्वारा आयोजित शानदार कार्यक्रम आयोजित करने के लिए समाजसेवी शंकर यादव ने बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है जिसके बदौलत छात्र छात्राएं अपना भविष्य संवार सकते हैं और अपना व पूरे परिवार को खुशहाल बना सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन श्रीकेशन द्वारा किया गया कार्यक्रम में शिक्षक संघ के कोषाध्यक्ष हरिशंकर त्रिपाठी वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष आलोक गर्ग, ज्ञान सिंह राम भूषण पांडेय अजीत अमित पांडेय विजय कुमार अनिल कुमार विद्यालय के शिक्षक रामकरण कुशवाहा स्नेहा द्विवेदी उदय राज सैंपल रमेश पूजा शिव प्रताप फूलचंद तथा गांव के सच्चू गुप्ता शिवमोहन गुप्ता राम सेवक वर्मा शारदा प्रसाद वर्मा आदित्य कुमार आदि मौजूद रहे।

# संक्षिप्त ख़बरें

## इस्लाम धर्मावलंबियों का महत्वपूर्ण त्योहार ईद को लेकर बढ़ी पाकुड़िया बाजार की चहल-पहल

### पर्व को उल्लासपूर्ण मनाने के लिए लोग कर रहे हैं विभिन्न चीजों की खरीदारी



**पाकुड़िया/पाकुड़/झारखंड-** मुस्लिम भाइयों का अति महत्वपूर्ण पर्व ईद को लेकर पाकुड़िया बाजार की चहल-पहल काफी बढ़ती दिख रही है। पूरे एक महीने तक रोजेदारों ने रोजा रख खुदा की इबादत की और अब चांद का दीदार होने पर पूरे उल्लास के साथ ईद का त्योहार मनाने की तैयारी तल्लीनता से की जा रही है। वहीं, पाकुड़िया के बाजार में प्रसिद्ध हल्दीराम सहित कई ब्रांडेड कंपनियों की खुशबूदार, लजीज, मनभावन सेवइयां लोगों को खूब भा रही हैं। गुलाबी, मीठी सुगंधित इत्र से बाजार गुलजार है और मनपसंद टोपी, गमछों व रेडीमेड वस्त्रालयों से अपनी पसंद के अनुरूप लोग खरीदारी करते दिख रहे हैं।

पर्व को लेकर पाकुड़िया में उल्लास की झलक दिख रही है, जबकि बालक-बालिकाओं में उमंगें हिलोरें लेती दिख रही हैं। ईद पर्व को सौहार्दपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने को लेकर सिविल व पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर है। मुस्लिम भाइयों ने कहा कि यदि 30 को चांद दिखेगा तो ईद का त्योहार 31 को मनाया जाएगा, अन्यथा 1 अप्रैल, मंगलवार को। ईद के अवसर पर सामूहिक नमाज अदा करने के लिए पाकुड़िया ईदगाह की साफ-सफाई कर उसे रंग कर तैयार कर दिया गया है।


## कलश स्थापना के साथ चैत्र नवरात्र प्रारंभ

### भक्ति भाव से नवरात्र करने पर आती है जीवन में खुशहाली- प्रो बद्री साव



**बरही-** बरही प्रखंड के रसोईयाधमना के दुर्गा मंदिर में ढोल नगाड़े व जयकारे के साथ चैत्र नवरात्रि के लिए कलश शोभायात्रा भव्य तरीके से निकाली गई जो की दुर्गा मंदिर से प्रारंभ होकर बराकर नदी से कलश में जल भरकर पुनः माता के मंदिर में आकर स्थापित की गई। इस शोभायात्रा में पूरा गांव जय माता दी व जय श्री राम के नारों से गुंजायमान हो गया। इस शोभायात्रा में सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु भक्तजन मौजूद रहे जिन्होंने माता के चरणों में अपना शीश झुकाकर माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान नवरात्रि के पुजारी विनय कुमार राज सह पत्नी, ब्रह्मदेव यादव सह पत्नी, रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार साव, संरक्षक प्रोफेसर बद्री साव, हीरामन साव, रघुनाथ साव, सुखदेव साव, राजकुमार साव, कोषाध्यक्ष नितेश कुमार, सचिव खेमलाल साव, ग्रामीन वीरेंद्र कुमार, परमेश्वर प्रजापति, अरविंद कुमार, राजकुमार साव, मुकुंद साव, गोपाल साव, गोविंद राणा, राजदेव यादव, सुमन देवी, आरती देवी, संजू देवी, सनी कुमारी, गिरिजा देवी, प्रीति देवी, पूनम राज आदि शामिल थे।

## संत मैरी पब्लिक स्कूल बरही ने घोषित किया वार्षिक परीक्षा परिणाम, मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानित




**बरही, झारखंड-** संत मैरी पब्लिक स्कूल बरही ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 की वार्षिक परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए हैं। विद्यालय के विभिन्न कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। विद्यालय निदेशक सह प्राचार्य मिथलेश यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों में क्लास नर्सरी में ऋषिका कुमारी, एलकेजी में अभिषेक सिंह, यूकेजी में शुभम कुमार, क्लास 1 में श्रुति कुमारी, क्लास 2 में विक्रम कुमार, क्लास 3 में आयुष राणा, क्लास 4 में दिव्या कुमारी, क्लास 5 में प्रियांशु कुमारी, क्लास 6 में सृष्टि कुमारी, क्लास 7 में पवन कुमार, क्लास 8 में आंचल कुमारी शामिल है। विद्यालय प्रबंधन ने घोषणा की है कि आगामी सत्र से कंप्यूटर शिक्षा की सुविधा भी प्रदान की जाएगी। साथ ही, कमजोर छात्रों के लिए एक घंटे का मुफ्त ट्यूशन दिया जाएगा, बशर्ते कि उनका मासिक शुल्क अद्यतन हो। विद्यालय प्रबंधन ने सभी छात्रों को आगामी शैक्षणिक सत्र के लिए शुभकामनाएँ दीं।

# बासंतिक नवरात्र की पूनीत बेला में भक्तों ने श्रद्धा भाव से की जगत जननी मां शैलपुत्री की आराधना

स्वतंत्र प्रभात

**पाकुड़िया/पाकुड़/झारखंड-** बासंतिक नवरात्र की पूनीत व मंगलमयी वेला में जगत जननी मां भवानी के विभिन्न 9 भव्य दिव्य स्वरूपों में चैत्र शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि 30 मार्च को प्रखंड मुख्यालय पाकुड़िया सहित सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में माता के प्रथम अति सौम्य स्वरूप शैलपुत्री की उपासना भक्तों ने पूरी भक्ति-भाव से कर मंगल कामना की। चैती नवरात्र के पावन शुभ अवसर पर प्रखंड के फुलझिंझरी ग्राम स्थित दुर्गा मंदिर में मां दुर्गा की दिव्य प्रतिमा की पूजा श्रद्धा भाव से की गई।

इस पूनीत वेला में प्रखंड के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में श्रद्धालु बड़ी संख्या में कलश स्थापना कर मां शैलपुत्री की उपासना बड़ी ही श्रद्धा-भक्ति से कर मां से मंगल कामना की। वहीं, हिंदू पंचांग में चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा को हिंदू नव वर्ष 2082 है। हालांकि, अंग्रेजों की कुटिल नीति ने सनातन सांस्कृतिक मूल्यों को अपार क्षति पहुंचाते हुए इन्हें विकृत कर भ्रमित किया। वहीं दूसरी ओर, विक्रमीय संवत के स्थान पर शक संवत को प्रधानता दी गई और भारत की स्वतंत्रता के उपरांत भी तत्कालीन कांग्रेस सरकारों ने इसे यथावत रखा। विक्रमीय संवत ईसा से 57 साल पूर्व का है और यह सूर्य, चंद्र और ग्रहों की चाल पर आधारित है। उल्लेखनीय है कि शक्तिशाली सम्राट विक्रमादित्य ने शक, हूणों जैसे आक्रमणकारियों को पराजित कर यह संवत चलाया, जो विक्रमीय संवत कहलाता है।

यद्यपि समय-समय पर सम्राटों ने अपना संवत चलाया, लेकिन कलयुग का यह संवत भारत के सिवाय नेपाल, श्रीलंका



सहित कई देशों में सदियों तक प्रचलन में रहा। इसकी विशिष्टता व वैज्ञानिक पक्ष को देखते हुए बड़ी संख्या में लोगों ने शक संवत के स्थान पर विक्रमीय संवत को राष्ट्रीय संवत घोषित करने की मांग सरकार से की है। भारत के सामान्य जन अब तक विक्रमीय संवत से अनभिज्ञ हैं, इसे जानना भारतीयों का कर्तव्य है।

# सेंट जूड्स इंग्लिश मीडियम स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित, मेधावी छात्र हुए सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात

**बरही, झारखंड-** न्यू कॉलोनी स्थित सेंट जूड्स इंग्लिश मीडियम स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम का आयोजन भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कई सम्मानित अतिथि उपस्थित रहे, जिनमें जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जिला परिषद सदस्य प्रीति कुमारी, मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव, स्थानीय मुखिया छोटन ठाकुर, विश्व हिंदू परिषद जिला सहमंत्री गुरुदेव गुप्ता और भाजपा नेता रितेश गुप्ता शामिल थे। विद्यालय की प्रधानाचार्य उर्मिला देवी के नेतृत्व में यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। विद्यालय के शिक्षक परमेश्वर यादव, अभय पांडेय, सुनील पांडेय, सलमान अंसारी, राखी मिश्रा, वर्षा कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, मीनाक्षी कुमारी एवं पूजा पांडेय ने भी इस कार्यक्रम में सक्रिय भूमिका निभाई। अतिथियों ने छात्रों को पुरस्कार प्रदान किए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रशासन ने सभी छात्रों को मेहनत और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में विजेता छात्र प्ले ग्रुप में सृष्टि कुमारी, पीयूष कुमार, रजवीर कुमार, नर्सरी में वीरन शर्मा, परम कुमार, रंजन कुमार, एलकेजी में अखिल कुमार, हर्षित कुमार, शिवांश कुमार, यूकेजी में तेजनशू कुमार, राज कुमार, अर्श कुमार शामिल है। कक्षा वार टॉपर्स कक्षा 1 में मो. अजमत, अमन जायसवाल, शिवानी पंडित, कक्षा 2 में वीर कुमार, अदृति कुमारी, आर्यन कुमार, कक्षा 3 में वर्षा कुमारी, आयुष कुमार, सुशांत कुमार, कक्षा 4 में सोनी कुमारी, आराध्या



कुमारी, सुमित कुमार, कक्षा 5 में सोनु कुमार, अश्विनी कुमारी, आकांक्षा कुमारी, कक्षा 6 में पीयूष कुमार, सोनाली कुमारी, शिवम कुमार, कक्षा 7 में उज्वल कुमार, उत्तम कुमार, विभांशु कुमार शामिल है। विद्यालय प्रशासन ने इस अवसर पर सभी छात्रों को बधाई दी और भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावकों ने भी भाग लिया और छात्रों की उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त किया।

# रोजगार सेवक अशोक सिंह लगा रहे हैं श्रमिकों की फर्जी हाजिरी

**● चौदह साल से एक ही पंचायत में कार्यरत रोजगार सेवक अशोक सिंह क्यों?**

स्वतंत्र प्रभात

**मंडरो, झारखंड-** मंडरो प्रखंड अंतर्गत बच्चा पंचायत इन दोनों फर्जीवाड़ा के मामले में सुर्खियों में बना हुआ है। हर दिन कोई न कोई नया मामला देखने को मिलता है वही आपको बता दे कि इन दिनों बच्चा पंचायत में चल रहे मेडबंदी सह समतलीकरण योजनाओं में दर्जनों की संख्या में फर्जी डिमांड का खेल रोजगार सेवक और कुछ बिचौलिया द्वारा खेला जा रहा है।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कई योजनाओं में स्थल पर ना के बराबर काम हुआ है।। और साथ ही साथ दर्जनों मजदूर झारखंड राज्य से बाहर काम करने गए हैं इसके अलावा कुछ व्यक्ति विदेश जाकर काम कर रहे हैं उनके नाम पर भी बिचौलिया और रोजगार सेवक अशोक सिंह की मिली भगत से फर्जी तरीके से डिमांड कराकर सरकारी राशि का बंदरबांट किया जा रहा है।

क्षेत्र के कुछ बुद्धिजीवी लोगों का कहना है कि बाहर में रहने वाले लोगों के खाते में मजदूरी पैसा जाने पर फोन पे के माध्यम से पैसे को मंगवा लिया जाता है।जिसमें प्रत्येक सप्ताह का 200 या 300 उन्हें भी दे दिया जाता है। ऐसे में आप स्वयं अंदाजा लगा सकते हैं कि शासकीय धन का किस तरह से दुरूपयोग किया जा रहा है, आखिर किस के इशारे पर इतना बड़ा भ्रष्टाचार किया जा रहा है जबकि केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार भ्रष्टाचार मुक्त करने की दावा करती है। मनरेगा योजना में घोटाले बाजों की जड़े इतनी मजबूत है कि किसी भी ग्रामीण में इतनी हिम्मत नहीं होती की खुलकर इसका विरोध कर सके अगर किसी ने भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाई तो उसकी हर तरह से इतना प्रताड़ित व पीड़ित कर दिया जाता है कि वह थक हार कर घर पर बैठ जाता है।

# लिट्टीपाड़ा विधायक हेमलाल मुर्मू ने कई सड़क निर्माण कार्यों का किया शिलान्यास

स्वतंत्र प्रभात

**पाकुड़/झारखंड-** पाकुड़ जिले के लिट्टी पाड़ा प्रखंड एवं हिरणपुर प्रखंडके अंतर्गत हाथ काठी बरमसिया ग्रामीण कार्य विभाग मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना मद के अन्तर्गत झारखंड सरकार द्वारा सुदृढ़ीकरण करने की स्वीकृति हुई है। लिट्टीपाड़ा विधायक हेमलाल मुर्मू द्वारा दिन रविवार को सुदृढ़ीकरण कार्य को पूर्ण कराने के लिए विधिवत रूप से शिलान्यास किया गया! इस प्रोग्राम के मौके पर पाकुड़ जिलाध्यक्ष एजाजुल इस्लाम, प्रखंड अध्यक्ष इसाक अंसारी ,प्रखंड सचिव भी उपस्थित थे। विधायक हेमलाल मुर्मू ने मौके पर कहा कि सड़क निर्माण कार्य पूरा होने से ग्रामीणों को आवागमन में काफी सुविधा हो जाएगी। उन्होंने संवेदक को प्राक्कलन के तहत और समय पर सड़क निर्माण कार्य किए जाने का निर्देशभी दिया, साथ ही ग्रामीणों को निर्माण कार्य की निगरानी किए जाने का सुझाव दिया। लिट्टीपाड़ा विधायक हेमलाल मुर्मू एवं झामुमो जिला अध्यक्ष एजाजुल इस्लाम ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर व फीता काटकर किया। इस दौरान कई गण्यमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री मुर्मू ने कहा कि संविधान के मूल तीन स्तम्भों में से एक कार्यपालिका जब सुविधाओं से लैस होकर मजबूती से काम करेगी तो जनता को इसका लाभ मिलेगा।वही झामुमो जिलाध्यक्ष ने जिले वासियों को सुझाव भी दिया कि ईद,



रामनवमी उत्सव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो। हिरणपुर प्रखंड के हाथकाठी हाईस्कूल मोड़ में सड़क सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास फीता काटकर किया। जिसका प्राक्कलित राशि 178.289 लाख है ।इस अवसर मुख्तार अंसारी समेत सैकड़ों झामुमो कार्यकर्ता मौजूद थे।

# निजी विद्यालय संघ बरही की मासिक बैठक में शैक्षणिक सत्र 2025-26 की योजनाओं पर हुई चर्चा

स्वतंत्र प्रभात

**बरही, झारखंड-** बरही प्रखंड स्थित डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम पार्क में निजी विद्यालय संघ बरही की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष मिथिलेश यादव ने की, जिसमें आगामी शैक्षणिक सत्र 2025-26 के विभिन्न कार्यक्रमों और उनकी योजनाओं पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में उपस्थित सभी विद्यालय संचालकों ने सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन्स के अनुपालन और उनमें आवश्यक संशोधन को लेकर आंदोलन करने की बात कही। इसके अलावा, सरकार द्वारा स्कूलों को दिए गए ऑनलाइन पोर्टल पर छात्रों की प्रविष्टि (एंट्री) प्रक्रिया को समय सीमा के भीतर पूरा करने के संबंध में भी प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में संघ के कई पदाधिकारी और सदस्य शामिल हुए, जिनमें प्रमुख रूप से राजेश केसरी, सुधीर चंद्रा, संघ के सचिव नितेश कुमार, उप सचिव दिनेश कुमार यादव, कोषाध्यक्ष बासुदेव कुमार, सुधाकर यादव, सुशील कुमार, रोशन सिंह, अवधेश राणा, नंदलाल प्रजापति, आलोक कुमार, संदीप, रूपलाल शर्मा, सुरेश प्रसाद, वींद्रेंद्र कुमार, चंद्रदेव



पंडित, अनुज प्रजापति, संदीप पंडित आदि मौजूद रहे। इस बैठक में शिक्षा व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित करने और निजी विद्यालयों के समक्ष आ रही समस्याओं के समाधान के लिए ठोस रणनीति तैयार करने पर विशेष जोर दिया गया।

# ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने होली मिलन व सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया

**फिरोजाबाद/टूण्डला-** ग्रामीण पत्रकार एशोसिएशन द्वारा शनिवार को आर एस फार्म हाउस नगला खार रोड उसायनी में होली मिलन एवं सम्मान समारोह तथा कवि सम्मेलन का आयोजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि डॉ सुरेश चंद्र दक्ष वरिष्ठ पत्रकार राष्ट्रीय अध्यक्ष गौ रक्षा दल तथा डॉ प्रेम शर्मा वरिष्ठ पत्रकार ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्य अतिथि डॉ सुरेश चंद्र दक्ष ने कहा कि पत्रकार समाज व सरकार का आईना होता है। पत्रकार न हों तो इस देश में सरकार व प्रशासन निरंकुश हो जाएगा। वहीं उप जिलाधिकारी अनुराधा सिंह ने कहा कि पत्रकारों के माध्यम से ही हम लोगों की समस्याओं की जानकारी ले पाते हैं तथा समस्याओं का निस्तारण भी कर पाते हैं । प्रेम अतुल यादव ने कहा कि पत्रकारिता हर किसी के बस की बात नहीं इसमें तमाम अधिकारियों से लेकर गुंडे माफियाओं तक से दुश्मनी मोल लेनी पड़ती है एक सच्चा ओर निडर पत्रकार होना बहुत ही बड़ी बात है। वहीं उन्होंने कहा कि सरकार को पत्रकारों के बारे में सोचना चाहिए तथा इनकी सुरक्षा के लिए पत्रकार आयोग कर गठन करना चाहिए यह एक लंबे समय से पत्रकारों की मांग भी रही है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथियों का जोरदार स्वागत किया,तथा अतिथियों द्वारा सभी पत्रकारों तथा आगंतुकों का भी शील्ड देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में आयोजित कवि सम्मेलन में हास्य कवि राम राहुल ने सभी को हंसा हंसा कर लोट पोट किया। वहीं कवि पंकज टूट पड़े भी अपनी कविता के माध्यम से लोगों को हंसाने पर टूट पड़े , कवि यशपाल यश ने अपनी कविता के माध्यम से चूड़ियों के महत्व को बताया, कवि डॉ ए पी चौबे ने भी अपनी कला से कार्यक्रम में चार चांद लगाए। कार्यक्रम का सफल संचालन शिवकांत पलिया ने किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मयंक भटनागर संरक्षक समाजसेवी, अनुराधा सिंह उप जिलाधिकारी टूण्डला, विनीत कुमार




क्षेत्राधिकारी टूण्डला, प्रेम अतुल यादव जिलाध्यक्ष भाकियू टिकैत, सुरेश चंद्र दीक्षित पूर्व प्रवक्ता एसआरके इंटर कॉलेज, अखिलेश सक्सेना आगरा मंडल अध्यक्ष ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन, उद्देश्य तिवारी जिलाध्यक्ष फिरोजाबाद, धर्मेंद्र कुमार जिला महासचिव, सोमेंद्र पोनियां जिला उपाध्यक्ष, राजू उपाध्याय, विमल किशोर तहसील अध्यक्ष टूण्डला, ताराचंद्र प्रधान उसायनी प्रतिनिधि, सहित ग्रामीण पत्रकार एशोसिएशन की आगरा मंडल तथा जनपद फिरोजाबाद की टीम मौजूद रही। कार्यकम संयोजक विपिन कुमार ने आगंतुकों तथा अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने विभिन्न धार्मिक आयोजनों में की शिरकत, नवरात्रि महायज्ञ और कलश यात्रा में हुए शामिल

**● धर्म और संस्कृति के प्रति आस्था ही हिंदुओ की पहचान है- मनोज कुमार यादव**

स्वतंत्र प्रभात

**बरही, झारखंड-** बरही विधायक मनोज कुमार यादव चैती नवरात्र के अवसर पर आयोजित विभिन्न धार्मिक आयोजनों में शामिल हुए। उन्होंने बरही प्रखंड के ग्राम करगईयो निवासी कलिया देवी द्वारा आयोजित एकादशी उदापन सह नवरात्र महायज्ञ के कलश यात्रा में भाग लिया। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। विधायक ने श्रद्धालुओं का अभिवादन किया और यज्ञ समिति के सदस्यों से मुलाकात कर आयोजन की सराहना की। इसके अलावा, विधायक मनोज कुमार यादव ग्राम पड़ीरमा में आयोजित श्री शतचंडी महायज्ञ सह देवी भागवत महापुराण के कलश यात्रा में भी शामिल हुए। इस मौके पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और भक्तिमय वातावरण बना रहा। विधायक ने श्रद्धालुओं के साथ पूजा-अर्चना की और महायज्ञ में आहुति दी। उन्होंने कहा कि इस तरह के धार्मिक कार्यक्रमों को समाज में एकता और आध्यात्मिकता बढ़ाने वाला बताया। विधायक मनोज यादव ने गोरियाकरमा में आयोजित श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ में बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया।

यहां कमिटी के पदाधिकारियों ने विधायक का अंगवस्त्र पहनाकर भव्य स्वागत किया। विधायक ने धार्मिक कार्यक्रमों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने और हमारी सांस्कृतिक परंपराओं को सहेजने का कार्य करते हैं। इस दौरान विधायक ने कलश यात्रा में शामिल महिलाओं को कलश देकर विधिवत रूप से यात्रा के लिए रवाना किया। उन्होंने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि धर्म और संस्कृति के प्रति आस्था ही हमारी पहचान है और इस तरह के आयोजनों से समाज में भाईचारा और सद्भाव का संदेश जाता है। उन्होंने आयोजकों को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया और भविष्य में भी इस तरह के धार्मिक और सामाजिक कार्यों में भाग लेने की प्रतिबद्धता जाहिर की। मौके पर जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला



उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जीप सदस्या प्रीति गुप्ता, जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, मुखिया मंगलदेव यादव, विशेश्वर यादव, बासुदेव यादव, अर्जुन साव, हरेंद्र गोप, टेकलाल यादव, कामेश्वर रविदास, नागेश्वर रजक, भाजपा पूर्वी मंडल अधक्ष विजय यादव, पूर्व मुखिया टेकलाल यादव, पंसस प्रभु यादव, विनोद यादव, रवि यादव, मूलचंद यादव, मुखिया सकलदेव यादव, कान्हाई यादव, प्रयाग यादव, बासुदेव यादव, दिलीप यादव, पिंटू यादव, सुनील यादव, वरिष्ठ समाजसेवी दुलार यादव, गोरियाकरमा मुखिया कुमारी मीरा, केदारूत मुखिया प्रतिनिधि बिशेश्वर यादव, मुखिया प्रतिनिधि राजन ओम, उप मुखिया संजय कुमार, नागेश्वर यादव, अमरेंद्र यादव, शैलेन्द्र यादव, संजय रविदास समेत अन्य श्रद्धालु मौजूद थे।

# रामनवमी व ईद त्योहार को लेकर बरही नगर भवन में शांति समिति की बैठक आयोजित

स्वतंत्र प्रभात



**बरही-** रामनवमी व ईद पर्व को लेकर बरही नगर भवन में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न प्रशासनिक पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, सभी अखाड़ा के सदस्य एवं गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। बैठक का उद्देश्य रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराना था। बैठक की अध्यक्षता अंचल अधिकारी अमित किस्कू ने की, जबकि संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो ने किया। बैठक में मुख्य रूप से एसडीओ जोहन टुडू, बरही एसडीपीओ अजीत कुमार विमल, भाजपा जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी आभास कुमार, अनुमंडलीय अस्पताल के डीएस डॉ. ज्ञानी प्रकाश एवं बिजली विभाग के कनीय अभियंता (जेई) अभिषेक आनंद उपस्थित रहे। रामनवमी पर्व की तैयारी एवं शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न राजनीतिक एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी बैठक में अपनी बातों को रखा। बैठक में प्रशासनिक पदाधिकारियों ने सभी समितियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसडीओ जोहन टुडू ने कहा कि रामनवमी पर्व के दौरान शांति एवं सौहार्द बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। इसके लिए समितियों को विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है। बैठक में रसोईया धमना, गया रोड, हजारीबाग रोड, बाराटांड, धनबाद रोड, तिलैया रोड एवं भगवती मंदिर क्षेत्र में विशेष पुलिस बल की तैनाती करने का निर्णय लिया गया।

बरही एसडीपीओ अजित कुमार विमल ने कहा कि शांतिपूर्ण, भक्ति भाव तरीके से ऐतिहासिक रामनवमी संपन्न हो, इसके लिए बरही पुलिस प्रशासन सहयोग की अपेक्षा रखती है। उन्होंने कहा कि शोभा यात्रा में लाउडस्पीकर पर सादगी और भक्ति गाने बजाने, पारंपरिक ढोल ताशे की धुन, संगीत पर कोई रोक नहीं है। भड़काऊ और सांप्रदायिक उन्माद फैलाने वाले गाने और डीजे के उपयोग पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया गया है। श्रद्धालु पारंपरिक शस्त्र का उपयोग जुलूस में कर सकेगें। प्रशासन द्वारा असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखी जाएगी। साथ ही संवेदनशील इलाकों में पुलिस गश्त बढ़ाई जाएगी। उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था और असामाजिक तत्वों से निपटने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। असामाजिक तत्वों के निगरानी के लिए ड्रोन कैमरा, सीसीटीवी कैमरा का उपयोग किया जाएगा। भ्रामक पोस्ट के माध्यम से साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले लोगों पर पैनी नजर रखी गई है। साथ ही डीएस डॉक्टर प्रकाश ज्ञानी ने कहा कि रामनवमी त्योहार के दौरान पूरे क्षेत्र में चिकित्सा व्यवस्था की पूरी सुविधा उपलब्ध रहेगी। वे पूरी टीम के साथ तत्पर रहेंगे। बैठक के अंत में सभी समितियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने परस्पर सहयोग एवं समन्वय बनाकर रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण एवं गरिमामय तरीके से संपन्न कराने का संकल्प लिया।

मौके पर रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष भगवान केशरी, बीएसए संरक्षक सह कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, सुरेंद्र रजक, पुलिस अवर निरीक्षक सुमित साव, सौरभ कुमार, गणेश यादव, सकलदेव पासवान, मल्लाह टोली अध्यक्ष राजू निषाद, रसोइया धमना अध्यक्ष बीरेंद्र साव, हनुमान सेना अध्यक्ष राजेश केशरी उर्फ मेवालाल केशरी, बाराटांड़ अध्यक्ष अनुज अम्बेडकर, पटना रोड अध्यक्ष सुनील साहू, भगवती मंदिर अध्यक्ष नवलकिशोर सिंह, महावीर मण्डल अध्यक्ष छोटन ठाकुर, मुखिया शमशेर अलाम, सिकंदर राणा, मुखिया प्रतिनिधि विशेश्वर यादव, हरेंद्र गोप, नारायण यादव, खिरोधर यादव, देवनंदन साव, आकाश जयसवाल, बिनोद पासवान, कार्तिक पासवान, मो. तौकीर रजा, मो तस्लीम, यमुना यादव, कामेश्वर सिंह, मनोहर यादव, मंजीत यादव, आकाश भारती, परमेश्वर प्रजापति, संतोष सिंह, शिवा निषाद, अनुज रविदास, संतोष निषाद, बासुदेव यादव, अरविंद कुमार उर्फ पिंटू, मो बेलाल, साधुशरण दास, रसोईया धमना, गया रोड, हज़ारीबाग रोड, बाराटांड, धनबाद रोड, तिलैया रोड, भगवती मंदिर समेत प्रखण्ड के सभी समिति के लोग उपस्थित रहे।

# सांसद अस्त्र शस्त्र वितरण अभियान- 2025 है जारी- हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद ने बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के 285 अखाड़ा धारियों को भेंट किया लाठी- तलवार

**● सांसद मनीष जायसवाल ने बढ़ाया रामभक्तों का उत्साह, कहा नशामुक्त जुलूस की परंपरा को रखें कायम, पारंपरिक कला कौशल का करें प्रदर्शन**

**संपूर्ण लोकसभा क्षेत्र के रामभक्तों के बीच पारंपरिक लाठी- तलवार वितरण अभियान के लिए सांसद का आभार - रोशन लाल चौधरी**

**क्षेत्र वासियों के हितार्थ सांसद मनीष का कार्य सराहनीय- लोकनाथ महतो**

स्वतंत्र प्रभात



**हजारीबाग, झारखंड-** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने हजारीबाग की ऐतिहासिक और प्रख्यात रामनवमी की परंपरा को जीवंत रखने के लिए सांसद अस्त्र-शस्त्र वितरण अभियान-2025 की शुरुआत की और लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न विधानसभा क्षेत्र में निर्बाध रूप से इस अभियान के तहत पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र वितरण कार्य उनके द्वारा किया जा रहा है। रविवार को सांसद मनीष जायसवाल ने बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों में सात जगहों पर पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र वितरण शिविर लगाकर राम भक्तों का उत्साह वर्धन किया और बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के कुल 285 अखाड़ा धारियों को पारंपरिक कला- कौशल और करतब दिखाने के लिए लाठी और तलवार भेंट किया। सांसद मनीष जायसवाल ने रविवार को इस अभियान की शुरुआत पिपरवार भाजपा मंडल से की जिसके बाद पतरातु प्रखंड के पतरातु, भदानीनगर, भुरकुंडा, बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के हरली, बड़कागांव और केरेडारी प्रखंड के केरेडारी में शिविर लगातार अखाड़ा धारियों के बीच अपना भेंट पहुंचाया। जिसमें पिपरवार भाजपा मंडल में 14, पतरातु भाजपा मंडल में 41, भदानीनगर भाजपा मंडल में 35, भुरकुंडा भाजपा मंडल में 20, उरीमारी भाजपा मंडल में 35,

बड़कागांव पश्चिमी भाजपा मंडल में 60 और केरेडारी भाजपा मंडल में 80 को यह सौगात दिया गया। मौके पर सांसद मनीष जायसवाल ने अपने इस अभियान के उद्देश्य पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि हजारीबाग की रामनवमी पुराने समय में अस्त्र-शस्त्र परिचालन एवं शोभायात्रा में शामिल विभिन्न अखाड़ों के राम भक्तों द्वारा लाठी, तलवार, गदा, मुकदर और बड़े- बड़े पत्थरों का वेट लिफ्टिंग का हैरतअंग्रेज कला कौशल का शानदार प्रदर्शन होता था लेकिन हाल के दिनों में पुरानी पारंपरिक प्रथा में बदलाव हुआ अब पुनः रामनवमी शोभायात्रा में प्राचीन संस्कृति जीवंत हो इस दिशा में हमारा एक प्रयास है। सांसद मनीष जायसवाल ने इस दौरान सभी अखाड़ों के राम भक्तों से अपील करते हुए कहा कि नशा मुक्ति जुलूस की परंपरा को कायम रखें और रामनवमी की परंपरा जीवंत हो इसके लिए पारंपरिक कला कौशल प्रदर्शन का समावेश शोभायात्रा में जरूर करें। उन्होंने सभी से आग्रह करते हुए यह भी कहा कि इन पारंपरिक हथियार का दुरुपयोग कदापि न करें और इनका उपयोग केवल कला- कौशल प्रदर्शन के लिए ही करें। बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि संपूर्ण हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के रामभक्तों के बीच सांसद मनीष जायसवाल द्वारा पारंपरिक लाठी-तलवार का वितरण किया जाना एक प्रेरक पहल है। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में रामनवमी का जुनून सनातनियों पर जबदस्त दिखता है और इसे में रामनवमी से पूर्व हर अखाड़ा धारियों तक पहुंच कर उनका हौसलाफजाई करना वाकई सांसद मनीष जायसवाल के क्षेत्र के जनता की भावना के अनुरूप किए जा रहें सेवा कार्यों का परिचायक है। बड़कागांव में पूर्व विधायक लोकनाथ महतो भी इस अभियान से जुड़े और उन्होंने भी सांसद मनीष जायसवाल के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता को सांसद मनीष जायसवाल ने जनता के रूप में उनके सुख-दुख में सहभागी बनकर सुखद अहसास कराया है। मौके पर विशेष रूप से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, पतरातु विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड के सांसद प्रतिनिधि राधेश्याम अग्रवाल, रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि पूनम साहू, बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के सह- सांसद प्रतिनिधि कृष्णा राम, पिपरवार सांसद प्रतिनिधि रविन्द्र कुमार सिंह, पतरातु बीजेपी मंडल अध्यक्ष सह मंडल सांसद प्रतिनिधि राजाराम प्रजापति, भदानीनगर मंडल सांसद प्रतिनिधि सुरेंद्र करमाली, भदानीनगर बीजेपी मंडल अध्यक्ष सागर दांगी, भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा, भुरकुंडा मंडल सांसद प्रतिनिधि राकेश सिन्हा, रामगढ़ कैंट मंडल सांसद प्रतिनिधि सरदार अनमोल सिंह, बड़कागांव विस सांसद मीडिया प्रतिनिधि प्रतिनिधि उमेश दांगी, रामगढ़ विस सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार पुटूस, बड़कागांव पूर्वी मंडल सांसद प्रतिनिधि महेंद्र महतो, बड़कागांव पश्चिमी मंडल सांसद प्रतिनिधि रंजीत मेहता, केरेडारी भाजपा मंडल अध्यक्ष सह मंडल सांसद प्रतिनिधि नेमा कुमार साव उर्फ कर्मचारी साव, पिपरवार भाजपा मंडल अध्यक्ष धीरेन्द्र शर्मा, उरीमारी भाजपा मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, बड़कागांव पश्चिमी भाजपा मंडल अध्यक्ष आदित्य साहू सोनी, बीएमएस कोल फेडरेशन के एस.के.चौधरी, बचरा दक्षिणी मुखिया रीना देवी, आजसू नेता विनोद सिंह, लक्ष्मण मंडल, रामदास राम, उदय दुबे, अनिल राय, संजय सिंह, संजय प्रसाद, दिनेश प्रसाद, सुखदेव प्रसाद, बृजेश साव, किशोर महतो, डब्लू सिंह, कुवेल उरांव, धीरेन्द्र प्रसाद, पंकज गुप्ता, रविन्द्र सिंह, सरयू प्रसाद, योगेश दांगी, पप्पू सिंह, टुकेश्वर प्रसाद, मुकुटधारी महतो, बचनदेव प्रसाद, सुमन गिरी, प्रीतम साव, बद्रीनारायण सिंह, उपेन्द्र सिंह, अमित गुप्ता, पंकज शाह, महेंद्र सिंह, प्रयाग महतो, नारायण यादव, बैजनाथ तिवारी, अवध किशोर यादव, नरसिंह प्रसाद, राजकिशोर राणा, लालदेव महतो, सांसद मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# चैत्र माह में चेतने का मौक़ा देती है प्रकृति




हिंदी का नया साल चैत्र मास से शुरू होता है। मेरे लिए ये महीना बहुत महत्वपूर्ण है। मेरी दादी बताया करतीं थीं कि मै चैत्र मास में ही अवतरित हुआ था। इसी महीने में चेतुओं की किस्मत चेतती है। दादी निरक्षर थीं लेकिन पंचांग के बारे में उन्हें पता नहीं कहाँ से पता चल जाता था। वे बताती थीं कि चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि को हिंदू नववर्ष की शुरुआत होती है। इसी दिन से चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व का शुभारंभ भी होता है। इस बार चैत्र मास 30 मार्च 2025 यानी आज से शुरू हुआ तो दादी की बहुत याद आयी। वे पक्की सनातनी थीं किन्तु मैंने उन्हें कभी व्रत -उपवास करते नहीं देखा ,जबकि ठीक उनके विपरीत मेरी माँ को तीज-त्यौहार,व्रत,उपवास में गहरी दिलचस्पी थी। उनकी देखा-देखी मैंने भी अनेक बार चैत्र मास में 9 दिन के न सिर्फ व्रत किये बल्कि दो मर्तबा गवालियर से करौली तक 208 किमी की लम्बी और कठिन पदयात्रा भी की।

आज का पंचांग बता रहा है कि इस तिथि पर रेवती नक्षत्र और ऐन्द्र योग के साथ सर्वार्थ सिद्धि योग का निर्माण भी हो रहा है। इसके अलावा यह दिन हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2082 के रूप में आया है, जिसमें सूर्य और चंद्र देव दोनों मीन राशि में मौजूद हैं।आज के ही दिन देश-दुनिया में ईद का त्यौहार भी मनाया जा रहा है लेकिन भारत में तमाम पाबंदियों के साथ। कहते हैं न कि -जिसकी लाठी,उसकी भैंस। आज लाठी हमारे हाथ में हैं। इसलिए भैंस भी हमारी है। हमारी भैंस के आगे बीन बजाने का कोई फायदा नहीं ,क्योंकि वो ससुरी खड़ी-खड़ी पगुराती रहती है । बीन की धुन पर नाचना उसे आता ही नहीं है।उसे न मणिपुर कि जलने से कोई फर्क पड़ता है और न कुणाल कामरा काण्ड से।

आप कहेंगे कि नया साल और नए साल का पहला दिन में ये भैंस कहाँ से आ गयी। तो आपको बता दें कि भैंस से हमारा सनातन नाता है,ये बात अलग है कि हम किसी भैंस को अपनी माता नहीं कहते,जबकि भैंस ,गौमाता से जायदा दूध देती है,ज्यादा गोबर देती है और ज्यादा मांसाहार भी देती है। दुर्भाग्य ये है कि हमारे यहां भैंसपुत्र केवल बलि के लिए इस्तेमाल किये जाते है। किसी जमाने में भैंसे पंचायतों ,नगर निगमों में कचरा गाडी खींचने के काम भी आते थे किन्तु अब तो बेचारे सिर्फ कटते हैं और लोगों के पेट भरने के काम आते हैं। भैंसों के नाम परदुनिया के किसी देश में कोई राजनीती नहीं होती । कम से कम हमारे देश में तो नहीं होती । हमारे यहां गायों के नाम पर राजनीति भी होती है और लिंचिंग भी। दुर्भाग्य ये है कि भारत में अभी तक किसी ने भैंसशाला नहीं खोली इसीलिए भैंसे अक्सर सड़क पर आवारगी करते देखी जा सकतीं हैं।

मै कट्टर सनातनी हूँ, फिर भी इन ज्योतिषियों की वजह से हमेशा परेशान रहते है। ये हर त्यौहार को सुलभ के बजाय दुर्लभ बताकर ऐसा उन्माद पैदा करते हैं कि आधा देश महाकुम्भ में नहाने जा धमकता है ,दीवाली पर ऐसा पुष्य योग बताते हैं कि आधा देश भले कटोरा लिए खड़ा रहे लेकिन बाकी देश सर्राफा बाजार या मोटरकार बाजार में खड़ा नजर आता है। ज्योतिषी इस बार भी नहीं माने। ज्योतिषीय गणना के मुताबिक लगभग 100 वर्षो बाद नवरात्रि के प्रथम दिन पंचग्रही योग का निर्माण भी हो रहा है. इसके साथ ही पहले दिन सर्वार्थ सिद्धि ,इंद्र, बुद्धदित्य ,शुक्रदित्य, लक्ष्मी नारायण जैसे शुभ योग का निर्माण हो रहा है.। हमारा सौभाग्य है या दुर्भाग्य कि ये ज्योतिषी हमारे पास ही सबसे जायदा है। दूसरे मजहबों में भी हैं लेकिन वे इतने शातिर नहीं हैं जितने किहमारे हैं। हम पढ़े-लिखे हों या अनपढ़ सब के सब ज्योतिषियों के इशारों पर नाचते हैं।

कभी-कभी मै सोचता हूँ कि हमारे पास भले ही वैज्ञानिक कम हों किन्तु ज्योतिषी इफरात में है। काश ऐसे ही ज्योतिषी म्यांमार वालों के पास होते । कम से कम वे ये तो बता देते कि वहां जो भूकमंप आया है वो किस दुर्लभ योग में आया है और उसके क्या लाभ-हानि है। किस राशि के जातकों के लिए भूकंप जानलेवा साबित होगा और कौन सा महफूज रहेगा ? म्यांमार वालों के साथ हमारी गहन संवदना है। हमारी सनातनी सरकार ने म्यांमार के भूकंप पीड़ितों की इमदाद के लिए लेफ्टिनेंट कर्नल जगनीत गिल के नेतृत्व में शत्रुजीत ब्रिगेड मेडिकल रिस्पॉन्डर्स की 118 सदस्यीय टीम आवश्यक चिकित्सा उपकरणों और आपूर्ति के साथ शीघ्र ही म्यांमार के लिए रवाना हुई. यह टीम जरूरी चिकित्सा उपकरणों और आपूर्ति के साथ एयरबोर्न एंजल्स टास्क फोर्स के रूप में तैनात की जा रही है, ये फोर्स आपदा-प्रभावित क्षेत्रों में उन्नत चिकित्सा और सर्जरी सेवाएं देने के लिए प्रशिक्षित है।

हम शुक्रगुजार हैं भारत सरकार की दरियादिली के, कि उसने कम से कम चैत्र मास में कोई तो पुण्यकार्य किया ! अन्यथा मुमकिन था कि हमारे गृहमंत्री अड़ जाते कि - नहीं! म्यांमार में राहत भेजने की कोई जरूरत नहीं है क्योंकि वहां के रोहिंग्या मुसलमान भी इस राहत का फायदा उठाएंगे। हमारी सरकार को मुसलमानों से खासी चिढ है,फिर चाहे वे हिन्दुस्तानी हों या बांग्लादेशी या म्यांमारी। हमारे यहां मुसलमान ही हैं जो सड़क पर नमाज नहीं पढ़ सकते,सड़क तो छोड़िये अपने घर की छत पर नमाज नहीं पढ़ सकते। मुसलमानों को छोड़ दुसरे मजहबों का कोई भी आदमी कुछ भी कर सकता है। उसके लिए कोईपाबन्दी नहीं है।

इस नवरात्रि पर मै भी 9 दिन के व्रत रख रखा हूँ। मेरी देवी में भारी आशक्ति है। मेरी कामना है कि देवी माँ भारत की पुण्य भूमि पर पैदा होने वाले हर हिंदुस्तानी का कल्याण करें। मुझे उम्मीद है कि ऐसा होगा भी ,क्योंकि हमारी देवियाँ नेताओं की तरह हिन्दू-मुसलमान नहीं देखतीं कल्याण करते वक्त। हमने जितनी भी किम्वदंतियां या लोक कथाएं पढ़ी हैं उनमें किसी में भी किसी देवी ने किसी खान साहब का वध नहीं किया। उन्होंने महिषासुर को मारा। मुसलमानों में भी शैतान के बच्चे पैदा होते हैं जो आतंकवादी हो जाते हैं लेकिन उनका नाश करने के लिए देवियों ने दूसरी व्यवस्था की है। हिन्दुओं में भी शैतान होते हैं ,वे भी आदमी तो आदमी इमारतों और कब्रों तक को जमीदोज कर देते हैं ,लेकिन उनका इलाज हमारी देवियों के पास नहीं है।

चूंकि हमारे सनातनियों को अब विक्रम सम्वत में आस्था है इसलिए उन्हें इस नववर्ष की बधाइयां ,चूंकि आज ही ईद है इसलिए मुसलमानों को ईद मुबारक और म्यांमार के भूकंप पीड़ितों को अपनी हार्दिक संवेदनाएं देते हुए मै अपने आपको खुशनसीब समझता हूँ क्योंकि आज से 9

**राकेश अचल**

## संपादकीय

# छोटे और बड़े पर्दे के स्टार्स बनाम सोशल मीडिया- क्या सोशल मीडिया उनकी छवि बनाए रखने के लिए प्रभावी है?



आजकल, छोटे और बड़े पर्दे के स्टार्स को लोकप्रियता बनाए रखने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लेना पड़ रहा है। इसके कई कारण हैं। सोशल मीडिया के माध्यम से वे सीधे अपने दर्शकों और प्रशंसकों से जुड़ जाते हैं। यह उन्हें अपने फैंस के साथ सीधे संवाद करने और अपनी जिन्दगी के अपडेट्स, वीडियोज और फोटोज शेयर करने का अवसर देता है। इससे फॉलोवर्स को ऐसा महसूस होता है कि वे अपने पसंदीदा स्टार को और करीब से जानते हैं। स्टार्स, सोशल मीडिया का उपयोग अपनी फिल्मों, टीवी शो कार्यक्रमों और अन्य प्रोजेक्ट्स को प्रमोट करने के लिए भी करते हैं। वे ट्रेलर, गाने और बिहाइंड-द-सीन वीडियोज शेयर करते हैं, जिससे फैंस में उत्साह बढ़ता है। सोशल मीडिया स्टार्स के लिए ब्रांड प्रमोशन का एक प्रभावी माध्यम बन गया है। कई ब्रांड्स उन्हें अपने प्रोडक्ट्स का प्रचार करने के लिए हायर करते हैं, जिससे उन्हें अच्छी खासी कमाई होती है।

सोशल मीडिया, छोटे और बड़े पर्दे के स्टार्स को नए प्रशंसकों तक पहुंचने में मदद करता है। वे अपनी पहुंच को बढ़ाकर वैश्विक स्तर पर अपने फैन बेस का विस्तार करते हैं। कलाकार अपनी छवि को खुद नियंत्रित कर सकते हैं और अपनी पसंद की सामग्री शेयर कर सकते हैं। हालांकि, ज्यादातर मामलों में स्टार्स अपने सोशल मीडिया टेक्निकल एक्सपर्ट के माध्यम से अपनी सामग्री शेयर करते हैं। उनके पास वक्त की कमी होती है। सोशल मीडिया आज फिल्मों और टीवी शो के प्रचार के लिए एक शक्तिशाली प्लेटफॉर्म बन गया है। हालांकि, इन सब फायदों के बावजूद सोशल मीडिया के तमाम नुकसान हैं जो स्टार्स को झेलने पड़ते हैं। सोशल मीडिया पर मौजूदगी के कारण स्टार्स की प्राइवेसी प्रभावित हो सकती है। उनकी पर्सनल जानकारियां और तस्वीरें लीक होने की संभावना पूरी तरह बढ़ जाती है। इससे वे असुरक्षित महसूस कर सकते हैं।

स्टार्स को अक्सर ट्रोलिंग और नकारात्मक टिप्पणियों का सामना करना पड़ता है। यह उनकी मानसिक सेहत पर बुरा प्रभाव डालता है। इससे उनकी छवि को नुकसान पहुंचता है। सोशल मीडिया पर अफवाहें और गलत जानकारी बहुत तेजी से फैलती हैं। इससे स्टार्स के बारे में गलत धारणाएं बनती है और उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान होता है। कभी-कभी, स्टार्स द्वारा किए गए विवादास्पद पोस्ट या कॉमेंट्स उन्हें मुश्किल में डाल देती है। इससे उनकी छवि खराब होती है और कभी-कभी कानूनी समस्याओं का सामना भी करना पड़ता है। सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग स्टार्स के पेशेवर और पर्सनल लाइफ को प्रभावित कर सकता है। यह उनकी उत्पादकता को कम करता है और उनके व्यक्तिगत संबंधों में तनाव पैदा करता है।

असल सवाल यह है कि क्या सोशल मीडिया बड़े स्टार्स की छवि को नुकसान पहुंचाता है? यह कहना कठिन है कि सोशल मीडिया छोटे और बड़े पर्दे के स्टार्स की छवि को खराब करता है या नहीं। कुछ मामलों में, सोशल मीडिया ने स्टार्स को अपनी छवि को बेहतर बनाने में मदद की है, जबकि कुछ मामलों में, इसने उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाया है। यह सब इस बात पर निर्भर करता है कि स्टार्स सोशल मीडिया का उपयोग कैसे करते हैं। जो कलाकार सोच-समझकर और संतुलित तरीके से सोशल मीडिया का उपयोग करते हैं, वे अपनी छवि को मजबूत करते हैं। दूसरी तरफ, जो कलाकार लापरवाह तरीके से सोशल मीडिया का इस्तेमाल करते हैं, उनकी छवि को नुकसान पहुंचता है।

सोशल मीडिया की शक्ति को नकारा नहीं जा सकता। छोटे और बड़े पर्दे के स्टार्स को इसे बहुत सोच-समझकर उपयोग करना चाहिए। उन्हें अपनी पर्सनल लाइफ और प्रोफेशनल लाइफ के बीच संतुलन बनाकर चलना चाहिए और किसी भी ऐसी गतिविधि से बचना चाहिए जो उनकी छवि को नुकसान पहुंचाती हो।

**लेखक- कृष्ण कुमार**

# आदिशक्ति माँ नवदुर्गा श्रष्टि रूप एवं नौ विशिष्ट औषधियों मे विद्यमान हैं जिन्हे पसंदीदा भोग लगा किया जा सकता हैं प्रसन्न




÷आदि शक्ति जगत जननी माँ भगवती दुर्गा ने जगत कल्याण हेतु क्रमशः नौ अलग अलग रुप धारण करके पांचो तत्वों मे विद्यमान होकर सभी प्राणियों सहित सभी जड़ चेतन मे समाई हूई है। भगवती दुर्गा माता ने 9 रुप धारण किये जिनके अलग अलग 9 रुप व नामॉ से जाना जाता है। ब्रम्हा कवच के अनुसार नौ दुर्गा 9 बिशिष्ट औषधियो मे जीवन दायिनी संजीवनी के रुप मे बिराजमान है । साधक भक्त और व्रती माँ नवदुर्गा को प्रसन्न करने के लिये माता के 9 रुपों की नवरातों मे प्रतिदिन एक एक देवी माँ के रुपों की पूजा आराधना कर माँ का पसंदीदा भोग पृसाद लगाकर माता रानी को प्रसन्न कर मनवान्छित मनोकामनाओ की प्राप्ति करते है÷

आदिशक्ति जगत जननी भगवती माँ दुर्गा के 9 रूपों का अलग अलग पूजन नवरात्रि के 9 दिन मे किया जाता है। माता के इन 9 रूपों को %नवदुर्गा% के नवरात्रि के नाम से जाना जाता है। नवरात्र के 9 दिनों में मां दुर्गा के जिन 9 रूपों का पूजन किया जाता है उनमें पहला शैलपुत्री, दूसरा ब्रह्मचारिणी, तीसरा चंद्रघंटा, चौथा कूष्मांडा, पांचवां स्कंदमाता, छठा कात्यायनी, सातवां कालरात्रि, आठवां महागौरी और नौवां सिद्धिदात्री का पूजन किया जाता है। माता रानी को नवरात्र के 9 दिनों में 9 देवियों के 9 रुपों को अलग-अलग भोग लगा कर भगवती मां को प्रसन्न किया जा सकता है। इस बार 30 अप्रैल दिन रविवार चैत्र शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से नवरात्रि का शुभारंभ हो रहा है। पहले दिन माता के प्रथम रूप माता शैलपुत्री का पूजन जो पर्वतराज हिमालय की पुत्री हैं माता शैलपुत्री को गाय का शुद्ध घी अर्पित करने से आरोग्य का आशीर्वाद प्राप्त होता है और उपवास करने वाला निरोगी रहता है।श्री दुर्गा के द्वितीय रूप माता ब्रह्मचारिणी तपस्विनी स्वरूपा माता पार्वती ने भगवान शंकर को पति के रूप में पाने के लिए तप किया था तब उनका नाम ब्रह्मचारिणी पड़ा। माता ब्रह्मचारिणी को प्रसन्न करने के लिए उनको शकर का भोग लगाने से घर के सभी सदस्यों की आयु में बृद्धि होती है। तीसरे रूप में माता चंद्रघंटा सभी भक्तो की मनोइच्छा पूरी करती है इनके पूजन से भक्त सांसारिक कष्टें से मुक्ति पाता है। माता को दूध या दूध से बनी मिठाई अथवा खीर का भोग लगाने ब्राह्मण को खिलाने दक्षिणा देने से उपवासक को दुःखों से मुक्ति प्राप्त होती है और उसे परमानंद की प्राप्ति होती चौथा दिन माता कूष्मांडा जिनके उदर से ब्रह्मांड की उत्पत्ति हुई है। इनके पूजन से समस्त रोग-शोक कष्ट नष्ट हो जाते हैं। माता कूष्मांडा को मालपुओं का भोग लगाने व प्रसाद बांटने से माता प्रसन्न होकर उपवासक की बुद्धि का विकास करती हैं और साथ-साथ निर्णय करने की शक्ति भी बढ़ाती है। पांचवें दिन माता स्कंदमाता जो कि कुमार कार्तिकेय की माँ है। माता के इस रूप की आराधना करने से उपवासक को स्वतः ही सभी सिद्धियां प्राप्त होती हैं। माता को केले का भोग लगाने से शरीर स्वस्थ रहता है। छठा दिवस माँ कात्यायनी माता का है जो ॠषि कात्यायन की पुत्री हैं। इसी कारण कात्यायनी कहलाई। जिनको शहद का भोग लगाया जाता है। माता को शहद का भोग लगाने से उपवासक की आकर्षण शक्ति में वृद्धि होती है।सप्तम दिन में माता के कालरात्रि स्वरूप की पूजा-आराधना की जाती है। जो काल अर्थात बुरी शक्तियों का नाश करने वाली हैं। माता को गुड़ का भोग लगाया जाता है। जिससे साधक वृती पर आने वाले शोक से मुक्ति मिलती है व उपवासक पर आकस्मिक रूप से आने वाले संकट से निजात मिलते हैं। श्री दुर्गा अष्टमी के दिन माता के आठवें रूप महागौरी की पूजा करने पर माता प्रसन्न होकर वृती के हर असंभव कार्य को भी संभव कर आशीर्वाद देती हैं। माता को भोग में नारियल का भोग लगाया जाता है यह माता निन्संतानों को सन्तान की मनोकामना पूरी करती है। नवरात्र के नौवें दिन माता सिद्धिदात्री सभी प्रकार की सिद्धियां देने वाली है। इन्हें सिद्धियों की स्वामिनी भी कहा जाता है माता को तिल का भोग लगाना इस दिन कल्याणकारी रहता है जो व्यक्ति को मृत्यु के भय से राहत देता है और अनहोनी घटनाओं से बचाता है।

मां दुर्गा के नव स्वरूपो मे श्रष्टि दर्शन कुछ प्रकार है प्रथम 1 शैलपुत्री- सम्पूर्ण जड़ पदार्थ भगवती का पहला स्वरूप हैं पत्थर मिट्टी जल वायु अग्नि आकाश सब शैल पुत्री का प्रथम रूप हैं। इस पूजन का अर्थ है प्रत्येक जड़ पदार्थ में परमात्मा को महसूस करना द्वितीय 2 ब्रह्मचारिणी- जड़ में ज्ञान का प्रस्फुरण चेतना का संचार भगवती के दूसरे रूप का प्रादुर्भाव है। जड़ चेतन का संयोग है। प्रत्येक अंकुरण में इसे देख सकते हैं। तृतीय 3 चंद्रघंटा-भगवती का तीसरा रूप है यहाँ जीव में वाणी प्रकट होती है जिसकी अंतिम परिणिति मनुष्य में बैखरी (वाणी) है चतुर्थ 4 कुष्मांडा- अर्थात अंडे को धारण करने वाली स्त्री और पुरुष की गर्भधारण गर्भाधान शक्ति है जो भगवती की ही शक्ति है जिसे समस्त प्राणी मात्र में देखा जा सकताहै। पंचम 5 स्कन्दमाता-पुत्रवती माता-पिता का स्वरूप है अथवा प्रत्येक पुत्रवान माता-पिता स्कन्द माता के रूप हैं। षष्ठम 6 कात्यायनी- के रूप में वही भगवती कन्या की माता-पिता हैं। यह देवी का छठा स्वरुप है। सप्तम 7 कालरात्रि- देवी भगवती का सातवां रूप है जिससे सब जड़ चेतन मृत्यु को प्राप्त होते हैं ओर मृत्यु के समय सब प्राणियों को इस स्वरूप का अनुभव होता है। भगवती के इन सात स्वरूपों के दर्शन सबको प्रत्यक्ष सुलभ होते हैं। परन्तु माँ के आठवां और नौवां स्वरूप सुलभ नहीं है। भगवती का आठवां स्वरूप महागौरी गौर वर्ण का है। यह ज्ञान अथवा बोध का प्रतीक है जिसे जन्म जन्मांतर की साधना से पाया जा सकता है। इसे प्राप्त कर साधक परम सिद्ध हो जाता है। इसलिए इसे सिद्धिदात्री कहा है।

ब्रम्हा जी के दुर्गा कवच में वर्णित नवदुर्गा नौ विशिष्ट औषधियों में आज भी विराजमान हैं (1) प्रथम शैलपुत्री (हरड़) कई प्रकार के रोगों में काम आने वाली औषधि हरड़ हिमावती है जो देवी शैलपुत्री का ही एक रूप है। यह आयुर्वेद की प्रधान औषधि है। यह पथया, हरीतिका, अमृता, हेमवती, कायस्थ, चेतकी और श्रेयसी सात प्रकार की होती है(2)ब्रह्मचारिणी (ब्राह्मी) ब्राह्मी आयु व याददाश्त बढ़ाकर, रक्तविकारों को दूर कर स्वर को मधुर बनाती है। इसलिए इसे सरस्वती भी कहा जाता है।(3) चंद्रघंटा (चंदुसूर) यह एक ?सा पौधा है जो धनिए के समान है। यह औषधि मोटापा दूर करने में लाभप्रद है इसलिए इसे चर्महंती भी कहते हैं।

(4) कूष्मांडा (पेठा) इस औषधि से पेठा मिठाई बनती है। इसलिए इस रूप को पेठा कहते हैं। इसे कुम्हड़ा भी कहते हैं जो रक्त विकार दूर कर पेट को साफ करने में सहायक है। मानसिक रोगों में यह अमृत समान है। (5) स्कंदमाता (अलसी) देवी स्कंदमाता औषधि के रूप में अलसी में विद्यमान हैं। यह वात, पित्त व कफ रोगों की नाशक औषधि है। (6) कात्यायनी (मोइया) देवी कात्यायनी को आयुर्वेद में कई नामों से जाना जाता है जैसे अम्बा, अम्बालिका व अम्बिका इसके अलावा इन्हें मोइया भी कहते हैं। यह औषधि कफ पित्त व गले के रोगों का नाश करती है।(7) कालरात्रि (नागदौन) यह देवी नागदौन औषधि के रूप में जानी जाती हैं। यह सभी प्रकार के रोगों में लाभकारी और मन एवं मस्तिष्क के विकारों को दूर करने वाली औषधि है।(8) महागौरी (तुलसी) तुलसी सात प्रकार की होती है सफेद तुलसी, काली तुलसी, मरूता, दवना, कुढेरक, अर्जक और षटपत्र ये रक्त को साफ कर ह्वदय रोगों का नाश करती है (9) सिद्धिदात्री(शतावरी) दुर्गा का नौवां रूप सिद्धिदात्री है जिसे नारायणी शतावरी कहते हैं। यह बल बुद्धि एवं विवेक के लिए उपयोगी है।

आदि शक्ति जगत जननी भगवती मां दुर्गा का नवरात्रि के पावन अवसर पर श्रद्धा भाव भक्ति के साथ व्रत पूजन पाठ विधि विधान पूर्वक करने से महामाई अवश्य प्रसन्न होती है माता रानी अपने भक्तों को मनोवांछित वर प्रदान कर सभी मनोकामनाएं अवश्य पूरी करती है। इस चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर हम अपनी ईष्ट व आराध्य देवी माँ आदि शक्ति जगत जननी जगदंबा भगवती माँ नवदुर्गा के चरणों मे अनन्त कोटि नमन बन्दन पूजन आराधन करते हुये सभी ब्रती व भक्तों एवं साधकों समेत इष्ट मित्रो सगे संबंधियों सुधी पाठकों सहित आम जन मानस के प्रति सुख समृद्धी की कामना सहित शुभ कामनाएं देता हुँ। भगवती महामाई सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करें। सभी सुखी निरोगी दीर्घायु हो माता रानी की कृपा और आशीर्वाद हम सभी पर सदैव बनी रहे।

**धर्मेन्द्र कुमार सिंह**

# स्त्री विमर्श की ओर बढ़ता शोध जगत



भारत सहित विश्वभर में स्त्री विमर्श एक महत्वपूर्ण बौद्धिक विषय बन चुका है। साहित्य, समाजशास्त्र, राजनीति और इतिहास जैसे विभिन्न शैक्षिक क्षेत्रों में पीएचडी शोधार्थियों का झुकाव तेजी से स्त्री-विमर्श की ओर बढ़ रहा है। यह न केवल समाज में व्याप्त लैंगिक असमानता को उजागर करने का माध्यम बन रहा है, बल्कि नारीवादी दृष्टिकोण से इतिहास और संस्कृति को नए सिरे से समझने का अवसर भी प्रदान कर रहा है। स्त्री-अधिकारों, लैंगिक समानता और महिलाओं के सामाजिक-आर्थिक उत्थान से जुड़े मुद्दों पर शोध का विस्तार हो रहा है, जिससे महिलाओं की स्थिति को एक नए परिप्रेक्ष्य में देखा जा रहा है। आज के दौर में पीएचडी स्कॉलर्स विभिन्न ऐतिहासिक घटनाओं, साहित्यिक कृतियों, सामाजिक संरचनाओं और राजनीतिक परिप्रेक्ष्यों में स्त्रियों की भूमिका और उनके अधिकारों की पड़ताल कर रहे हैं। शोध का यह नया रुझान केवल नारीवादी सिद्धांतों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पितृसत्तात्मक व्यवस्था को चुनौती देते हुए एक समतामूलक समाज की परिकल्पना भी प्रस्तुत करता है। साथ ही, यह शोध महिलाओं के कानूनी अधिकारों, कार्यस्थल पर उनकी स्थिति, राजनीतिक भागीदारी और शिक्षा में उनकी भूमिका को भी उजागर कर रहा है। अनेक शोध साहित्यिक कृतियों में स्त्री के चित्रण, उनके संघर्ष और उनकी अस्मिता की पहचान पर केंद्रित हैं। महादेवी वर्मा, इस्मत चुगताई, अमृता प्रीतम और तसलीमा नसरीन जैसी लेखिकाओं के साहित्य को एक नए दृष्टिकोण से देखने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही, आधुनिक लेखकों द्वारा प्रस्तुत महिला चरित्रों का समाजशास्त्रीय विश्लेषण भी तेजी से हो रहा है। विभिन्न भाषाओं के साहित्य में महिलाओं के संघर्षों और उनके द्वारा किए गए सामाजिक बदलावों पर शोध कार्य बढ़ रहा है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि साहित्य न केवल समाज का दर्पण है, बल्कि सामाजिक बदलाव का एक प्रभावी उपकरण भी है। प्रौद्योगिकी और सामाजिक मीडिया के बढ़ते प्रभाव के कारण स्त्री-विमर्श को नया मंच मिला है।

डिजिटल माध्यमों के जरिए नई पीढ़ी के शोधार्थी समाज में व्याप्त लैंगिक भेदभाव, घरेलू हिंसा, कार्यस्थल पर उत्पीड़न और महिला सशक्तिकरण जैसे विषयों पर शोध कर रहे हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि स्त्री-विमर्श केवल बौद्धिक चर्चा तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह समाज में वास्तविक परिवर्तन लाने का एक प्रभावी साधन बन रहा है। ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म, ब्लॉग, और सोशल मीडिया के माध्यम से स्त्री-विमर्श पर आधारित शोध अधिक व्यापक और प्रभावी बन रहा है, जिससे जागरूकता में वृद्धि हो रही है।नारीवादी सिद्धांतों ने शोध के तरीकों और विषय-वस्तु को गहराई से प्रभावित किया है। समकालीन शोधकर्ता नारीवाद के विभिन्न तरंगों, जैसे उदारवादी नारीवाद, समाजवादी नारीवाद, कट्टर नारीवाद और दलित नारीवाद के माध्यम से समाज में महिलाओं की स्थिति का आकलन कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त, ट्रांस-विमर्श और समलैंगिक स्त्री विमर्श भी महत्वपूर्ण शोध विषय बन चुके हैं। स्त्री विमर्श के प्रति शोधार्थियों की बढ़ती रुचि यह दर्शाती है कि भविष्य में लैंगिक समानता की दिशा में और भी गहन अध्ययन होंगे। शोध से प्राप्त निष्कर्षों का प्रभाव नीतियों और समाज के दृष्टिकोण पर भी पड़ेगा। विश्वविद्यालयों और शोध संस्थानों को इस दिशा में और अधिक समर्थन और संसाधन प्रदान करने की आवश्यकता है ताकि यह विमर्श और अधिक सशक्त रूप में आगे बढ़ सके। पीएचडी शोधार्थियों द्वारा स्त्री-विमर्श की ओर बढ़ता रुझान न केवल एक बौद्धिक आंदोलन का संकेत है, बल्कि यह भविष्य में एक अधिक समतामूलक और न्यायसंगत समाज की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है। यह विमर्श सिर्फ महिलाओं के लिए नहीं, बल्कि संपूर्ण समाज के लिए आवश्यक है, जिससे लैंगिक समानता की दिशा में ठोस परिवर्तन संभव हो सके। स्त्री-विमर्श का यह विकास समाज में महिलाओं की सशक्त उपस्थिति को और भी प्रभावी बनाएगा तथा लैंगिक समानता की दिशा में ठोस परिणाम उत्पन्न करेगा। साथ ही, इस शोध का प्रभाव केवल अकादमिक जगत तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यह नीतिगत सुधारों, सामाजिक संरचनाओं और सांस्कृतिक बदलावों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

**हंसराज चौरसिया**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# संक्षिप्त ख़बरें

## कलेक्ट कर्मचारी संघ के निर्वाचित सभी पदाधिकारी का हुआ शपथ ग्रहण

**वाराणसी** जिला मुख्यालय वाराणसी पर पिछले दिनों संघ भवन और कलेक्ट कर्मचारी संघ के हुए चुनाव में निर्वाचित सभी पदाधिकारी को शनिवार जिला राइफल क्लब में शपथ ग्रहण समारोह आयोजन किया गया इस मौके पर अपर जिलाधिकारी नगर आलोक कुमार वर्मा अपर जिलाधिकारी प्रशासन विपिन कुमार अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व बंदिता श्रीवास्तव पूर्व कलेक्ट अध्यक्ष अरविंद पांडेप पूर्व अध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह अध्यक्ष विकास भवन दिनेश सिंह कर्मचारी महासंघ के जिला अध्यक्ष शशिकांत श्रीवास्तव व अन्य कर्मचारियों का सैकड़ो की संख्या में उपस्थिति रही पूरा सभागार कर्मचारियों से भरा रहा समस्त अतिथि अधिकारियों से निर्वाचित पदाधिकारी को मल्यार्पण किया गया तथा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई

## हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिवप्रताप शुक्ला ने सतुआभार में दी श्रद्धांजलि



**ख़जनी-** सतुआभार, हिमाचल प्रदेश के महामहिम राज्यपाल श्री शिवप्रताप शुक्ला आज रविवार को सतुआभार गांव पहुंचे, जहां उन्होंने दिवंगत स्वर्गीय श्याम नारायण धर द्विवेदी को श्रद्धांजलि अर्पित की। बिगत दिनों स्व. श्याम नारायण धर द्विवेदी के निधन के उपरांत राज्यपाल ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर उन्होंने स्व. द्विवेदी के व्यक्तित्व एवं समाज में उनके योगदान को याद किया। गांव वासियों और स्व. द्विवेदी के परिवार जन दिवाकर दुबे , बच्चा दुबे हरिधर दुबे उर्फ बचई , भीष्म धर दुबे व अंशुमाली धर दुबे आदि लोगों ने संवेदना प्रकट करते हुए राज्यपाल ने कहा कि दिवंगत आत्मा की स्मृतियां सदैव प्रेरणादायक रहेंगी। उनके विचारों और कार्यों से समाज को मार्गदर्शन मिलता रहेगा। इस दौरान क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, समाजसेवी एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने स्व. द्विवेदी को श्रद्धांजलि दी और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

## हिस्ट्रीशिटरों की परेड करा दी कड़ी हिदायत

**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर के निर्देशन में जनपद के थाना लार, बरियारपुर, महुआडीह, भलुअनी, रामपुर कारखाना, मईल, श्रीरामपुर, सुरौली थानों पर थाना क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटरों को थाना परिसर में बुलाकर परेड करायी गई और असामाजिक कृत्यों को छोड़कर समाज की मुख्यधारा में जुड़कर कार्य करने हेतु हिदायत दिया गया। बताया कि यदि इनके द्वारा आपराधिक कृत्यों में किसी भी प्रकार की संलिप्तता पायी गई तो उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही अमल में लायी जायेगी । सभी हिस्ट्रीशीटरों की निगरानी की जा रही है।

## अपराधियों ने कुटी के पुजारी पर किया जानलेवा हमला, स्थित नाजुक



**कुशीनगर।** जनपद के नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत दुबौली के राजस्व ग्राम हजारीपट्टी में स्थित कुंवरवर्ती मां के स्थान पर कुटी बना कर रह रहे त्यागी जी महाराज पर बीते दिन शनिवार की अर्धरात्रि में आधा दर्जन अज्ञात अपराधियों द्वारा जानलेवा हमला कर अधमरे स्थिति में छोड़कर भागने में सफल हुए। महाराज जी की स्थिति नाजुक बनी है, ग्राम प्रधान पंकज मल्ल द्वारा स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई, थानाध्यक्ष मौके पर पहुंच कर महराज जी को चिकित्सकीय जांच के लिए सीएचसी कोटवा भेजा है।

## नवरात्रि व ईद पर्व पर कानून व्यवस्था के लिए ड्रोन कैमरे से निगरानी

**प्रतापगढ़।**पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार के निर्देशन में नवरात्रि, ईद पर्व व कानून व्यवस्था के दृष्टिगत प्रतापगढ़ पुलिस द्वारा क्षेत्रान्तर्गत प्रमुख चौराहों, भीड-भाड़ वाले स्थानों, मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों, धार्मिक स्थलों व स्टेशनों के आसपास ड्रोन कैमरे से सतर्क निगरानी की जा रही है । थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत चिलबिला चौराहा, रेलवे क्रासिंग, सई नदी ओवरब्रिज, सदर चौराहा, रामलीला ग्राउण्ड, भरत चौक (घण्टाघर), बाबगंज मार्केट, निर्मल चौराहा, रेलवे स्टेशन प्रतापगढ़, भंगवा चुंगी तथा शहर क्षेत्र के प्रमुख स्थानों रोडवेज बस स्टैण्ड सिविल लाइन, अंबेडकर चौराहा, राजापाल टंकी सहित अन्य धार्मिक स्थलों पर भी ड्रोन/कैमरा से सतर्क निगरानी जारी है।

## अपहरण के मामले में एक अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** थाना प्रभारी आसपुर देवसरा संतोष सिंह के नेतृत्व में उप निरीक्षक विजय कुमार मय हमराह का0 नरेन्द्र गौतम, का0 गौतम मौर्या द्वारा 30 मार्च को संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग के दौरान, मुखबिर की सूचना पर थाना पट्टी में पंजीकृत अभियोग अन्तर्गत धारा 137(2), 87 बीएनएस से संबंधित वांछित अभियुक्त अजीत कुमार पुत्र हौसिला प्रसाद सरोज निवासी ग्राम गुपसाड़ थाना शिवगढ़ जनपद सुल्तानपुर को थाना क्षेत्र आसपुर देवसरा के जलपा नहर के पास से गिरफ्तार कर हवाले जेल कर दिया गया।

# भारतीय संस्कृति का अनुसरण कर रही दुनिया- सूर्यप्रभात

● राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का वर्ष प्रतिपदा कार्यक्रम

स्वतंत्र प्रभात






**महाराजगंज** भारतीय संस्कृति का अनुसरण पूरी दुनिया कर रही है सदैव ही भारत ने अपनी सभ्यता और संस्कृति से अपना लोहा बनवाया है द्य हमारी संस्कृति विध्वंश कार्य नहीं है हमारे सभ्यता और संस्कृत के कारण ही हम विश्व गुरु बनने के करीब है। उक्त विचार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सदर खंड महराजगंज के द्वारा कौशल किशोर तेज प्रताप पीजी कॉलेज बागापार में आयोजित वर्ष प्रतिपदा एवं आद्य सरसंघचालक प्रणाम कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह जिला प्रचारक सूर्य प्रभात ने व्यक्त किया। सह जिला प्रचारक सूर्य प्रभात ने अपने संबोधन में कहा कि समस्त हिंदू एक परिवार है और हमारी संकल्पना इसके माध्यम से व्यक्ति का निर्माण करना है राष्ट्र प्रेम की गंगा का जो भगीरथ प्रयास डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार ने किया था संघ उसे निरंतर आगे बढ़ा रहा है। सामाजिक समरसता के कार्य के साथ राष्ट्र और देश के प्रति समर्पण की भावना हमारा आधार है, हमारा परिवार समरस हो,पर्यावरण को सुरक्षित एवं संरक्षित करने का सार्थक प्रयास संघ का स्वयंसेवक पूरे देश में कर रहा है। वर्ष प्रतिपदा के प्रारंभ में यह कहना अत्यंत ही समीचीन होगा कि भारत की गौरवशाली परंपराएं ही भारत की आधार प्रतीक है।

सह जिला प्रचारक सूर्यप्रभात ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आई एम चुप की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शताब्दी वर्ष मान रहा है इसके अंतर्गत संघ के स्वयंसेवक मलिन बस्तियों में जाकर स्वच्छता के कार्यक्रम के साथ-साथ नागरिक कर्तव्य ज्यादा संरक्षण पर्यावरण प्रदूषण स्वदेशी और संकल्प की भावना विकसित करने का प्रयास करेगा। वर्ष प्रतिपदा के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में खंड संघ चालक साधुशरण शर्मा जिला संपर्क प्रमुख विमल पांडेय खंड कार्यवाह सुनील मिश्रा सह खंड कार्यवाह धर्मेंद्र मौर्य डॉक्टर शांतिशरण मिश्र विद्यार्थी परिषद के मयंक मणि त्रिपाठी और ऋषभ श्रीवास्तव अभिषेक विपुल पांडे पिंटू कुमार प्रमोद पासवान शिवम शर्मा जिला पंचायत सदस्य प्रदीप कनौजिया अखिलेश कुमार मनोज गौतम चंद्रशेखर पटेल सहित कई दर्जन स्वयं सेवक गणेश में उपस्थित रहे।

# गोरखपुर मां की बेरहमी से हुई हत्या, 13 वर्षीय मासूम बेटी पर जानलेवा हमला

स्वतंत्र प्रभात

**गोरखपुर** के चौरीचौरा क्षेत्र के शिवपुर गांव में शनिवार देर रात एक ऐसी दिल दहला देने वाली घटना घटी, जिसने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया। अज्ञात बदमाशों ने एक मां की बेरहमी से हत्या कर दी और उसकी 13 साल की मासूम बेटी पर भी जानलेवा हमला किया।

**इस क्रूर वारदात ने एक परिवार को तहस-नहस कर दिया**

जहां अब मां की चीखें हमेशा के लिए खामोश हो गई और उसकी छोटी बेटी जिंदगी और मौत के बीच जूझ रही है।मां की बेरहम हत्या, बेटी की जिंदगी अधर में शनिवार रात करीब 1:45 बजे पूनम निषाद (45) अपने घर में थीं, जब अचानक बदमाशों ने धावा बोला। धारदार हथियार से किए गए हमले ने पूनम की सांसें छीन लीं। उनकी मासूम बेटी अनुष्का (13) भी इस कहर से नहीं बच सकी। बदमाशों ने उस पर भी ताबड़तोड़ हमला किया, जिससे वह खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर पड़ी। बड़ी बेटी खुशबू (20) उस वक्त घर में मौजूद थी, लेकिन हमलावरों ने उसे एक कमरे में बंद कर दिया। किसी तरह खुद को आजाद कर खुशबू ने पुलिस को सूचना दी, मगर तब तक उसकी मां दुनिया छोड़ चुकी थी और छोटी बहन जिंदगी की जंग लड़ रही थी।

**दहशत में डूबा गांव, आंसुओं में डूबी बेटियां**

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पूनम का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया, जबकि गंभीर रूप से घायल अनुष्का को बीआरडी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। डॉक्टर उसकी जिंदगी बचाने की हर संभव कोशिश कर रहे हैं। खुशबू, जो अपनी मां और बहन पर हुए इस जुल्म की गवाह बनी, सदमे में है। वह हमलावरों की पहचान नहीं कर सकी, लेकिन उसकी आंखों में मां को खोने का दर्द और बहन को बचाने की उम्मीद साफ झलक रही है। गांव में सन्नाटा पसरा है, हर कोई इस बर्बरता से सहमा हुआ है।पुलिस की जांच में जुटी हर संभावना चौरीचौरा थाना प्रभारी निरीक्षक राहुल शुक्ला ने बताया कि यह हत्या बेहद क्रूर तरीके से की गई है। पुलिस हर पहलू की पड़ताल कर रही है—चाहे वह पुरानी रंजिश हो, आपसी विवाद हो या लूटपाट का इरादा। इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा



रहे हैं, वहीं पड़ोसियों और रिश्तेदारों से पूछताछ जारी है। अनुष्का के होश में आने का इंतजार है, ताकि उसके बयान से कोई सुराग मिल सके। पुलिस ने हमलावरों को जल्द पकड़ने का भरोसा जताया है।एक मां का सपना टूटा, परिवार बिखरापूनम निषाद अपने बच्चों के लिए जीती थीं। उनकी मेहनत और प्यार से बना यह परिवार अब अनाथ सा हो गया है। खुशबू अपनी मां की यादों और बहन की सलामती की दुआ के बीच फंसी है, तो अनुष्का की सांसें अस्पताल के बिस्तर पर अनिश्चितता से जूझ रही हैं। यह घटना सिर्फ एक हत्या नहीं, बल्कि एक मां के सपनों और एक परिवार की उम्मीदों की निर्मम हत्या है। क्या सच सामने आएगा? क्या इंसाफ मिलेगा? यह सवाल अब हर किसी के जहन में है, लेकिन जवाब का इंतजार अभी बाकी है।

# गोरखपुर पुलिस को मिली बड़ी सफलता, शातिर चोर गिरफ्तार, लाखों के आभूषण व नकदी बरामद

स्वतंत्र प्रभात

**गोरखपुर-** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत शाहपुर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। चोरी के मामलों में वांछित शातिर अभियुक्त हरिशंकर जायसवाल को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने उसके कब्जे से लाखों के आभूषण, नगद ?9,500 और चोरी में प्रयुक्त ई-रिक्शा बरामद किया है।

**गिरफ्तारी व बरामदगी-** प्राप्त जानकारी के मुताबित पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन में एवं क्षेत्राधिकारी गोरखनाथ के पर्यवेक्षण में, प्रभारी निरीक्षक शाहपुर के नेतृत्व में उपनिरीक्षक रविन्द्रनाथ चौबे के साथ पुलिस टीम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। गिरफ्तार अभियुक्त हरिशंकर जायसवाल पुत्र राजेन्द्र जायसवाल (निवासी रामपुरा बाजार, थाना झंगहा, गोरखपुर) के खिलाफ शाहपुर, कैंट, खोराबार, झंगहा और चौरी चौरा थानों में कई संगीन मामले दर्ज हैं।

**घटनाओं का क्रम-** 01 फरवरी 2025- अभियुक्त ने एक घर का ताला तोड़कर आभूषण और नकदी चुराई।

20 फरवरी 2025- अभियुक्त ने एक अन्य घर में सेंध लगाकर करीब ?2-3 लाख की चोरी की।

24 मार्च 2025- अलमारी से करीब ?1.5 लाख और आभूषण चोरी किए गए।

तीनों घटनाओं के आधार पर अभियुक्त के खिलाफ धारा 305(ए), 331(4), 317(2), 317(4) भा.न्या.सं. में मुकदमे दर्ज किए गए।

**अपराधिक इतिहास-** गिरफ्तार अभियुक्त का लंबा आपराधिक इतिहास है। इससे पहले भी 380, 457, 411, 413 भादवि व 4/25 आर्म्स एक्ट के तहत कई मामलों में गिरफ्तार हो चुका है।

**बरामद सामान-** पीली धातु के आभूषण: 1 चैन, 1 लॉकेट, 9 अंगूठियां, 1 जोड़ी कान का झुमका

सफेद धातु के आभूषण: 16 जोड़ी पायल,



8 सिक्के, 1 प्लेट, 1 गिलास,नकदी?9,500 घटना में प्रयुक्त ई-रिक्शा

**गिरफ्तारी टीम-** इस अभियान में थाना शाहपुर के प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार राय के नेतृत्व में उपनिरीक्षक रविन्द्रनाथ चौबे, महिला उपनिरीक्षक माधवी सिंह, दुर्गेश नंदिनी, उपनिरीक्षक पवन कुमार, अंकित कुमार पटेल, हेड कांस्टेबल अनिल कुमार, कांस्टेबल धनंजय पांडेय और अभिषेक सिंह शामिल रहे।गोरखपुर पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों के बीच हड़कंप मच गया है। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर उसके अन्य साथियों और चोरी के अन्य मामलों में संलिप्तता की जांच कर रही है।

# शार्ट सर्किट से गारमेंट्स दुकान में लगी आग, लाखों के कपड़े जलकर राख

स्वतंत्र प्रभात

**खजनी गोरखपुर** खजनी स्थानीय बाजार में देर रात को बिजली शार्ट सर्किट से गारमेंट्स रेडीमेड कपड़े की दुकान में आग लग गई। आग से लाखों का सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर अग्निशमन दल एफ एस एस ओ सरोज सिंह अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंचे, जहां कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया और सुबह 9:30 आग बुझाने में सफल हो गये। मिली जानकारी के अनुसार मुख्य बाजार होकर गुजर वाले सिकरीगंज रोड स्थित सड़क के पश्चिम श्रीराम गारमेंट्स रेडीमेड कपड़े की दुकान है। वह रोजाना की तरह शनिवार को पूरा दिन दुकानदारी करने के बाद शाम को प्रोपराइटर दुकान में ताला बंद कर गोरखपुर शहर अपने घर गये,जहां परिवार रहता है। भोर में लगभग चार-पांच बजे के करीब बिजली की शार्ट सर्किट से दुकान के अंदर आग लग गई। जिसकी सूचना पड़ोसियों ने दी। पड़ोसियों के अनुसार घरों में धुआं देख हम लोग परेशान हो गए, पहले तो हम लोगों ने अपना घर पूरी तरह से देखा, जब कुछ समझ में नहीं आया तो बाहर निकले। गारमेंट्स की दुकान से धुआं निकलता देख पुलिस और फायर ब्रिगेड को जानकारी दी।

**सूचना पर खजनी पुलिस दमकल कर्मी तुरन्त पहुचे**

सूचना मिलते ही एफ एस एस ओ अपने दल बल के साथ रविवार तड़के पांच दमकल के साथ मौके पर पहुंचे, जहां दुकान का ताला कटर से काट कर आग बुझाना शुरू कर दिये, कड़ी मस्क्कत बाद आग पर काबू पाया गया और आग बुझाने में सफल हो गए। लेकिन तब तक दुकान में रखें लाखों रुपए की कपड़े जलकर बर्बाद हो गए।

**80 से 90 लाख के कपड़े जलकर राख**



दुकान मालिक रामनराय न दुकान के मालिक हैं के बेटे व परिजनों ने बताया कि रात्रि लगभग 4.30 बजे के करीब हमें सूचना मिली की आप की दुकान में आग लग गई। जब हम यहां पहुंचे तब आग पर काबू पाने के प्रयास किए जा रहे थे, लेकिन कोशिश बेकार गयी और देखते ही देखते आंखों के सामने दुकान में रखे लगभग 80 से 90 लाख के कपड़े जलकर राख हो गए। इस संबंध में खजनी पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद आगे की कार्रवाई मे जुटेगी।

# ख़जनी- रेडिएन्ट इंटरनेशनल एकेडमी का हुआ भव्य उद्घाटन

स्वतंत्र प्रभात

**गोरखपुर,** 30 मार्च 2025 (रविवार) को शिक्षा के क्षेत्र में एक नए आयाम की स्थापना करते हुए रेडिएन्ट इंटरनेशनल एकेडमी का आज विधिवत उद्घाटन किया गया। इस शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि मा0 विधायक सहजनवां श्री प्रदीप शुक्ला ने अपने कर कमलों से विद्यालय का उद्घाटन किया। भव्य समारोह बरपार, बरगाह, खजनी ङ्क गोरखपुर स्थित विद्यालय परिसर में आयोजित किया गया, जिसमें गणमान्य अतिथियों, शिक्षाविदों, अभिभावकों एवं स्थानीय नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। विद्यालय प्रबंधक शैलेन्द्र नाथ प्रजापति (एडवोकेट) ने बताया कि रेडिएन्ट इंटरनेशनल एकेडमी का उद्देश्य क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। उन्होंने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए विद्यालय की शिक्षा नीति और आधुनिक सुविधाओं की जानकारी दी। मुख्य अतिथि श्री प्रदीप शुक्ला ने अपने संबोधन में कहा कि यह विद्यालय बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। उन्होंने विद्यालय प्रशासन को हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन भी दिया।

इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुति भी हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। समारोह में बड़ी



संख्या में अभिभावकों एवं क्षेत्रीय लोगों की सहभागिता रही, जिन्होंने विद्यालय के प्रति अपनी उत्सुकता और समर्थन व्यक्त किया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से रामपाल सिंह , हरिधर दुबे (बेचई) शातिष उपाध्याय हनुमान शुक्ला , गडेश यादव सहित सैकड़ों लोग आस पास से मौजूद रहे।

# भक्तों की हर मुराद पूरी करती हैं कोटही माता, घने जंगलों की बीच है देवी का ये मंदिर

● कोटही देवी के मंदिर की मान्यता दूर-दूर तक फैली है. नवरात्र पर मां के दर्शनों के लिए यहां भीड़ उमड़ती है

स्वतंत्र प्रभात

**खजनी गोरखपुर** जनपद के दक्षिण दिशा में 20 किमी की दूरी पर खजनी कस्बे के रुद्रपुर गांव में मां कोटही देवी का प्राचीन मंदिर है. चैत नवरात्रि पर यहां भक्तों की भारी भीड़ जुटती है. माता के दरबार में मांगी गई हर मुराद भी पूरी होती है. कोटही माता मंदिर में चैत नवरात्र पर पूजा-पाठ होता है. मंदिर पर भक्त कोविड-19 का पालन करते हुए मां के चरणों में शीश झुका रहे हैं. चैत्र नवरात्र में कोटही मन्दिर मां के दर्शन और पूजन के लिए आस-पास के ही नहीं बल्कि दूर-दराज से भी श्रद्धालुओं का आगमन हो रहा है. विशेषकर चैत्र नवरात्र में भीड़ अधिक होती है.

**घने जंगलों के बीच है दवी का मंदिर**

ऐसी मान्यता है कि, मां की आराधना कर जो भी मन्नतें मांगता है, उसकी मुरादें मां अवश्य पूर्ण करती हैं. कालांतर में यहां विशाल जंगल हुआ करता था. रात तो दूर दिन में भी भय के चलते लोगों का कभी इधर से आना-जाना नहीं होता था. इस घने जंगल में जानवरों और पक्षियों के बीच केवल बंजारे ही रहते थे. मान्यता है कि, उन्होंने ही आराधना कर मां कोटही को खुश किया और स्थापित मूर्ति के जगह ही मां ने प्रकट होकर उन्हें दर्शन दिया. बंजारे ही यहां मां कोटही की पिंडी स्थापित किए. उनके जाने के बाद जब धीरे-धीरे जंगल



का कटान शुरू हुआ तब यह मंदिर आम लोगों की आस्था का केंद्र बन गया। यहां पूजा-अर्चना करने आने वाले श्रद्धालु बताते हैं कि, उनकी इस मंदिर में बड़ी आस्था है. वे लोग हर नवरात्रि पर मां कोटही देवी के दरबार के मत्था टेकने के लिए आते हैं. ये मंदिर सदियों पुराना है. बरसों से यहां पूजा-अर्चना के लिए आने वाले श्रद्धालु बताते हैं कि, मां के दरबार में भक्तों की हर मुराद पूरी होती है।

# वार्षिक परीक्षा फल एवं पुरस्कार वितरण का हुआ आयोजन

● आर.एन.पब्लिक स्कूल, हरपुर पाठक में पुरस्कृत छात्र- छात्राएं

स्वतंत्र प्रभात

**महराजगंज।** बरगदवा क्षेत्र के हरपुर पाठक गांव स्थित आर.एन.पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा फल एवं पुरस्कार वितरण का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि सेवा निवृत शिक्षक रमाशंकर पाल व विशिष्ट अतिथि श्याम नरायन पाठक रहे। नर्सरी से आठवीं कक्षा तक के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त मेधावी छात्र- छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। पुरस्कृत होने वाले बच्चों में महिमा साहनी, श्वेता यादव, आदित्य चौधरी, सुधा, नंदनी, शिवांगी यादव, हनी यादव, पवन यादव, आराध्या पाठक, प्रीती गौतम, यूमिका साहनी, आयुष यादव, रहिमा खातून, हरिसागर यादव, सागरिका त्रिपाठी, आर्यन गुप्ता,अबू कासिम, दानिश रजा शामिल रहे। प्रधानाचार्य आशीष कुमार त्रिपाठी ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन परीक्षा प्रमुख संदीप यादव ने किया। प्रबंधक देवेंद्र त्रिपाठी ने सभी का आभार व्यक्त किया। अंशिता त्रिपाठी, रामनरेश चौहान, प्रदीप



पासवान, सुधाकर चौधरी, शिवकुमार, अमरनाथ शुक्ल, दिपेश पांडेय, प्रियंका पाठक, सीमा आजाद, मुश्कान पाठक, पुष्पा, नंदनी, चांदनी सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं व अभिभावक मौजूद रहे।

# 137 परिवारों को आशियाना बनाने के लिए आवासीय पट्टे की भूमि का मिला तोहफा

● विधायक ने सामुदायिक शौचालय का किया शिलान्यास, कॉलोनी में सड़क नाली एवं स्ट्रीट लाइट की सुविधा रहेगी उपलब्ध

स्वतंत्र प्रभात

**देवरिया 30 मार्च।** जनपद के पथरदेवा विकास खंड अंतर्गत ग्राम पंचायत उदयपुरा में मुसहर समुदाय के 137 परिवारों को उनके सपनों का आशियाना बनाने के लिए आवासीय पट्टे की भूमि का तोहफा मिला। इससे उनकी जिंदगी में बड़ा बदलाव आएगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि ग्राम समाज की भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराकर मुसहर समुदाय के पात्र व्यक्तियों को आवासीय पट्टा प्रदान किया गया है, जिससे उनके जीवन में नई खुशियां आएंगी। ग्राम पंचायत उदयपुरा में मुसहर समुदाय के लोग पहले स्वयं की भूमि नहीं होने के कारण प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं ले पा रहे थे। अब आवासीय भूमि का पट्टा मिलने के बाद वे अपने घर के सपने को साकार कर सकेंगे। विधायक सुरेंद्र चौरसिया ने आवासीय पट्टा प्राप्त करने वाले लाभार्थियों के लिए विकसित की जा रही नई कॉलोनी का निरीक्षण किया और सामुदायिक शौचालय का शिलान्यास किया। इस कॉलोनी में सड़क, नाली और स्ट्रीट लाइट जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के तहत मुसहर समुदाय के पात्र व्यक्तियों को आवासीय पट्टा प्रदान किया गया है। अब वे प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेकर अपने घर का सपना साकार कर सकेंगे। सरकार समाज के हर वर्ग को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि सभी को बेहतर जीवन जीने का अवसर मिल सके।

इस अवसर पर एसडीएम सदर/ज्वाइंट मजिस्ट्रेट श्रुति शर्मा, तहसीलदार केके मिश्रा सहित विभिन्न अधिकारी उपस्थित रहे।

उदयपुरा में चौपाल का हुआ आयोजन

ग्राम पंचायत उदयपुरा स्थित प्राथमिक विद्यालय में विधायक सुरेंद्र चौरसिया की अध्यक्षता एवं जिलाधिकारी की उपस्थिति में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया।



विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की प्राथमिकता है कि समाज के सभी वर्गों का उन्नयन हो। समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे। चौपाल के दौरान राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं पारिवारिक लाभ, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, व्यक्तिगत शौचालय, राशन कार्ड आदि प्रमुख योजनाओं को लाभ प्राप्त करने वाले लाभार्थियों को सम्मान पत्र भी प्रदान किया गया। इस दौरान विद्यालय परिसर में देवी मां का की पूजन अर्चना कर जनपद वासियों के लिए मंगल कामना भी की गई।

# मुख्यमंत्री प्रोत्शाहन मिलने पर समर्थकों ने जताई खुशी

● ग्राम प्रधान गणेश मद्धेशिया को समर्थकों ने फूल माला पहनाकर व मुंह मीठा कराकर जताई खुशी

स्वतंत्र प्रभात

**महराजगंज।** नौतनवां ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत भगवानपुर को मुख्यमंत्री प्रोत्साहन पुरस्कार मिलने पर रविवार को समर्थकों व ग्रामीणों ने माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर ग्राम प्रधान गणेश मद्धेशिया को बधाई दिया है। ग्राम प्रधान गणेश मद्धेशिया ने कहा कि भगवानपुर की जनता को बहुत बहुत आभार व्यक्त करता हूं जो सभी के आशीर्वाद व प्यार से मुख्यमंत्री पुरस्कार मिला है। भगवानपुर ग्राम पंचायत में विकास कार्य को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी महाराज द्वारा भगवानपुर गांव के और भी बेहतर विकास कार्य करने के लिए प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया है। ग्राम पंचायत को मुख्यमंत्री प्रोत्साहन पुरस्कार मिलने से ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है।

इस दौरान भाजपा युवा नेता गिरजा शंकर पांडेय,आचार्य माधव तिवारी ,चंचल मिश्रा,



अजय कुमार मोदनवाल, मोहम्मद रजा, रोहित मौर्या, दुर्योधन मौर्य, राजेश चंद, ऋषिकेश गौतम, पहल दर्जी, शैलेश वर्मा, शिवकुमार, मोदनवाल ,विश्वनाथ गुप्ता, पिन्टू,बहिदार पासवान, रत्तन मौर्या, चंद्रिका पासवान सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# पीएम मोदी के मन की बात सुन, श्रोता हुए प्रभावित

स्वतंत्र प्रभात



**कुशीनगर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम के 112वें संस्करण का सीधा प्रसारण रविवार को नगरपालिका परिषद पडरौना के अध्यक्ष विनय जायसवाल के निर्देशन में उनके प्रतिनिधि मनीष बुलबुल जायसवाल के नेतृत्व में बूथ संख्या 250 पर चलाया गया। इस दौरान पीएम मोदी ने जल संचय, जल संरक्षण ,नवरात्रि, गर्मी छुट्टी में नई चीजों को सीखना, हिन्दू नववर्ष, पैरा गेम्स सहित अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम के बाद अपने सम्बोधन में प्रतिनिधि श्री जायसवाल ने बताया कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत ने विगत 10 वर्षों में अभूतपूर्व कार्य किया है जिसमें कृषि से लेकर अंतरिक्ष, शिक्षा से लेकर खेलकूद, सनातन संस्कृति के विकास से लेकर आधुनिक विज्ञान में बढ़ते भारतीय प्रभाव, आधारभूत ढांचे से लेकर रक्षा मजबूती सहित नवोन्मेष, आर्थिक विकास जैसे अनगिनत कार्य शामिल हैं। उन्होंने बताया कि एक पीएम मोदी ने जनधन खाते, शौचालय, आवास, उज्ज्वला योजना, राशन, जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराकर गरीब वर्ग को मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया है वहीं दूसरी ओर मुद्रा योजना, पीएम स्वनिधि, विश्वकर्मा योजना जैसे योजनाओं से स्वरोजगार को भी बढ़ावा दिया है। भारत को आने वाले सालों में विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ते कदम को पीएम मोदी की रणनीति का परिणाम बताते हुए उन्होंने वर्तमान युग को भारत का स्वर्णिम युग करार दिया।

इस दौरान उनके साथ साथ में सभासद रामाश्रय गौतम विष्णु जायसवाल, राहुल सिंह, अंकित अग्रवाल, सर्वेश जयसवाल, अभय मारोदीया, मानस मिश्रा, रंजीत मद्धेशिया, आकाश वर्मा, गौरव रौनियार, अनूप गौड़, मनोज जायसवाल, अमित तिवारी, धर्मेंद्र मद्धेशिया, मनीष सिंह, धर्मेंद्र जायसवाल, पिंटू साह, बबलू शर्मा, धीरज शर्मा, रवि शर्मा, आनंद जायसवाल, पिंटू शर्मा, काशी राजभर, गोरख गुप्ता, विजय शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

# अच्छे अंक पाने वाले छात्र हुए पुरस्कृत

स्वतंत्र प्रभात

**भाटपार रानी, देवरिया।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के डीपीएस इंटरनेशनल एकेडमी के छात्रों के बीच वार्षिक परीक्षाफल की घोषणा कर दी गई।इस दौरान अच्छे अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को विद्यालय द्वारा पुरस्कृत किया गया। नर्सरी कक्षा में आर्या द्विवेदी, यूकेजी में नव्या पाल,कक्षा 1 में दिव्या सिंह कक्षा 2 में यूसुफ खान,कक्षा 3 में आदर्श सिंह,कक्षा 4 में विरांश सिंह, कक्षा 5 में आलिया खान, कक्षा 6 में सलोनी कक्षा 7 में मारिया खान,कक्षा 8 में दीपू यादव,कक्षा 9 में अपिति कुशवाहा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इन सभी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किया गया। इसके अलावा इंटरनेशनल ओलंपियाड में गोल्ड मेडल जीतने वाले कक्षा 10 के मानवी सिंह,काव्या सिंह,कक्षा 4 के विरांश सिंह, कक्षा 3 के कामना सिंह, आदर्श सिंह ,सिल्वर मेडल जीतने वाले कक्षा 9 के अंकित यादव, सलोनी, अनस, सत्यम को भी पुरस्कृत किया गया।विद्यालय के संस्थापक व समाजसेवी राजीव शाही ने कहा कि अपने जीवन में मेहनत करने वाला व्यक्ति कभी असफल नहीं होता।अतः छात्रों को परिश्रम से नहीं घबराना चाहिए। विद्यालय के डायरेक्टर श्रीमती प्रेमलता शाही ने कहा कि यह विद्यालय बेहतर शिक्षा देने का मिशन जारी रखेगा। प्रधानाचार्य प्रणव तिवारी ने कहा कि छात्रों की सफलता ही हमारी पूंजी है।कार्यक्रम में विद्यालय के कोऑर्डिनेटर आदित्य प्रभाकर सहित अरविंद सिंह, दिवाकर सिंह, सौरभ शर्मा, बैरिस्टर बैठा, हिमांशु सिंह,संकल्प मईठी, विवेक सिंह, प्रमोद कुशवाहा, आँचल, अफसाना, इशरत, अमीरा, निराली, ट्विंकल, आदि तमाम शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# संक्षिप्त ख़बरें

## शिक्षक बोले 'अप्रैल फूल' नहीं बनेंगे, विरोध का राष्ट्रव्यापी ऐलान

**मथुरा।** नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम (एनएमओपीएस) तथा ऑल टीचर्स एंप्लॉयज वेलफेयर एसोसिएशन (अटेवा) के राष्ट्रीय आह्वान पर एक अप्रैल को काला दिवस मनाया जाएगा। साथ ही शिक्षक कर्मचारी काला दिवस पर हाथों में काली पट्टी बांधकर कल अपराह्न तीन बजे जनपद के शिक्षक कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी को ज्ञापन देंगे। अटेवा की जिलाध्यक्ष प्रदीपिका फौजदार ने कहा कि एक अप्रैल 2004 को पुरानी पेंशन को समाप्त कर उसके स्थान पर शेयर मार्केट आधारित नई पेंशन स्कीम नेशनल पेंशन सिस्टम लागू की गई थी। यह अप्रैल फूल बनाने जैसा है, यह हम नहीं होने देंगे। इसके विरोध में शिक्षक कर्मचारी अधिकारी कई वर्षों से पुरानी पेंशन बहाली के लिए आंदोलनरत हैं। अटेवा की जिलाध्यक्ष प्रदीपिका फौजदार ने कहा कि एनएमओपीएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा अटेवा के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार बंधु ने समस्त शिक्षक कर्मचारी तथा कर्मचारियों अधिकारियों से आवाहन किया है की एक अप्रैल को पुरानी पेंशन बहाली के लिए तथा एनपीएस और यूपीएस का विरोध दर्ज कराते हुए काला दिवस मनाए। प्रदेश आईटी सेल प्रभारी प्रमोद पट, जिला संरक्षक शैलेन्द्र यादव तथा उपाध्यक्ष कप्तान सिंह ने कहा पूरे देश में पुरानी पेंशन बहाली तक संघर्ष के लिए सभी शिक्षक कर्मचारी प्रतिबद्ध है। मीडिया प्रभारी मनीष दयाल ने जानकारी देते हुए बताया कि एक अप्रैल को सांय तीन बजे प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया जाएगा। इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में सभी विभागों के शिक्षक कर्मचारी सहभागिता करते हुए अपना विरोध प्रकट करेंगे। जिला आईटी सेल प्रभारी करनपाल सिंह तथा जिला कोषाध्यक्ष राजेश सरोज ने कहा कि एक अप्रैल 2025 से सरकार एकीकृत पेंशन योजना यूपीएस लागू करने जा रही है जो कहीं से भी कर्मचारी हित में नहीं है।

## आपसी रंजिश में युवक को मारी गोली, गंभीर रूप से घायल

**मथुरा।** छाता के गांव अकबरपुर में आपसी रंजिश के चलते 20 वर्षीय युवक रवि पुत्र भूदेव को चंदन पुत्र धनीराम निवासी अकबरपुर ने गोली मार दी। गोली युवक के कमर के नीचे जाकर लगी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार दोनों के मध्य आपसी रंजिश थी। गोली मारने वाले चंदन पुत्र धनीराम की बहन ने रवि पुत्र भूदेव के भाई के साथ भाग कर शादी कर ली थी जिसके खिलाफ था चंदन। जिसके कारण चंदन और रवि में आपसी रंजिश बन गयी। जिसके कारण यह गोली मारी गई। गंभीर रूप से घायल हुए युवक को मथुरा की सिटी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

## सहारनपुर के युवक ने फांसी लगाकर दी जान

मथुरा। वृंदावन छटीकरा मार्ग स्थित ओमेक्स स्थित बंद फ्लैट में एक युवक का शव फंदे से लटका मिला। युवक की महिला मित्र की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम गृह भेजा हैं।शव से प्रतीत हो रहा है कि युवक ने दो-तीन दिन पहले यह आत्मघाती कदम उठाया होगा। पुलिस की सूचना पर परिजन सहारनपुर से वृंदावन आ रहे हैं।ओमैक्स स्थित कृष्णा ब्लॉक 7 सी के अंदर से बंद फ्लैट 003 में शनिवार शाम को युवक फंदे से लटका मिला। फ्लैट के अंदर शव की जानकारी तब हुई जब युवक की महिला मित्र कुरूक्षेत्र स्थित अपने घर से कई दिनों के बाद आई। फ्लैट के बाहर से गेट पर दस्तक देने परअंदर से किसी तरह की प्रतिक्रिया नहीं आई तो उन्होंने फ्लैट की खिड़की से झांक कर अंदर देखा। युवक का शव लटका फंदे पर लटका मिला महिला मित्र की सूचना पर पहुची पुलिस ने फ्लैट के गेट को खुलवाया और शव को फंदे से नीचे उतारने के बाद पोस्टमार्टम गृह भेजा। पुलिस ने मृतक युवक की पहचान सहारनपुर के सरसावा थाना क्षेत्र के गांव मांझरी निवासी 29 वर्षीय राहुल शर्मा पुत्र संजय शर्मा के रूप में की है।पुलिस ने घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दी है संभावना जताई जा रही है कि सहारनपुर निवासी राहुल द्वारा इस आत्मघाती कदम उठाने के पीछे शेयर में घाटा होना भी कारण हो सकता है। क्यों कि यह किराए के फलैट में युवक शेयर ट्रेडिंग का कार्य करता था। वृंदावन कोतवाली प्रभारी रवि त्यागी ने बताया कि युवक राहुल यहां किराए पर एक दिसंबर 2014 से कुरूक्षेत्र निवासी महिला मित्र के साथ रहता था। वह शेयर ट्रेडिंग का कार्य करता था।मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। जांच की जा रही है। शव दो तीन दिन पुराना प्रतीत हो रहा है।

# लखनऊ नगर निगम की राजस्व वसूली में बड़ा उछाल, 1200 करोड़ तक पहुंचने की संभावना

स्वतंत्र प्रभात



**लखनऊ।** नगर निगम की कड़ी मेहनत और सख्त वसूली अभियान के चलते इस वित्तीय वर्ष में हाउस टैक्स और अन्य राजस्व संग्रह में जबरदस्त बढ़ोतरी देखी जा रही है। नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह के निर्देश पर 1000 करोड़ रुपये के हाउस टैक्स लक्ष्य को लेकर नगर निगम के कर्मचारी पूरी तत्परता से कार्य कर रहे हैं। नगर निगम के मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अशोक सिंह ने जानकारी दी कि पिछले वित्तीय वर्ष में 425 करोड़ रुपये का हाउस टैक्स प्राप्त हुआ था, जबकि इस वर्ष 30 मार्च तक यह आंकड़ा बढ़कर 495 करोड़ रुपये हो चुका है। इसके अलावा, अन्य मदों से नगर निगम ने अब तक लगभग 798 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया है। यदि पिछले वित्तीय वर्ष के कुल राजस्व की बात करें तो कर, जल कर और अन्य स्रोतों से मिलाकर 909 करोड़ रुपये की प्राप्ति हुई थी। वहीं, वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक यह आंकड़ा 1124 करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अशोक सिंह के मुताबिक आगामी दो दिनों की वसूली के बाद यह आंकड़ा 1200 करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है। नगर निगम की इस उपलब्धि से विभाग को अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होगा, जिससे शहर के विकास कार्यों में तेजी लाई जा सकेगी।

# मथुरा में प्रसिद्ध न्यू घड़ी डिटर्जेंट पाउडर की फैक्ट्री सील

स्वतंत्र प्रभात



**मथुरा।** महावन क्षेत्र के गांव देवकरन में संचालित हो रही न्यू घड़ी डिटर्जेंट पाउडर की फैक्ट्री सील को सील कर दिया गया है। दिल्ली के वाणिज्य न्यायालय द्वारा मामले की जांच के लिए एक टीम का गठन किया था। टीम रविवार को मथुरा पहुंची और महावन थाने में पुलिस से संपर्क किया। स्थानीय पुलिस को साथ लेकर टीम नगला देवकरन पहुंची। यहां टीम को फैक्ट्री में काम होते हुए मिला। भारी मात्रा में रैपर और डिटर्जेंट मिला। टीम ने यहां मिले निर्माण और पैकिंग सामग्री के अलावा तैयार माल के नमूने संग्रहित किये। महावन थाने के उपनिरीक्षक योगेश कुमार ने बताया कि टीम ने अपना काम किया। थाने की पुलिस टीम की सुरक्षा के लिए मौके पर मौजूद रही। फैक्ट्री को सील कर दिया गया है। फैक्ट्री के मालिक अनूप सारस्वत को बताया गया । टीम ने 16 अप्रैल को फैक्ट्री संचालक को न्यायालय में अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया गया है। टीम में पारस और अन्य अधिवक्ता शामिल थे। नामी गिरामी ब्रांड घडी डिटर्जेंट के नाम से मिलता नाम न्यू घडी डिटर्जेंट बता ब्रांड की विश्वसनीयता का लाभ उठाने और ब्रांड की छवि को बिगाड़ने जैसे कई सवालों का फैक्ट्री संचालक को जवाब देना होगा।

# पुलिस की आंखों में मिर्च नही डाल सके 'मिर्ची लुटेरे' दबोचे

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** थाना कोसीकलां पुलिस ने लूट की योजना बनाते चार आरोपितों को पकडा है। इनके पास से दो मोटर साइकिल, दो तमंचा, पांच जिन्दा कारतूस, दो मिर्च के पैकेट बरामद हुंए हैं। प्रभारी निरीक्षक थाना कोसीकलां अजीत सिंह ने बताया कि दिलीप पुत्र भजनलाल निवासी मिर्जापुर थाना हाइवे मथुरा, विजय पुत्र सुरेशचन्द निवासी नौ बीसा सौंख थाना मगोर्रा, पंकज उर्फ पंखू पुत्र बाबूलाल निवासी मोहनपुर अड़ूकी थाना हाईवे मथुरा, विपिन नौहवार पुत्र जगदीश सिंह निवासी पारसोली थाना नौहझील मथुराको शामकेन फैक्टरी के पीछे की तरफ हताना गांव को जाने वाले रास्ते पर पडने वाले मोड से पहले दाहिनी तरफ बने एक टूटे फूटे कमरे व टीन शेड में से गिरफ्तार किया गया। पुलिस को पूंछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वह पशु पैंठ से आने वाले लोगों के साथ आंखो में मिर्ची पाउडर डालकर लूट की योजना बना रहे थे। कार्यवाही करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक थाना कोसीकलां अजीत सिंह, एसआई अरविन्द पूनिया चौकी प्रभारी कोटवन, एसआई अंकित मलिक चौकी प्रभारी बठैन गेट, एसआई उत्तम चौहान चौकी प्रभारी जिंदल चौराहा, एअसाई मनमोहन शर्मा थाना कोसीकलां आदि थे।

# गेहूं के खेतों में आग की घटनाओं से किसानों में आक्रोश

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** अब गेहूं की फसल पक कर तैयार है। कटाई का कार्य खेतों में प्रारंभ हो चुका है। बरसाना और बलदेव थाना क्षेत्र के गांवों में 150 बीघा गेहूं की फसल विद्युत तारों में निकली चिंगारी से जलकर राख हो गई।किसानों की पूंजी उनकी खेतों में लहलहाती फसल होती है। इस समय खेतों में गेहूं फसल पककर तैयार खड़ी है। खून पसीने से सींच कर तैयार हुई गेहूं की फसल को किसान सजोने की तैयारी में जुटा है। ऐसे में गेहूं के खेतों में बढ़ती आग की घटनाएं चिंतित करने वाली हैं। इससे किसानों में आक्रोश है। भाकियू चढूनी मंडल अध्यक्ष रामवीर सिंह तोमर ने कहा किसान की आर्थिकी स्थिति पहले से ही खराब है, कभी प्राकृतिक आपदा किसान की कमर तोड़ देती है, तो कभी सिस्टम की लापरवाही। हर साल होती घटनाओं से भी कोई सबक नहीं लिया जाता। जरा सी तेज हवाएं चलने से जर्जर लाइनों के ढीले तारों के आपस में टकराने से लगी चिंगारी से किसानों के खून पसीने की गाढ़ी कमाई पल भर में राख में तब्दील हो जाती है। हथकोली के किसान रमेश चंद्र सिकरवार, नगला लोका के हीरो काका, आंगई के मेहताब सिंह नेताजी, बरौली के हरिपाल सिंह परिहार , श्याम सिंह , जादोपुर के पंचम सिंह, दघेंटा के किसान कुंतभोज, ओमवीर सिंह, सैदपुर के गुड्डु सरपंच आदि ने कहा है कि खेतों में गेहूं की फसल सूखकर खड़ी है। इसमें तनिक सी भी चिंगारी बारूद का काम करती है। बिजली विभाग मेंटेनेंस के नाम पर खाना पूर्ति करता है। अधिकारी किसान समस्याओं को लेकर संवेदनशील नहीं हैं। गर्मियों से पहले जर्जर लाइनों को बदलने, खराब, टूटे इंसुलेटरों को बदलने एवं ढीले तारों एवं तारों के ऊपर पेड़ों की टहनियों को काटने के लिए बार बार कहने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों पर कोई फर्क नहीं पड़ रहा । सरकार को चाहिए कि जिस क्षेत्र में इस तरह की घटनाएं हों उन लापरवाह अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई कर उनकी तनख्वाह काट कर किसानों को मुआवजा दिया जाए। सभी ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि पीड़ित किसान को तत्काल पचास हजार रुपए दिए जाएं।

# मां दुर्गा प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गई कलश यात्रा

स्वतंत्र प्रभात



**सिद्धार्थनगर।** विकास क्षेत्र भनवापुर के सोहना गांव में दुर्गा माता मन्दिर में पांच दिवसीय मां दुर्गा प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा के लिए रविवार को कलश यात्रा का आयोजन किया गया।यज्ञाचार्य पंडित राकेश तिवारी के अगुवाई में सोहना स्थिति मां दुर्गा के मंदिर से कलश में जल लेने के लिए कलश यात्रा गाजे बाजे के साथ नकथर देवरिया, बुढ़ऊ,सुकालाजोत, भनवापुर, बदलियां होते हुए राप्ती नदी डुमरियागंज घाट पहुंची । जहां पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जल भरा गया। तत्पश्चात वहां से वापस आकर मंदिर पर विधि-विधान से पूजन कर कलश स्थापित किया गया। आयोजक चिंकू गुप्ता ने बताया कि रविवार से पांच दिन शाम 7 बजे से 10 बजे तक कथा का आयोजन किया गया है।सोमवार को मंडप पूजन,मंगलवार को भव्य शोभा यात्रा,बुधवार को प्राण प्रतिष्ठा तथा गुरुवार को हवन का कार्यक्रम होगा। इस अवसर पर राकेश यादव,गुड्डु यादव, ओमप्रकाश, रामचंद्र भारती, अजय गुप्ता ,उदय राज भारती आदि लोग मौजूद रहे।

# बच्चों की प्रतिभा को निखारने का कार्य करता है शिक्षक : अमजद अली

स्वतंत्र प्रभात




**सिद्धार्थनगर।** विकास क्षेत्र नौगढ़ के प्राथमिक विद्यालय मोहानागंज में शनिवार को वार्षिक उत्सव एवं शारदा संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान अमजद अली ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। विद्यालय के छात्र - छात्राओं ने पढ़ा लिखा बबुआ कलमिये में जान बा, बेटी हिंदुस्तान की, एक बार सलामी दे ,बड़ा नीक लागे आदि विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति कर वाहवाही बटोरी। ग्राम प्रधान अमजद अली ने कहा कि बच्चों को पढ़ाई लिखाई के जरिए शिक्षक एक अच्छा इंसान बनाने का प्रयास करता है। बच्चों के अंदर असीम छिपी प्रतिभाएं होती हैं। उन्हें निखारने की जिम्मेदारी शिक्षक के ऊपर होती है। शिक्षकों को चाहिए कि वह नियमित विद्यालयों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दें। बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का वजीहुद्दीन ने किया। इस अवसर पर प्रधानाध्यपिका शगुन अवस्थी, शिक्षा मित्र अखिलेश तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

# नवसंवत्सर की मंगलकामनाओं के साथ नववर्ष मेला का हुआ समापन

स्वतंत्र प्रभात




**मथुरा।** नववर्ष मेला समिति के तत्वाधान में सेठ बी0एन0 पोद्दार इंटर कॉलेज में आयोजित 24 वें विशाल नववर्ष मेला के नववर्ष समारोह में मुख्य अतिथि श्री राधावल्लभ संप्रदाय प्रधान पीठाधिपति तिलकायत अधिकारी गोस्वामी श्रीहित मोहित मराल जी महाराज ने नवसंवत्सर की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि श्री कृष्ण ने धर्म की रक्षा के लिए ब्रजभूमि में जन्म लिया था। हमें भी आज से यह प्रण लेना होगा कि हम भी हिंदू तिथि के अनुसार अपना जन्म दिवस व सालगिरह बनायेंगे। विशिष्ट अतिथि बेबीरानी मौर्य मंत्री महिला कल्याण एवं बाल विकास उत्तर प्रदेष ने कहा कि यह नवसंवत्सर हिंदुओं का नववर्ष है। यह सदियों से बनता आ रहा है। बीते कुछ समय में पश्चिमी संस्कृति के प्रभाव के कारण हम चौत्र शुक्ल प्रतिपदा को भूलकर एक जनवरी को नववर्ष बनाने लगे थे। भारत विश्व गुरु तभी बनेगा जब हम देश की संस्कृति के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे। मंगलायतन यूनिवर्सिटी के कुलपति पीके कसोरा, जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी एवं कार्यक्रम स्वागताध्यक्ष कल्यानदास अग्रवाल बृजवासी समाज सेवी एवं उद्योगपति ने नवसंवत्सर की मंगल कामना देते हुए विचार व्यक्त किए। इससे पूर्व मां भगवती के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर नववर्ष समारोह शुरू हुआ। अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री प्रदीप श्रीवास्तव ने एवं धन्यवाद ज्ञापन अध्यक्ष कमलेश अरोड़ा ने किया।

# गांव गांव जाकर किसानों को एकजुट करेंगेः सुनील

स्वतंत्र प्रभात



**मथुरा।** भारतीय किसान यूनियन सुनील के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील चौधरी रविवार को मथुरा पहुंचे। मथुरा महानगर के लक्ष्मी नगर चौराहे पर कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील चौधरी का काफिला मथुरा महानगर के कृष्णापुरी चौराहा आर्य समाज रोड होली गेट चोराहा होते हुए कोतवाली रोड चौबिया पाड़ा गली महोली की पौर मे भारतीय किसान यूनियन सुनील के राष्ट्रीय प्रवक्त पवन चतुर्वेदी के आवास पर पहुंचा और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली 27 मार्च को आगरा के अकोला हुई पंचायत में जाते समय पवन चतुर्वेदी का ग्वालियर रोड पर एक्सीडेंट हो गया था। सुनील चौधरी ने कहाकि मथुरा जनपद में किसान परेशान है लेकिन जिला प्रशासन किसानों की तरफ ध्यान नहीं दे रहा। मथुरा जनपद में प्राकृतिक आपदा बरसात ने फसलों को नुकसान पहुंचा है। नकसान का सर्वे नहीं हुआ है तो रहात कैसे मिलेगी। विद्युत विभाग किसानों का निरंतर उत्पीड़न कर रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों का एकजुट होना जरूरी है। हमारी पदाधिकारी और कार्यकर्ता गांव गांव जाकर किसानों की समस्याओं को सुने उसका निस्तारण कराएं। जनपद में सदस्यता अभियान चलाकर अधिक से अधिक युवाओं किसानों को संगठन से जोड़ने का काम किया जाएगा। राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष गजेंद्र सिंह गावर, राष्ट्रीय महासचिव लक्ष्मण चौधरी, जिला अध्यक्ष थान सिंह पहलवान, बालकृष्ण दीक्षित, महानगर अध्यक्ष भरत अग्रवाल, नगर अध्यक्ष करन पाठक, किसान नेता भगवान दास तोमर, तनवीर कुरेशी, फैजान, कृष्ण फौजदार, मोहन श्याम पाठक, शिव बघेल, चौधरी चरण सिंह प्रमुख रूप से मौजूद थे।

# राया में धूमधाम से निकली माता मनकामेश्वरी की शोभायात्रा


स्वतंत्र प्रभात



**मथुरा।** राया के गणेशबाग स्थित माता मनकामेश्वरी देवी की शोभायात्रा पूजा के साथ धूमधाम से निकाली गयी। जगह जगह भक्तजनों ने भोग प्रसाद लगाकर शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरमैन राजकुमार अग्रवाल ने आरती उतारकर किया। शोभायात्रा गणेशबाग से प्रारंभ होकर हाथरस मार्ग कटरा बाजार रेतिया बाजार मांट मार्ग मथुरा मार्ग होते हुए मंदिर परिसर पहुची जहां शोभायात्रा का समापन हुआ।शोभायात्रा में अलीगढ़ से पधारे काली के अखाड़ा कलाकारों ने अपनी कला के प्रदर्शन से यात्रा में चार चाँद लगा दिए शोभायात्रा के साथ ही चौत्र नवरात्रि मेला का शुभारंभ हो गया। इस दौरान समिति अध्यक्ष विशाल पाराशर मनोज नागर समाजसेवी भूपेश अग्रवाल अरविंद शर्मा अभिषेक पाराशर ललित मोहन गुप्ता , योगेश शर्मा मनोज वार्ष्णेय कालीचरन अग्रवाल सरवन अहमद पुनीत चौबे मोहित शर्मा राजन भट्ट प्रमोद कुमार सोनू सिरोही रुद्र प्रकाश सारस्वत सचिन अग्रवाल देवेंद्र चौधरी सोनू गोस्वामी प्रहलाद सिंह आदि समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# प्राकृतिक नव यौवन के साथ आता है नवसंवत्सर डॉ कमल कौशिक

स्वतंत्र प्रभात



**मथुरा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यमुनापार मथुरा महानगर के वर्ष प्रतिपदा कार्यक्रम में बोलते हुये मुख्य वक्ता मथुरा विभाग के प्रचार प्रमुख डॉ कमल कौशिक ने कहा कि नव संवत्सर यानी भारतीय नव वर्ष प्रकृति के नव यौवन के साथ समस्त प्राणियों को नवजीवन प्रदान करता है।चौत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रमी सम्वत 2082 आज सूर्य की पहली किरण के साथ प्रारम्भ हुआ। पेडों पर नए पत्ते और पशु पक्षियों में हर्सोल्लास का मौसमी अनुकूल वतावरण के साथ प्रतिवर्ष नवसंवत सर बसंत ऋतु में आता है। उन्होंने आगे कहा कि विश्व के सबसे बड़े स्वयंसेवी संगठन आर एस एस के संस्थापक डॉ हेडगेवार जी का जन्म भी आज ही के दिन हुआ था।इसलिये पूरे अनुशासन और समय बद्धता के साथ संघ के स्वयंसेवक इस उत्सव को मनाते हैं। कार्यक्रम में मंच पर नगर संघचालक वैध धर्मपाल जी और डॉ कमल कौशिक जी रहे। मुख्य शिक्षक बृजमोहन जी,गनगीत दिनेश जी ने बोला तथा एकल गीत सत्यवीर जी ने गाया, कार्यक्रम में यमुना नगर के स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में समय से उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन नगर कार्यवाह रणवीर जी किया।

## खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने छापामारी कर नगर पंचायत डुमरियागंज के दो दुकानों से भरे सैंपल

**सिद्धार्थनगर ।** खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने नवरात्रि के दौरान डुमरियागंज नगर पंचायत के कस्बे में स्थित कृष्णा स्वीट्स और पूजा स्वीट हाउस पर रविवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने छापामारी करते हुए सैंपल लिया। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी नरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि शिकायत मिलने पर रविवार को शहर के एचडीएफसी बैंक के सामने कृष्णा स्वीट्स और राप्ती नदी के पुल के पहले पूजा स्वीट हाउस का खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम के साथ निरीक्षण किया गया और दोनों दुकानों से मिठाइयों का सैंपल गुणवत्ता जांच के लिए लिया गया है जिसको प्रयोगशाला भेजा जायेगा। यदि सैंपल में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी सामने आई तो खाद्य प्रतिष्ठानों के संचालकों और दूकानदारों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। एहतियातन सामग्री को नष्ट करने के भी निर्देश जारी किए जायेंगे।

आवश्यकता है
JOB VACANCY
हिन्दी दैनिक स्वतंत्र प्रभात समाचार पत्र में काम करने हेतु, इच्छुक एवं अनुभवी लोगों की आवश्यकता है।
खबरों का सच्चा साथी, स्वतंत्र प्रभात
स्वतंत्र प्रभात के ऑनलाइन चैनल को काम करने हेतु अनुभवी लोगों की आवश्यकता है।
स्वतंत्र प्रभात
खबरों का सच्चा साथी
जिला एवं तहसील स्तर पर ब्यूरो चीफ, रिपोर्टर और विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता है। इच्छुक एवं अनुभवी व्यक्ति संपर्क करें।
अपना बायोडाटा भेजें
9511151254
आवाज उठाएं जुर्म के खिलाफ
www.swatantraprabhat.com